


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorchadaily.com लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित

जन-जन की आवाज़

लखनऊ | वर्ष : 05 | अंक : 92 | शुक्रवार, 15 मई 2026 | ज्येष्ठ कृष्णा त्रियोदशी विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 05 रुपया




### एक नजर



## आसनसोल की खदान में विस्फोट, 40 से अधिक मजदूर घायल

**आसनसोल।** पश्चिम बंगाल के आसनसोल में गुरुवार को एक खदान में हुए धमाके में 40 से अधिक मजदूर घायल हो गए। घायलों को अस्पताल ले जाया जा रहा है और बचाव अभियान जारी है। यह धमाका सीएल की कुनुस्त्रिया क्षेत्र स्थित पराशिया खदान में हुआ। इससे एक कोयला खदान ढह गई जिससे मजदूर घायल हो गए। यह घटना सुबह की शिफ्ट में खदान के सेक्शन नंबर 27 में हुई, जिसके बाद घायल मजदूरों को अस्पताल पहुंचाया गया। मीडियो रिपोर्ट के अनुसार मजदूर संघों ने इस दुर्घटना के लिए ईसीएल अधिकारियों की लापरवाही को जिम्मेदार ठहराया है। खनन श्रमिक संघ सीआईटीयू के सचिव धर्मदास मंडल ने बताया कि विस्फोट के समय सेक्शन 27 में 30 खनिक काम कर रहे थे। खदान मजदूर सुबह की शिफ्ट में कोयला खदान में काम करने गए थे। अभी तक एक मजदूर की मौत की खबर भी सामने आई है।

## 16 राज्यों और 3 केंद्रशासित प्रदेशों में SIR का ऐलान

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने बृहस्पतिवार को 16 राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में 30 मई से चरणबद्ध तरीके से मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) शुरू करने की घोषणा की। निर्वाचन आयोग ने एक बयान में कहा कि इस चरण में दिल्ली, ओडिशा, मिजोरम, सिक्किम, मणिपुर, उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, हरियाणा, चंडीगढ़, तेलंगाना, पंजाब, कर्नाटक, मेघालय, महाराष्ट्र, झारखंड, नागालैंड, त्रिपुरा, दादर और नगर हवेली तथा दमन और दीव में एसआईआर होगा। बयान में कहा गया कि हिमपात वाले क्षेत्रों हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में मौसम की स्थिति को ध्यान में रखते हुए एसआईआर का कार्यक्रम बाद में घोषित किया जाएगा।

## चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने बैठक में ही ट्रंप को धमकाया!

**नई दिल्ली।** बीजिंग में दुनिया की दो सबसे बड़ी ताकतों की मुलाकात के बीच माहौल अचानक तनावपूर्ण हो गया। जहां अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दोस्ती और शानदार भविष्य की बातें कर रहे थे, वहीं चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने साफ चेतावनी दे दी कि अगर ताइवान मुद्दे को गलत तरीके से संभाला गया तो अमेरिका और चीन के बीच टकराव हो सकता है। शानदार स्वागत, रेड कार्पेट और मुस्कुराहटों के पीछे दोनों देशों के बीच गहरा तनाव साफ दिखाई दिया। अब पूरी दुनिया की नजर इस हाई-स्टेक्स बैठक पर टिकी है।



न्यूज एजेंसी एएफपी की रिपोर्ट के अनुसार चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को चेतावनी दी कि अगर ताइवान के मुद्दे को सही तरीके से नहीं संभाला गया तो यह दोनों देशों को "संघर्ष" की तरफ धकेल सकता है। बीजिंग में गुरुवार को शुरू हुई इस अहम शिखर बैठक की शुरुआत में ही शी जिनपिंग का यह बयान सामने आया। इस बैठक में कई मुश्किल और संवेदनशील मुद्दों पर चर्चा हुई है। व्हाइट हाउस के अनुसार बीजिंग के भव्य "ग्रेट हॉल ऑफ द पीपल" में हुई यह बैठक खत्म हो चुकी है।

ट्रंप ने द्विपक्षीय बैठक से पहले उद्घाटन भाषण (ओपनिंग रिमार्क) में अपने मेजबान की खूब तारीफ की। उन्होंने शी जिनपिंग को "महान नेता" और "दोस्त" बताया। ट्रंप ने यह भी कहा कि दोनों देशों का "भविष्य शानदार" होगा। लेकिन ट्रंप के स्वागत में भव्य कार्यक्रम होने के बावजूद शी जिनपिंग का लहजा ज्यादा सख्त नजर आया।

## पीएम मोदी ने सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों का किया स्वागत
### वैश्विक संकट के बीच कई अहम मुद्दों पर बनी सहमति

**दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को ब्रिक्स देशों के शीर्ष राजनयिकों से मुलाकात की। ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों के महत्वपूर्ण सम्मेलन की यहां शुरुआत हुई। प्रधानमंत्री से संयुक्त रूप से मुलाकात करने वाले लोगों में रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव, ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची, ब्राजील के माउरो विएरा, इंडोनेशिया के सुगिओनो और दक्षिण अफ्रीका के रोनाल्ड लामोला शामिल थे।



यह सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है जब पश्चिम एशिया संकट विशेष रूप से अमेरिका और इजराइल के ईरान के खिलाफ युद्ध से ऊर्जा आपूर्ति में उत्पन्न भारी व्यवधानों के कारण वैश्विक आर्थिक प्रभावों को लेकर चिंताएं बढ़ रही हैं। समूह की अध्यक्षता कर रहे भारत ने सितंबर में होने वाले ब्रिक्स वार्षिक शिखर सम्मेलन से पहले विदेश मंत्रियों के दो दिवसीय सम्मेलन की मेजबानी की।

ब्रिक्स में शुरुआत में ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका शामिल थे। वर्ष 2024 में इसका विस्तार कर इसमें मिस्र, इथियोपिया, ईरान और संयुक्त अरब अमीरात को शामिल किया गया। वर्ष 2025 में इंडोनेशिया भी इस समूह का सदस्य बना।

# वीडी सतीशन होंगे केरल के नए मुख्यमंत्री, कांग्रेस ने किया ऐलान

**नई दिल्ली।** विधानसभा चुनाव नतीजों के बाद 10 दिनों की माथापच्ची करते हुए आखिरकार कांग्रेस ने केरल के मुख्यमंत्री के तौर पर वीडी सतीशन के नाम का ऐलान कर दिया है। वीडी सतीशन छह बार से केरल से विधायक रहे हैं। केरल के सीएम की रेस में वीडी सतीशन और कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल के बीच कड़ा मुकाबला था। दिल्ली में कांग्रेस मुख्यालय पर मुकुल वासनिक, दीपा दास मुंशी और अजय माकन ने गुरुवार को प्रेस कान्फ्रेंस कर ये घोषणा की। कोच्चि के पास नेत्तूर में जन्मे वीडी सतीशन का परिवार लंबे समय से कांग्रेस से जुड़ा है। वकील और सामाजिक कार्यकर्ता के बाद सतीशन ने केरल छात्र संघ के जरिये राजनीति में कदम रखा और कांग्रेस में अपनी पैठ मजबूत की। प्रखर प्रवक्ता और सड़क पर जुझारू राजनीति करने वाले सतीशन 2001 से परवूर विधानसभा सीट से विधायक हैं।



वीडी सतीशन केरल विधानसभा में नेता विपक्ष थे। केरल में भले ही कांग्रेस की अगुवाई वाली यूडीएफ ने किसी चेहरे पर चुनाव नहीं लड़ा गया हो, लेकिन पिछले 5 सालों में लेफ्ट फ्रंट के खिलाफ तमाम मुद्दों पर उन्होंने सड़क पर आंदोलनों की अगुवाई की है। उन्होंने एलडीएफ के खिलाफ जनता के खिलाफ नाराजगी को भुनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

सतीशन ने केरल विधानसभा चुनाव में खुद को पिनारयी विजयन के प्रमुख प्रतिद्वंद्वी के तौर पर पेश किया था। सतीशन समर्थकों का तर्क था कि इतने बड़े जनादेश के बाद उन्हें मुख्यमंत्री पद से वंचित करना जमीनी कार्यकर्ताओं का मनोबल गिराने वाला हो सकता है। सतीशन केरल के मध्यम वर्ग, सिविल सोसायटी और युवा कांग्रेस समर्थकों में काफी सक्रिय हैं। गुटबाजी से दूर उन्होंने पार्टी को एक मंच पर लाने और एलडीएफ को 10 साल बाद सत्ता से हटाने में अहम भूमिका निभाई है।

इंडियन मुस्लिम लीग के समर्थन से भी सतीशन का दावा काफी मजबूत हुआ है। मुस्लिम लीग यूडीएफ के प्रमुख सहयोगियों में से एक है। विधानसभा के भीतर भी सतीशन ने वाम मोर्चा के खिलाफ आक्रामक मोर्चा खोला। सतीशन पिछले 26 सालों से कोई चुनाव नहीं हारे हैं। मुख्यमंत्री पद के दूसरे दावेदार केसी वेणुगोपाल ने कहा है कि उन्हें आलाकमान का फैसला मंजूर है। वेणुगोपाल कांग्रेस संगठन महासचिव हैं और अलपुझा लोकसभा सीट से सांसद हैं। वेणुगोपाल के अलावा रमेश चेन्निथला का नाम भी दौड़ में है। कांग्रेस हाईकमान में केसी वेणुगोपाल का नाम भी चर्चा में था, लेकिन सतीशन का चेहरा पार्टी कार्यकर्ताओं, सहयोगियों और मतदाताओं के बीच कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ की केरल में हुई वापसी का प्रतीक बनकर उभरा।

## होर्मुज के पास भारतीय जहाज पर मिसाइल से हमला, नाराज भारत ने दे दी कड़ी चेतावनी

**नई दिल्ली।** भारत ने बुधवार को ओमान के तट पर भारतीय झंडे वाले जहाज पर हुए हमले की कड़े शब्दों में निंदा की है। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान जारी कर रहा कि ऐसे हमलों को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। विदेश मंत्रालय के आधिकारिक बयान अनुसार, बुधवार (13 मई) को ओमान के तट पर भारतीय झंडे वाले जहाज पर हुआ हमला किसी भी हालत में मंजूर नहीं है। हम इस बात की निंदा करते हैं कि व्यावसायिक जहाजों और आम नाविकों को लगातार निशाना बनाया जा रहा है।

इसके साथ ही विदेश मंत्रालय ने सभी भारतीय चालक दल के सुरक्षित होने की पुष्टि करते हुए ओमानी अधिकारियों का आभार जताया। लिखा कि जहाज पर सवार भारतीय क्रू सुरक्षित हैं और हम उन्हें बचाने के लिए ओमानी अधिकारियों को धन्यवाद देते हैं। अंत में एक बार फिर इस कृत्य की आलोचना करते हुए कहा गया कि भारत फिर से कहता है कि कमर्शियल शिपिंग को निशाना बनाने और बेगुनाह आम क्रू सदस्यों को खतरे में डालने, या किसी और



तरह से नौवहन और कॉमर्स की आजादी में रुकावट डालने से बचने की जरूरत है। ईरान जंग के बीच होर्मुज स्ट्रेट में ओमान तट के पास गुजरात का यह मालवाहक जहाज डूब गया था। 'हाजी अली' नाम का जहाज 13 मई की सुबह ओमान के समुद्री क्षेत्र से गुजर रहा था, तभी उससे कोई ड्रोन या मिसाइल जैसा हथियार टकरा गया। हादसे के बाद जहाज में आग लग गई, हालांकि ओमान कोस्टगार्ड ने सभी 14 क्रू मेंबर्स को सुरक्षित बचा लिया।

कुछ रिपोर्ट्स के अनुसार, 13 मई की सुबह गुजरात के द्वारका निवासी और जहाज मालिक सुलतान अहमद अंसार के एमएसवी हाजी अली जहाज पानी में डूब गया। यह जहाज बेरबेरा पोर्ट से शारजाह जा रहा था।

सुबह करीब 3:30 बजे ओमान के समुद्री तट के पास जहाज हादसे का शिकार हुआ। चालक दल ने बाद में बताया कि जहाज से किसी विस्फोटक जैसी चीज के टकराने की आवाज सुनाई दी थी। इसके बाद जहाज में आग लग गई।

हालात बिगड़ते देख 14 क्रू मेंबर्स ने लाइफ बोट पहनी और जहाज छोड़ा। इस दौरान ओमानी अधिकारियों ने आगे बढ़कर भारतीय दल की मदद की।

## खर्च में कटौती-गिरते रुपये पर शरद पवार ने जताई चिंता
### केंद्र सरकार पर साधा निशाना, लगाए लापरवाही के आरोप

**पुणे।** शरद पवार ने गिरते रुपये और सरकार के देरी से लिए गए फैसलों पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान सरकार गंभीर नहीं थी। पवार ने मंत्रियों के सादगी भरे दिखावे पर तंज कसा और नीट पेपर लीक को सरकारी व्यवस्था की विफलता बताया।

पुणे में एक मीडिया वार्ता के दौरान एनसीपी (एसपी) प्रमुख शरद पवार ने देश की आर्थिक स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने गिरते रुपये और सरकार के फिजूलखर्ची रोकने के कदमों पर अपनी बात रखी। पवार ने कहा, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले



रुपया गिरकर 95.73 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया है। यह स्थिति देश की अर्थव्यवस्था के लिए बहुत चुनौतीपूर्ण है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में पश्चिम एशिया में जारी तनाव को देखते हुए लोगों से ईंधन बचाने और खर्चों में कटौती करने की अपील की थी। शरद पवार ने कहा कि प्रधानमंत्री की इस बात को गंभीरता से लिया जाना चाहिए क्योंकि उन्होंने संकेत दिया है कि इसका अर्थव्यवस्था पर बुरा असर पड़ेगा। हालांकि, पवार ने सरकार की कार्यशैली पर सवाल भी उठाए। उन्होंने कहा कि जब चार राज्यों में विधानसभा चुनाव चल रहे थे, तब केंद्र सरकार ने इस संकट को गंभीरता से नहीं लिया। पवार के अनुसार, चुनाव के दौरान देश के नेतृत्व ने ऐसी कोई गंभीरता नहीं दिखाई। उन्होंने जनता से सरकार का सहयोग करने को कहा, लेकिन साथ ही यह भी पूछा कि ये घोषणाएं पहले क्यों नहीं की गईं?

## शांति की उम्मीद धराशायी: रूस ने यूक्रेन पर दागे 800 ड्रोन, छह लोगों की मौत

**कीव।** शांति की मेज पर दावों की बिसात बिछी है, लेकिन जमीन पर रूस के 800 ड्रोन मौत का तांडव मचा रहे हैं। जब तक कूटनीति और जमीनी हकीकत एक धरातल पर नहीं आते, तब तक शांति केवल एक भ्रम बनी रहेगी। रूस ने एक बार फिर यूक्रेन के कई इलाकों में ड्रोन हमले किए हैं।

रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध में बुधवार का दिन बेहद खौफनाक रहा। एक तरफ मॉस्को में शांति की चर्चाएं हो रही हैं, तो दूसरी तरफ रूस ने यूक्रेन पर करीब 800 ड्रोन्स से हमला बोल दिया। इस भीषण हमले में अब तक छह लोगों की मौत हो चुकी है। दर्जनों लोग घायल हुए हैं, जिनमें मासूम बच्चे



भी शामिल हैं। राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने इसे युद्ध के सबसे बड़े हमलों में से एक बताया है। यह हमला बुधवार सुबह शुरू हुआ जो कई घंटों तक जारी रहा। रूसी ड्रोन ने राजधानी कीव समेत पश्चिमी शहर ल्वीव और ओडेसा बंदरगाह को निशाना बनाया। जेलेंस्की के मुताबिक, रूस का स्पष्ट लक्ष्य यूक्रेन की एयर डिफेंस प्रणाली को खत्म करना है। उन्होंने दावा किया कि ड्रोन हमलों के बाद अब रूस क्रूज और बैलिस्टिक मिसाइलों से बड़ा हमला कर सकता है।

## ससुर अरविंद सिंह बिष्ट ने दी प्रतीक यादव को मुखाग्नि

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के संस्थापक मुलायम सिंह यादव के छोटे बेटे और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के सौतेले भाई प्रतीक यादव के पार्थिव शरीर का बृहस्पतिवार को लखनऊ के 'बैकुंठ धाम' में अंतिम संस्कार कर दिया गया। उनके ससुर अरविंद सिंह बिष्ट ने उन्हें मुखाग्नि दी। प्रतीक यादव का 38 वर्ष की उम्र में बुधवार सुबह हृदय और फेफड़ों से जुड़ी बीमारियों के कारण बीमार पड़ने के बाद निधन हो गया था।

उन्हें तबीयत खराब होने पर राजधानी के सिविल अस्पताल लाया गया था, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था। प्रतीक के पार्थिव शरीर की अंतिम यात्रा विक्रमादित्य मार्ग स्थित उनके आवास से शुरू हुई। सपा के वरिष्ठ



नेता शिवपाल सिंह यादव के बेटे आदित्य यादव ने अर्थी को कंधा दिया। इस दौरान प्रतीक की पत्नी और भाजपा की नेता एवं राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव, उनकी बेटियों प्रथमा तथा पद्मजा तथा अन्य रिश्तेदारों ने उन्हें अश्रुपूर्ण विदाई दी। अपर्णा अपनी दोनों बेटियों तथा जूना अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि के साथ श्मशान घाट पहुंचीं। पुरोहित महेन्द्र शर्मा ने बताया कि निर्धारित प्रक्रिया के बाद प्रतीक के ससुर अरविंद सिंह बिष्ट ने उनकी चिता को मुखाग्नि दी। इस दौरान वह बेहद भावुक हो गये और अपने आंसू नहीं रोक सके। प्रतीक के पार्थिव शरीर को कुछ समय के लिए रास्ते में सपा के कार्यालय में भी रखा गया।

## दिल्ली के सरकारी दफ्तरों में हफ्ते में दो दिन होगा वर्क फ्रॉम होम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ईंधन बचत की अपील के बाद दिल्ली सरकार ने बड़ा फैसला किया है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने ऐलान किया है कि राजधानी के सरकारी दफ्तरों में हफ्ते में दो दिन का वर्क फ्रॉम होम कराया जाएगा। वहीं सरकार प्राइवेट कंपनियों से भी दो दिन के वर्क फ्रॉम होम की अपील करेगी। सीएम ने कहा है कि सरकार पेट्रोल-डीजल बचाने के लिए सरकारी और प्राइवेट दोनों स्तरों पर काम कर रही है। इसके लिए 'मेरा भारत मेरा योगदान' स्कीम शुरू की गई है।

सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि पीएम मोदी ने देश के हर नागरिक से जो अपील की है वह देशहित में की है। इसके लिए हमने कुछ प्लान बनाया है। पेट्रोल और



डीजल की बचत हो , इसके लिए हमने सरकारी और प्राइवेट दोनों लेवल पर काम किया है। अब सरकारी दफ्तरों में हर सप्ताह 2 दिन वर्क फ्रॉम होम होगा। वहीं प्राइवेटकंपनियों से भी 2 दिन वर्क फ्रॉम होम के लिए कहा जाएगा।

सीएम ने कहा कि दिल्ली के सरकारी अधिकारियों को जो पेट्रोल और डीजल की मिलता था उसमें 20 फीसदी की कटौती की जाएगी। हर सोमवार को मंडे मेट्रो के तौर पर काम करेंगे। यानी अफसर और कर्मचारी मेट्रो से दफ्तर आएंगे।

**बंदिश** घरेलू उपलब्धता बढ़ाने और कीमतों को नियंत्रित करने के लिए उठाया यह कदम

## भारत ने चीनी एक्सपोर्ट पर लगाई रोक, 30 सितंबर तक रहेगा प्रतिबंध

**दिल्ली।** देश ने चीनी के निर्यात पर 30 सितंबर तक तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। घरेलू उपलब्धता बढ़ाने और कीमतों को नियंत्रित करने के लिए यह कदम उठाया गया है। सरकारी अधिसूचना में यह जानकारी दी गयी है। इससे पहले चीनी निर्यात प्रतिबंधित श्रेणी में आता था जिसका निर्यात करने के लिए लाइसेंस की आवश्यकता होती थी।

विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने 13 मई को जारी अधिसूचना में कहा, ''चीनी (कच्ची चीनी, सफेद चीनी एवं परिष्कृत चीनी) की निर्यात नीति को तत्काल प्रभाव से 30 सितंबर, 2026 तक या अगले आदेश तक (जो भी पहले हो) ''प्रतिबंधित'' से ''निषिद्ध'' कर दिया गया



है।'' यह आदेश हालांकि, क्रमशः सीएक्सएल और शुल्क दर कोटा (टीआरक्यू) व्यवस्था के तहत यूरोपीय संघ और अमेरिका को निर्यात की जाने वाली चीनी पर लागू नहीं होगा। इन व्यवस्थाओं के तहत निर्यातकों को निर्धारित मात्रा में चीनी को इन गंतव्यों पर काफी कम या शून्य सीमा शुल्क पर भेजने की अनुमति मिलती है। विदेश व्यापार महानिदेशालय का यह आदेश अग्रिम प्राधिकरण योजना, सरकार-से-सरकार निर्यात और उन खेपों पर लागू नहीं होगा जो पहले से भौतिक निर्यात प्रक्रिया में हैं। चीनी विपणन वर्ष 2025-26 (अक्टूबर से सितंबर) के लिए खाद्य मंत्रालय ने शुरुआत में 15 लाख टन निर्यात की अनुमति दी थी। फिर 5,00,000 टन का अतिरिक्त कोटा खोला गया जिसमें से केवल 87,587 टन को मंजूरी दी गई। इस प्रकार कुल मिलाकर लगभग 16 लाख टन चीनी निर्यात की अनुमति दी गई। खाद्य मंत्रालय और चीनी मिलों को उम्मीद थी कि समूचे 2025-26 विपणन वर्ष में 7.5-8 लाख टन का निर्यात होगा। भारतीय चीनी एवं जैव-ऊर्जा विनिर्माता संघ' (इस्मा) के अनुसार, भारत का चीनी उत्पादन 2025-26 विपणन सत्र में अप्रैल तक 7.32 प्रतिशत बढ़कर 2.752 करोड़ टन हो गया। इसकी मुख्य वजह महाराष्ट्र और कर्नाटक में अधिक उत्पादन रहा। इस्मा ने अनुमान लगाया है कि एथनॉल में रूपांतरण के बाद 2025-26 सत्र में कुल उत्पादन 2.93 करोड़ टन रहेगा, जो 2024-25 के 2.612 करोड़ टन से अधिक है।

## आंधी-तूफान से हुई मौतों पर मृतकों के परिवारों दिया जाए उचित मुआवजा: अखिलेश यादव

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने प्रदेश में आए भीषण आंधी-तूफान से हुई जनहानि पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि भदोही, फतेहपुर, सोनभद्र, बदायूं समेत प्रदेश के कई जिलों में तेज आंधी और तूफान के कारण 54 लोगों की मौत हो गई, जबकि घर, पेड़ और दीवारें गिरने से लाखों लोग प्रभावित हुए हैं।

सपा अध्यक्ष ने सरकार से मांग की कि राहत और बचाव कार्य युद्धस्तर पर चलाया जाए। उन्होंने कहा कि घायलों के लिए बेहतर और मुफ्त इलाज की तत्काल व्यवस्था की जाए तथा प्रभावित इलाकों में शीघ्र खाना-पानी उपलब्ध कराया जाए। साथ ही जिन लोगों के घर क्षतिग्रस्त हुए हैं, उनके लिए अस्थायी रहने की



व्यवस्था सुनिश्चित करने की भी मांग की।

यादव ने कहा कि मृतकों का सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार कराया जाए और आपदा में हुए जानमाल, फसल तथा वाहनों के नुकसान का जल्द आकलन कर प्रभावित परिवारों को बीमा राशि और उचित मुआवजा दिया जाए। उन्होंने समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं से भी अपील की कि जो लोग इस आपदा से अप्रभावित हैं, वे पीड़ित परिवारों की हरसंभव सहायता के लिए आगे आएं।

## एक नजर

### ट्रक चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**बदायूं।** कोतवाली उझानी निवासी गांव नना खेड़ा निवासी जीनेश 18 पुत्र तोती राम का शव गांव के बाहर शीशम के पेड़ पर . लटका मिला है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा है। घटना की जानकारी परिजनों को बकरी चरा रहे गांव के बच्चों ने दी, उन्होंने गांव में आकर बताया कि कोई पेड़ पर लटका हुआ है। परिजनों ने कछला पुलिस सूचना को दी। मौके पर पहुंची चौकी पुलिस ने शव को पेड़ से नीचे उतारा और पंचनामा भर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा है। बताया जा रहा है कि युवक युवक अपने घर से कल रात से गायब था, मृतक के तेहेरे चाचा रघुवीर ने बताया कि कल रघुवीर की बहन की बरात जिला कासगंज के गांव भैंसोरा सेआई थी। बताया जा रहा है कि मृतक जीनेश ने बारात को खाना खिलवाया रात में और बारात की अच्छे से खातिरदारी भी की, उसके बाद से वह गायब हो गया। उसके चाचा रघुवीर ने बताया कि उसका किसी से कोई झगड़ा नहीं हुआ था न परिवार में न आसपड़ोस में और न ही किसी रिश्तेदारी में कोई झगड़ा नहीं हुआ था। वह। ट्रक चलाता था। मौत से परिवार वालों का रोरो कर बुरा हाल है।

# पहले लगाए त्रिशूल व डमरू वाले पोल, अब खुद ही उखाड़ रहा नगर निगम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** शहर की सबसे चर्चित और करोड़ों रुपये की नाथ कॉरिडोर परियोजना अब सवालों के घेरे में आ गई है। जिन त्रिशूल और डमरू डिजाइन वाले पोलों को कुछ महीने पहले शहर की नई सांस्कृतिक पहचान बताकर लगाया गया था, अब उन्हीं पोलों को नगर निगम खुद उखाड़ रहा है। कुदेशिया पुल से जीआरएम स्कूल मार्ग तक सड़क चौड़ीकरण के नाम पर चल रही तोड़फोड़ ने लोगों में भारी नाराजगी पैदा कर दी है। महंगी टाइल्स तोड़ी जा रही हैं, सजावटी पोल हटाए जा रहे हैं। पूरा इलाका खुदाई व मलबे में तब्दील होता दिखाई दे रहा है।

नाथ कॉरिडोर परियोजना को बड़े स्तर पर धार्मिक पर्यटन और शहर के सौंदर्यीकरण से जोड़कर पेश किया गया था।

### नाथ कॉरिडोर को बना डाला तोड़फोड़ कॉरिडोर




करीब 232 करोड़ रुपये की लागत से शहर के सात प्रमुख शिव मंदिरों को जोड़ने की योजना बनाई गई थी। इसी के तहत सड़कों पर भगवान शिव के प्रतीक त्रिशूल और डमरू थीम वाली एलईडी लाइटें लगाई गई थीं। अधिकारियों ने इसे बरेली की सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक बताया था, लेकिन अब वही पोल सड़क चौड़ीकरण की जद में आ गए हैं।

### विकास के नाम पर फिर सरकारी धन की बर्बादी

स्थानीय व्यापारियों और राहगीरों का कहना है कि यदि सड़क चौड़ीकरण की योजना पहले से तय थी तो फिर करोड़ों रुपये खर्च कर सौंदर्यीकरण क्यों कराया गया। लोगों का आरोप है कि विभागों के बीच तालमेल की भारी कमी है, जिसका खामियाजा सरकारी खजाने को भुगतना पड़ रहा है। कई जगहों पर नई टाइल्स उखाड़ी जा रही हैं और हाल ही में लगाए गए पोल हटाए जा रहे हैं। इससे लोगों में यह चर्चा तेज हो गई है कि योजनाएं बिना समन्वय के बनाई जा रही हैं। सीएम ग्रिड योजना के तहत कुदेशिया पुल से जीआरएम स्कूल मार्ग तक सड़क चौड़ीकरण का काम तेजी से चल रहा है। सड़क किनारे लगी संरचनाएं हटाई जा रही हैं। नगर निगम और कार्यदायी संस्था की मशीनें लगातार खुदाई में जुटी हैं। इसके चलते इलाके में धूल, जाम और अव्यवस्था का माहौल बना हुआ है।

नगर निगम के मुख्य अभियंता मनीष अवस्थी का कहना है कि शहर में बढ़ते ट्रैफिक दबाव को देखते हुए सड़क चौड़ीकरण बेहद जरूरी है। बेहतर कनेक्टिविटी और जाम से राहत देने के लिए कई स्थानों पर पुराने ढांचे और बिजली पोल हटाए जा रहे हैं। उनका कहना है कि मुख्य उद्देश्य सड़क की चौड़ाई बढ़ाकर भविष्य की जरूरतों को पूरा करना है। नाथ कॉरिडोर की यह तस्वीर अब शहर में नई बहस छेड़ रही है। लोग सवाल उठा रहे हैं कि क्या करोड़ों रुपये की परियोजनाएं बिना भविष्य की योजना देखे बनाई जा रही हैं? कुछ महीने पहले जिस कॉरिडोर को शहर का गौरव बताया गया था, आज वही जगह तोड़फोड़ और अव्यवस्था का प्रतीक बनती दिखाई दे रही है।

# जिला अस्पताल में एनक्वास टीम का निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** जिला अस्पताल में गुरुवार को नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड (एनक्वास) की टीम के पहुंचते ही स्वास्थ्य विभाग में हलचल मच गई। टीम ने अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं, साफ-सफाई, मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं और सुरक्षा व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया। सुबह से शुरू हुआ यह निरीक्षण कई घंटों तक चला, जिसमें अस्पताल के लगभग सभी प्रमुख विभागों की कार्यप्रणाली को बारीकी से परखा गया। निरीक्षण के दौरान मिली छोटी-मोटी खामियों को लेकर अधिकारियों को फटकार भी लगी और तय समय में सुधार के निर्देश दिए गए।

एनक्वास टीम ने सबसे पहले ओपीडी व्यवस्था का निरीक्षण किया। यहां मरीजों की पर्ची व्यवस्था, डॉक्टरों की उपलब्धता और मरीजों की भीड़ प्रबंधन को देखा गया। इसके बाद टीम बच्चा वार्ड, एनआरसी, आईपीडी, इमरजेंसी और पुराने परिसर के वार्डों में पहुंची। मरीजों से बातचीत कर इलाज, दवा और सुविधाओं की जानकारी ली गई। कई मरीजों से साफ-सफाई और स्टाफ के व्यवहार को लेकर भी फीडबैक लिया गया।

### ओपीडी से ऑपरेशन थिएटर तक परखी व्यवस्थाएं, दिए ये निर्देश



#### ऑपरेशन थिएटर और पैथोलॉजी में रिकॉर्ड खंगाले

टीम ने ऑपरेशन थिएटर, रेडियोलॉजी और पैथोलॉजी विभाग का भी निरीक्षण किया। यहां उपकरणों की कार्यस्थिति, जांच रिपोर्टों का रिकॉर्ड, दवा स्टॉक और संक्रमण नियंत्रण व्यवस्था को परखा गया। कर्मचारियों से पूछताछ कर यह भी देखा गया कि विभागों में निर्धारित मानकों का पालन हो रहा है या नहीं। निरीक्षण के दौरान रिकॉर्ड संधारण और दस्तावेजों की जांच भी की गई।

#### साफ-सफाई सुरक्षा व्यवस्था पर जोर

निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर की साफ-सफाई, बायो मेडिकल वेस्ट निस्तारण और अग्निशमन उपकरणों की स्थिति पर विशेष ध्यान दिया गया। कई जगह अग्निशमन उपकरणों की नियमित जांच और कुछ व्यवस्थाओं में सुधार की जरूरत सामने आई। टीम ने पर्चा काउंटर और दवा वितरण केंद्रों की व्यवस्था को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। अस्पताल प्रशासन ने दावा किया कि जिला अस्पताल को एनक्वास मानकों के अनुरूप तैयार करने के लिए लगातार काम किया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए व्यवस्थाओं में लगातार सुधार किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान विभागाध्यक्ष डॉक्टर और संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# आंधी में टिनशेड के साथ 50 फीट हवा में उड़ गया युवक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** भीषण आंधी ने ऐसा खौफनाक मंजर पैदा कर दिया, जिसे देखकर लोगों की रूह कांप गई। भमोरा थाना क्षेत्र में तेज हवा के बीच एक बारातघर का टिनशेड अचानक आसमान में उड़ गया। टिनशेड को पकड़े खड़ा युवक भी उसके साथ हवा में लटक गया और देखते ही देखते करीब 50 फीट ऊपर पहुंच गया। कुछ सेकंड तक वह हवा में झूलता रहा, फिर दूर खेत में जा गिरा। इस दिल दहला देने वाली घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

घटना भमोरा क्षेत्र के गांव बबियाना की है। यहां करीब 50 वर्षीय नन्हें अंसारी गांव में बने एक बारातघर में खड़े थे। बुधवार दोपहर अचानक



मौसम बदला और तेज तूफानी हवाएं चलने लगीं। बारातघर का टिनशेड हिलने लगा तो नन्हें उसे संभालने के लिए उसमें बंधी रस्सी पकड़कर खड़े हो गए। लेकिन अगले ही पल तेज हवा ने पूरा टिनशेड उखाड़ दिया और नन्हें भी उसके साथ हवा में उड़ गए। स्थानीय लोगों के मुताबिक नन्हें कुछ सेकंड तक हवा में लटके रहे। आसपास मौजूद लोग चीखते-चिल्लाते रह गए, लेकिन कोई कुछ समझ पाता उससे पहले ही वह करीब 80 फीट दूर खेत में जा गिरे। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

#### सोशल मीडिया पर मचा हड़कंप

घटना के दौरान वहां मौजूद एक युवक ने पूरा मंजर मोबाइल कैमरे में रिकॉर्ड कर लिया। वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि तेज हवा टिनशेड को उड़ाकर ले जाती है और उसके साथ एक व्यक्ति भी हवा में लटका नजर आता है। वीडियो वायरल होने के बाद लोग इसे मौत का तूफान बता रहे हैं। सोशल मीडिया पर लोग लगातार इस वीडियो को शेयर कर रहे हैं। हादसे में नन्हें अंसारी गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके एक हाथ में फ्रैक्चर हुआ है और शरीर पर भी चोटें आई हैं। आसपास के लोगों ने तुरंत उन्हें अस्पताल पहुंचाया। नन्हें ने बताया कि उन्हें अंदाजा ही नहीं था कि आंधी इतनी भयानक हो जाएगी। उन्होंने कहा कि अचानक टिनशेड ऊपर उठने लगा और वह खुद भी हवा में चले गए। रस्सी छूटने के बाद वह खेत में जा गिरे।

#### पुलिस ने की घटना की पुष्टि

भमोरा थाना पुलिस ने घटना की पुष्टि की है। पुलिस के मुताबिक 13 मई को आई तेज आंधी के दौरान बारातघर का टिनशेड उड़ गया था। नन्हें अंसारी रस्सी पकड़े हुए थे, जिससे वह भी हवा में उठकर दूर खेत में जा गिरे। फिलहाल उनका इलाज चल रहा है। बरेली में बुधवार को करीब 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली आंधी ने भारी तबाही मचाई। जिलेभर में पेड़, बिजली के खंभे और टिनशेड उड़ गए। कई इलाकों में बिजली व्यवस्था ठप हो गई। मौसम विभाग ने अगले दो दिन तक तेज हवा और बारिश का अलर्ट जारी किया है।

# आंधी के साथ तूफान के बाद बिजली गुल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** जिले में आई तेज आंधी ने कहर वरपाया। 20घंटे बाद भी जिले के कई इलाकों में बिजली सप्लाई चालू नहीं हो सकी। बुधवार को डंपर चालक समेत पांच लोगों की अलग-अलग हादसों में जान चली गई, जबकि दर्जन भर से अधिक लोग गंभीर घायल हो गए। एक के बाद एक हादसे की सूचना पर बिसौली समेत फैजगंज बेहटा थाना पुलिस दौड़ती रही। पुलिस ने सभी शव पोस्टमार्टम को जिला मुख्यालय को भेजे हैं। आंधी से हुई इस तबाही के बाद हाईवे से लेकर गांव तक कोहराम मच गया। पुलिस ने सड़कों से पेड़ों को हटवाकर यातायात सुचारू कराया है।

#### हादसा नंबर- 1

बिसौली। पहला हादसा बिसौली कोतवाली क्षेत्र के रानेट पुल के पास हुआ। यहां आंधी के समय पेड़ चलते डंपर पर जा गिरा जिसमें चालक राजस्थान के रहने वाले चालक योगेश की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा है साथ ही परिवार के लोगों को हादसे की सूचना दी है। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोग घटनास्थल पर एकत्र हो गए। पुलिस ने डंपर को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारू कराया। वहीं पेड़ को भी हटवाया गया है।

#### हादसा नंबर -2

**ओरछी।** दूसरा हादसा फैजगंज बेहटा थाना क्षेत्र के गांव तरक परौली व खेड़ादास गांव के पास हुआ। थाना फ़ैजगंज बेहटा क्षेत्र में बुधवार को अचानक आए तेज आंधी-तूफान ने बड़ा हादसा हो गया। ग्राम तरकपरोली के खेतों में काम कर रहे करीब 10 से 12 लोग बारिश और तेज हवाओं से बचने के लिए एक ट्यूबवेल की कोठरी में जाकर खड़े हो गए, तभी कोठरी के पास खड़ा एक विशाल पेड़ जड़ से उखड़कर सीधे कोठरी पर आ गिरा। हादसे में कोठरी की छत भरभराकर ढह गई और अंदर मौजूद लोग मलबे व टहनियों के नीचे दब गए। इस दर्दनाक हादसे में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हो गए। पेड़ गिरते ही कोठरी की छत टूट गई और अंदर मौजूद लोगों में चीख-पुकार मच गई। हादसे की आवाज सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे लोग और ग्रामीण मौके की ओर दौड़ पड़े। ग्रामीणों ने तत्काल राहत कार्य शुरू किया और मलबे में दबे लोगों को बाहर निकालना शुरू किया। बताया जा रहा है कि हादसे में करीब पांच लोग गंभीर रूप से दब गए थे। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद सभी को बाहर निकाला, लेकिन लक्ष्मी (40) पत्नी अमर सिंह निवासी ग्राम तरकपरोली की मौके पर ही मौत हो गई। उनकी मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मृतका अपने पीछे चार बेटियों को छोड़ गई हैं, जिनमें से एक बेटी की शादी हो चुकी है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### दोपहर में आई आंधी में पेड़ गिरा भैंस की मौत

**दातागंज।** तहसील के समार ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले ग्राम प्रहलादपुर थाना मूसा झाग में आज आंधी इतनी तेज दोपहर में आई जिसमें पीपल का पेड़ के नीचे बंदी सुरेंद्र पाल कश्यप पुत्र पुत्तूलाल निवासी पहलादपुर की भैंस बंधी थी अचानक पेड़ गिरने से भैंस उसकी चपेट में आ गई और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सुरेंद्र पाल बेहद गरीब है और कृषक मजदूर है अचानक हुए हादसे से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है गनीमत यह रही की कोई जन हानि नहीं हुई।

# कार्यकत्रियों को स्व-गणना प्रशिक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बहेड़ी।** तहसील परिसर सभागार में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के लिए स्व-गणना प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को स्व-गणना प्रक्रिया के प्रति जागरूक करना तथा सही जानकारी उपलब्ध कराना रहा।कार्यक्रम में एसडीएम इशिता किशोर एवं तहसीलदार भानू प्रताप सिंह मौजूद रहे। अधिकारियों ने आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को स्व-गणना के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी और कहा कि सही आंकड़े किसी भी योजना के सफल संचालन की आधारशिला होते हैं।

एसडीएम इशिता किशोर ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ सही पात्रों तक पहुंचाने के लिए गणना प्रक्रिया का सही और पारदर्शी होना बेहद आवश्यक है। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि वे अपने क्षेत्र में लोगों को भी जागरूक करें और अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित कराएं। इस दौरान उपस्थित आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों ने प्रशिक्षण में रुचि लेते हुए विभिन्न विषयों पर जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना से मुख्य सेविका राजकुमारी, केशलता गंगवार, स्वाति गंगवार, सुनीता गंगवार, कौशिकी शर्मा, तथा विभागीय कर्मचारी व अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।



कार्यक्रम में शामिल एसडीएम तथा तहसीलदार। -जागरण मोर्चा

▶ एसडीएम इशिता किशोर व तहसीलदार भानू प्रताप सिंह ने कार्यक्रम में किया प्रतिभाग

# 23 को होगा क्वीन बॉल का आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** बरेली क्लब लिमिटेड प्रतिष्ठित 3 दशक पुराने सिग्नेचर इवेंट में क्वीन बॉल का आयोजन 23 मई शनिवार रात 8:30 बजे किया जाएगा। यह भव्य कार्यक्रम पिछले तीन दशकों से अत्यंत प्रतीक्षित सिग्नेचर समारोह रहा है। जिसने प्रियंका चोपड़ा को मिस वर्ल्ड खिताब जीतने की यात्रा पर भेजकर अपार लोकप्रियता हासिल की थी।

16 से 25 वर्ष की अविवाहित लड़कियां इस प्रतिष्ठित सौंदर्य एवं प्रतिभा प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आमंत्रित हैं। प्रवेश फॉर्म अब कार्यालय समय सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक उपलब्ध है। फॉर्म प्रतिभागी के अपने हाथ से भरा जाना चाहिए। पूर्ण भरे गए फॉर्म पर प्रतिभागी तथा उसके माता-पिता/अभिभावक के हस्ताक्षर होने चाहिए। प्रत्येक प्रवेश फॉर्म पर बरेली क्लब लिमिटेड के किसी सदस्य की अनुशंसा आवश्यक है। प्रवेश फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 18 मई तक है। चयनित उम्मीदवारों का ऑडिशन होगा, इसके बाद मिसेज इंडिया वर्ल्डवाइड श्रीमती अमन गरेवाल के विशेष मार्गदर्शन में प्रोफेशनल ग्रूमिंग एवं ट्रेनिंग सत्र आयोजित किए जाएंगे। फिनाले में चार अलग-अलग श्रेणियों में स्टेज परफॉर्मेंस के राउंड होंगे। प्रसिद्ध एवं अनुभवी जजेस में तथा रनर-अप का चयन करेंगे। इस भव्य शाम को वरिष्ठ नौकरशाह, वरिष्ठ सेना अधिकारी अपने परिवारों सहित, क्लब सदस्य एवं उनके परिवार उपस्थित रहेंगे। दर्शकों का मनोरंजन प्रसिद्ध डांस ट्रुप, गायकों तथा अन्य स्टेज कलाकारों द्वारा किया जाएगा।

# ब्लॉक प्रमुख निधि से शौचालय का उद्घाटन



जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिसौली।** संविलयन विद्यालय बंजरिया में ब्लाक प्रमुख निधि से निर्मित शौचालय का उद्धघाटन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा मॉ सरस्वती के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित व दीप प्रज्जवलित कर किया। विद्यालय स्टाफ ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया व स्मृति चिन्ह भेंट किये।

स्कूली बच्चों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, देश गीत, शिक्षा गीत आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख आसफपुर ओम किशन ने विद्यालय की प्रशंसा करते हुए कहा कि बंजरिया विद्यालय के विकास के लिए मेरा पूरा सहयोग रहेगा। ओम किशन ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को प्रतिदिन स्कूल भेजें तथा डीवीटी की धनराशि का उपयोग ड्रेस, वैग, जूता, मोजा, स्वेटर, कापी आदि क्रय करने में करें। प्रदेश अध्यक्ष शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन मनोज कुमार सिंह ने विद्यालय में संचालित शासन की योजनाओं के बारें में अभिभावको को विस्तार से जानकारी दी व सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर सुचिका वार्ष्णेय, सरस्वती, सरोज कुमारी, अवधेश, शालिनी, माला देवी, जलधारा, गुड्डो, रूपवती आदि मौजूद रहे।



क्षेत्र वासियों से चर्चा करते हुए समाजसेवी आदेश भढाना। -जागरण मोर्चा

# आदेश भढाना ने क्षेत्र का भ्रमण कर की राजनीति चर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** समाजसेवी आदेश भढाना नए क्षेत्र में भ्रमण करके क्षेत्र वासियों से क्षेत्र की समस्याओं एवं राजनीति के विषय में चर्चा कर उनके साथ समय बिताया।

गुरुवार को ग्रेटर नोएडा के समाजसेवी आदेश भढाना ने अपनी टीम के साथ हसनपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम छपरा नवाबपुरा तरौली चंदनपुर फूलपुर आदि गांव का तूफानी द्वारा कर क्षेत्र वासियों के साथ वार्ता की और उनकी समस्याओं के विषय में विस्तार से जानकारी कर प्रदेश की राजनीति को लेकर चर्चा भी की। समाजसेवी आदेश भढाना ने बताया कि वह क्षेत्र में सेवा के भाव से आए हैं और उनका एक उपदेश है कि क्षेत्र की जनता के दुख दर्द में उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहे और उनकी समस्याओं का समाधान कारण। इस मौके पर यशवीर नागर,भोला, करतार सिंह भडाना, मोहित भाटी, सोनू नगर आदि मौजूद रहे।

# सिफारिश करते रहे भाजपा नेता, जेल गया सट्टा-हवाला किंग ओमेंद्र यादव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** आईपीएल सट्टेबाजी, हवाला और करोड़ों के काले ट्रांजेक्शन के खेल में गिरफ्तार हुआ फरीदपुर का ओमेंद्र यादव अब पुलिस की गिरफ्त से सीधे जेल पहुंच चुका है। बदायूं से लेकर बरेली और फरीदपुर तक कई भाजपा नेताओं ने उसे बचाने के लिए पुलिस और अफसरों पर दबाव बनाने की कोशिश की, लेकिन ईमानदार और तेजतर्रार एसएसपी अनुराग आर्य के सामने इस बार किसी की एक नहीं चली। एसएसपी ने स्पष्ट कहा कि सट्टेबाजी और हवाला के खेल में शामिल किसी भी चेहरे को बख्शा नहीं जाएगा।

ओमेंद्र की गिरफ्तारी के बाद अब बरेली के बड़े सट्टेबाज भूमिगत हो गए हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक शहर के टॉप-30 सटोरिए रडार पर हैं और इनमें से कई नेपाल व गोवा भाग चुके हैं। पुलिस को लगातार उनकी लोकेशन नेपाल और गोवा से मिल रही है। ओमेंद्र के जेल जाते ही पूरे नेटवर्क में भगदड़ मच गई है। अब सवाल यही है कि पुलिस के डर से शहर छोड़कर भागे ये सट्टेबाज आखिर कब तक बाहर छिपे रहेंगे।

### 20 हजार की नौकरी से करोड़ों के नेटवर्क तक

उमेंद्र ने पुलिस को बताया कि वह पहले द्वारिकेश चीनी मिल में करीब 20 हजार रुपये महीने पर सुपरवाइजर था। कोविड के दौरान नौकरी छूटने के बाद उसकी मुलाकात मथुरा के एक युवक से हुई, जिसने उसे हवाला के धंधे में उतार दिया। आज उसके पास करोड़ों की संपत्ति, शराब की करीब 15 दुकानों और कई पेट्रोल पंपों में साझेदारी होने की बात भी सामने आई है। अब पुलिस उसकी संपत्तियों का पूरा ब्यौरा जुटा रही है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में इस नेटवर्क से जुड़े कई बड़े नामों पर भी शिकंजा कस सकता है।

#### भाजपा नेताओं और पुलिस को देता था महीना

सूत्रों से पता लगा कि ओमेंद्र यादव स्थानीय भाजपा नेताओं और पुलिस को महीना देता था, यही वजह थी कि आज तक उसके खिलाफ फरीदपुर में कोई मुकदमा दर्ज नहीं हुआ। जबकि उसके पकड़े जाने के बाद स्थानीय भाजपा नेताओं ने उसे छुड़ाने के लिए काफी पैरवी की। संगठन से लेकर जन प्रतिनिधि बनने की तैयारी कर रहे एक नेताजी ने तो काफी जोर लगाया कि ओमेंद्र छूट जाए लेकिन पुलिस ने किसी की बात नहीं सुनी। फरीदपुर में पूर्व में तैनात रह चुके इंस्पेक्टर और चौकी इंचार्जों ने भी ओमेंद्र को छुड़ाने के लिए काफी जोर आजमाइश की। वर्तमान में भी थाने के कई सिपाही और दरोगाओं के नंबर और चैट ओमेंद्र के मोबाइल में मिली है। पुलिसकर्मियों से सांठगांठ की भी जांच पड़ताल की जा रही है और भाजपा नेताओं से हवाला कारोबारी के संबंधों की भी पड़ताल शुरू हो गई है।

#### डेयरी की आड़ में चल रहा था करोड़ों का हवाला नेटवर्क

फरीदपुर के कानून गोयान मोहल्ला निवासी ओमेंद्र यादव खुद को डेयरी कारोबारी और प्रॉपर्टी डीलर बताता था, लेकिन पुलिस जांच में वह हवाला कारोबार का लोकल सरगना निकला। राधे इंटरप्राइजेज के नाम से डेयरी सिर्फ दिखावा थी, जबकि अंदरखाने करोड़ों रुपये का खेल चल रहा था। पुलिस ने उसके दो बैंक खातों में करीब सात करोड़ रुपये के ट्रांजेक्शन पकड़े हैं। इनमें से एक खाते में करीब तीन करोड़ और फर्म के खाते में लगभग चार करोड़ रुपये का लेन-देन मिला। इतना ही नहीं, पुलिस ने पांच लाख रुपये भी फ्रीज कर दिए हैं। जांच में सामने आया कि ओमेंद्र ने 150 से ज्यादा खातों में रकम ट्रांसफर की थी। अब उन खातों की भी पड़ताल हो रही है।

#### नोट नंबर से होती थी हवाला डील, नेपाली सिम ने खोला बड़ा राज

पुलिस को ओमेंद्र के मोबाइल और व्हाट्सएप चैट से कई चौंकाने वाले सुराग मिले हैं। हवाला की डील नोटों के नंबर और रकम की तारीख के आधार पर तय होती थी। उसके पास से नेपाली सिम कार्ड मिलने के बाद पुलिस को शक है कि नेटवर्क के तार सीधे नेपाल के हवाला कारोबारियों से जुड़े हैं। छापेमारी में पुलिस ने नकली आईफोन, नेपाली सिम, फर्जी आधार-पैन कार्ड, पासबुक, चेकबुक समेत कई कूटरचित दस्तावेज बरामद किए हैं। पूछताछ में ओमेंद्र ने दिनेश, विपिन आनंद उर्फ 'चीनी' समेत कई नाम खोले हैं। अब पुलिस इन सभी की तलाश में लगातार दबिश दे रही है।

#### आईपीएल सट्टे से कमाता था मोटा कमीशन

पूछताछ में ओमेंद्र यादव ने कबूला कि वह आईपीएल मैचों पर बड़े स्तर पर सट्टा खिलवाता था। जीतने वालों से 20 प्रतिशत और हारने वालों से 10 प्रतिशत कमीशन लिया जाता था। पुलिस का दावा है कि उसके संपर्क बड़े सट्टा सरगनाओं से थे, जो सीधे रकम का हिसाब करते थे। एसपी साउथ अंशिका वर्मा ने बताया कि लंबे समय से हवाला कारोबार की सूचना मिल रही थी। मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई कर ओमेंद्र यादव को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में कई और नाम सामने आए हैं। पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए लगातार कार्रवाई जारी है।

**आवश्यकता है**

उत्तर प्रदेश के तेजी से बढ़ते अखबार जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन एंव अखबार के लिए संपर्क करें। मोबाइल नंबर-9412252847 7906815587, 9758444242


## एक नजर

### रंगोली मंडप में संगीता संध्या आज

**रामपुर।** नवाबगेट स्थित आकाशवाणी में सुरमयी सफर के 90 साल पूरे होने पर 15 मई को शाम छह बजे संगीत संध्या का आयोजन होगा। डायरेक्टर मनदीप कौर ने बताया कि सुरमयी सफर के 90 साल के मौके पर शुक्रवार की शाम 6 बजे से रंगोली मंडप में आयोजन किया गया।

### पुलिस ने चाकू के साथ एक को किया गिरफ्तार

**रामपुर।** थाना कोतवाली पुलिस ने गश्त/चैकिंग के दौरान पिछले दिनों अनिकेत को चोरी हुई एक बाइक साथ पकड़ा था। जिसकी निशानदेही पर अन्य दो चोरी की बाइक बरामद की गयी थी। इस सम्बन्ध में मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी थी। इस विवेचना के क्रम में अनिकेत के साथी शाहवेज मोहल्ला महल कूमेदान को आश्रम पद्धति रोड़ से गुरूवार को एक अदद नाजायज चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने धारा-4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक पवन कुमार, पुष्पेन्द्र कुमार, कांस्टबिल विपुल चौधरी और दीपांशु चौधरी मौजूद रहे।

### अलग-अलग मामलों में पुलिस ने दो को पकड़ा

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार अपराधियों की धरपकड़ के लिए शहजादनगर और भोट पुलिस ने अभियान चलाया। थाना शहजादनगर पुलिस ने गश्त, चैकिंग के दौरान मुख्तियार उर्फ दिलावर तंमचा 315 बोर 2 जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बरामदगी/गिरफ्तारी के आधार पर धारा- 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर दिया है। इसके अलावा भोट पुलिस ने मुकेश पुत्र राकेश निवासी पजावा को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार करने वाली टीम ने उपनिरीक्षक उत्तम कुमार, हेड कांस्टबल सुशील कुमार, अरुण कुमार मौजूद रहे।



तेज आंधी से अजीमनगर के गांव करनपुर में दीवार पर गिरा पेड़। –जागरण मोर्चा



शाहबाद में बीती रात आए आंधी तूफान में मार्केट की बाउंड्री गिरने से क्षतिग्रस्त हुआ कार। –जागरण मोर्चा



मिलक के गांव क्योरार में गिरा कच्चा मकान। –जागरण मोर्चा।

# तेज आंधी से गिरे बिजली के खंभे, रात भर ठप रही बिजली

## बुधवार रात 11 बजे आई बारिश के साथ आंधी, जगह-जगह पेड़ - बिजली के पोल गिरने से रास्ते हो गए बंद

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** बुधवार की मध्य रात्रि 60 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चली आंधी के कारण शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई। कई जगह बिजली के पोल और पेड़ गिरने से रास्ते बंद हो गए। सुबह तड़के शहर के अधिकांश मोहल्लों की आपूर्ति सुचारू हुई। इस तेज आंधी से एक लेखपाल की चलती बाइक पर पेड़ गिरने से मौत हो गई। तो वहीं आम की फसलों को भारी नुकसान हुआ।

आंधी इतनी तेज थी कि कई स्थानों पर पेड़ जड़ से उखड़ गए। जिनमें मोरी गेट, शाहबाद गेट, बरेली गेट, पहाड़ी गेट, पॉलीटेक्निक, मोहल्ला कुंडा समेत कई ग्रामीण क्षेत्रों में पेड़ और पोल गिरने से बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई। सुबह तड़के चार बजे बिजली चालू हो पाई। उधर जिलाधिकारी ने भी आंधी बारिश से बिजली के पोल और पेड़ गिरने से बंद हुई बिजली सप्लाई पर आवाम से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि जल्द ही बाधि आपूर्ति को सुचारू कराया जाएगा।

**तूफान से मार्केट की बाउंड्री कार पर गिरी क्षतिग्रस्त**

**शाहबाद।** बीती रात शाहबाद क्षेत्र में अचानक आए तेज आंधी-तूफान से भारी नुकसान हुआ, नगर के शाहबाद-सिरौली मार्ग स्थित अजमत मार्केट की बाउंड्री नीचे खड़ी कार पर गिर गई, जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मोहल्ला खतपुर निवासी आरिफ मियां पुत्र अकबर मियां की 2025 मॉडल फ्रॉन्क्स सुजुकी कार रोज की तरह रात में अजमत मार्केट के बराबर में खड़ी कर घर चले गए थे। देर रात अचानक तेज आंधी और तूफान शुरू हो गया। इसी दौरान मार्केट की बाउंड्री वाल भरभराकर कार पर गिर पड़ी। दीवार गिरने से कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और वाहन को काफी नुकसान पहुंचा। सुबह घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। कार स्वामी आरिफ मियां ने बताया कि तूफान की वजह से यह हादसा हुआ, जिससे उनकी नई कार को भारी नुकसान पहुंचा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से क्षति का आंकलन कर उचित सहायता दिलाने की मांग की है। उधर चकरपुर कदीम गांव में भी एक कच्चे कमरे की छत गिर गई।



चौकी कुंड़ा के फीडर पर गिरा पेड़। –जागरण मोर्चा।



अलीगंज बेनाजीर में गिरा बिजली का खंभा। –जागरण मोर्चा।



पेड़ पर गिरे हुए तार को सही करते बिजलीकर्मी। –जागरण मोर्चा।

**क्योरार में आंधी-बारिश से ढहा कच्चा मकान, बाल-बाल बचे परिजन**

**मिलक।** तहसील के ग्राम क्योरार में बुधवार रात आई तेज आंधी और बारिश के कारण एक कच्चा मकान ढह गया। गनीमत रही कि हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। ग्राम क्योरार निवासी पप्पू पुत्र तुलाई राम का टीनशेड वाला कच्चा मकान बुधवार रात तेज आंधी-बारिश की चपेट में आकर अचानक भरभराकर गिर गया। घटना के समय परिवार के सदस्य किसी तरह घर से बाहर निकल आए, जिससे बड़ा हादसा टल गया। पीड़ित पप्पू ने बताया कि कच्चे मकान में वह परिवार सहित रह रहा था। सरकार की आवास योजना के तहत उसे अभी तक कोई भी पक्का मकान नहीं मिला था। कई बार आवेदन करने के बावजूद उसका नाम सूची में नहीं आया। अब घर गिरने से परिवार के सामने रहने का संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को तत्काल मदद और आवास दिलाने की मांग की है। तहसीलदार सीमा गंगवार ने बताया कि क्षेत्रीय लेखपाल व कानूनगो को मौके पर पहुंचकर नुकसान का आकलन किया है। नियमानुसार मदद की जाएगी। वहीं मिलक में भी जगह जगह बिजली के पोल व पेड़ गिरे हैं।

### गांव रवन्ना में गिरा ट्रांसफार्मर, आपूर्ति चौपट

**रामपुर।** विकास खंड सैदनगर के गांव तेज आंधी आने के कारण रवन्ना में ट्रांसफार्मर गिर गया। जिससे पूरे गांव की आपूर्ति पूरी तरह से ठप हो गई। बिजली आपूर्ति ठप होने पर ग्रामीणों को बुरा हाल है। बिजली नहीं आने पर रजा बिजलीघर के जेई को उपभोक्ताओं ने फोन लगाना शुरू किए। जेई ने बताया कि गांव में ट्रांसफार्मर गिरने की सूचना मिल गई है अभी ठेकेदार द्वारा टीम कार्य कर रही है। कार्य पूर्ण होने पर बाधित सप्लाई को नार्मल करा दिया जाएगा। आपूर्ति बेनजीर, रवन्ना, अहरोला, किशनपुर, किशनपुर अटरिया में नहीं आने पर उपभोक्ताओं को हाल बेहाल है।



रबन्ना गांव में गिरा ट्रासफार्मर।

### आंधी के कहर से गिरा पीपल का पेड़, मलबे में दबी एमए की छात्रा

**रामपुर।** अजीमनगर थाना क्षेत्र में आए तेज आंधी और मौसम के बदले मिजाज ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। करनपुर में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है, जहां घर के आंगन में सो रही एमए की एक छात्रा पेड़ गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गई। करनपुर निवासी सुंदर लाल की पुत्री खुशबू 20 वर्ष जो एमए की पढ़ाई कर रही है, बीती रात अपने घर के आंगन में सो रही थी। इसी दौरान अचानक आई तेज आंधी के कारण पड़ोस में स्थित मंदिर परिसर में खड़ा विशालकाय पीपल का पेड़ जड़ टूट गया। पेड़ सीधे सुंदर लाल के मकान पर जा गिरा, जिसकी चपेट में आने से आंगन में सो रही खुशबू भारी टहनियों के नीचे दब गई। चीख-पुकार सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद खुशबू को पेड़ के नीचे से बाहर निकाला। परिजन उसे तत्काल जिला अस्पताल ले गए। जहां उसकी नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर मुरादाबाद रेफर कर दिया है। परिजनों के मुताबिक छात्रा की हालत अब भी चिंताजनक बनी हुई है।



# पासपोर्ट मामले में सरकारी वकील की जिरह जारी

- पैनकार्ड मामले में आज जिरह करेंगे सुप्रीम कोर्ट के वकील

जागरण मोर्चा, कार्यालय



**रामपुर।** सपा नेता आजम खां, अब्दुल्ला आजम खां के कई मामलों में सुनवाई हुई। जिसमें पासपोर्ट, मशीन चोरी और गवाह को धमकाने के मामले लगे थे। सुनवाई के दौरान आजम खां, अब्दुल्ला आजम वीडियो कांफ्रेंस के जरिए कोर्ट में पेश हुए। 15 मई शुक्रवार को दो पैनकार्ड मामले में सजा बढ़ाए जाने के मामले में आजम खां की ओर से सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता न्यायालय में जिरह करेंगे।

गुरुवार को सेशन कोर्ट में अब्दुल्ला आजम के दो पासपोर्ट मामले में अपील, सजा बढ़ाए जाने के मामले में बचाव पक्ष की बहस पूरी हो जाने के बाद सरकारी वकील की जिरह जारी है जोकि गुरूवार को भी जारी रही। अगली सुनवाई के लिए 18 मई मुकर्रर कर दी है। जबकि इस न्यायालय में गवाह को धमकाने के मामले में गवाह के न आने के कारण सुनवाई 21 मई तक के लिए टाल दी गई। इसमें आजम खां वीडियो कांफ्रेंस के जरिए मौजूद रहे। जबकि फरहान खां, राजा खां, शानी खां, कामरान खां, उजैर खां कोर्ट में मौजूद रहे। मजिस्ट्रेट कोर्ट में मशीन चोरी के मामले में सुनवाई 16 मई तक के लिए टाल दी है। इसमें भी आजम खां, अब्दुल्ला आजम, पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर अहमद खां, फात्मा जबीं नामजद है। यह मामला भाजपा युवा नेता बाकर अली खां की ओर थाना कोतवाली में दर्ज कराया था।

# मनीराम ने संभाला मिलक कोतवाली का चार्ज, अपराधियों को बख्शा नहीं जाएगा

- एसपी के आदेश पर साइबर सेल प्रभारी को मिली जिम्मेदारी

जागरण मोर्चा, कार्यालय



**मिलक।** पुलिस अधीक्षक के आदेश पर साइबर सेल प्रभारी मनीराम ने मिलक कोतवाली के नए प्रभारी निरीक्षक का कार्यभार संभाल लिया है। उन्होंने देर रात कोतवाली पहुंचकर चार्ज ग्रहण किया। इससे पहले मिलक कोतवाली में तैनात प्रभारी निरीक्षक पुष्कर सिंह को कार्यों में लापरवाही बरतने पर पुलिस लाइन भेज दिया गया था। उनके स्थान पर मनीराम को नई जिम्मेदारी दी गई है।

चार्ज संभालने के बाद गुरुवार सुबह कोतवाल मनीराम ने कोतवाली स्टाफ के साथ बैठक की। उन्होंने अधीनस्थों को जरूरी दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी को टीम भावना से काम करना होगा। कोतवाल मनीराम ने सख्त लहजे में कहा कि अपराध करने वाले किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा।

कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी। उन्होंने बीट पुलिसिंग को मजबूत करने और रात्रि गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए।

# बिजली के झूलते तार से गला कटने पर संग्रह अमीन की मौत

- खनन ड्यूटी से लौटते समय सिहारी गांव के पास हुआ हादसा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**मिलक।** गुरुवार सुबह करीब 6 बजे एक दर्दनाक हादसे में संग्रह अमीन हरीश गंगवार की बिजली के तार से गला कटने से मौके पर ही मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब वह रात्रि ड्यूटी के बाद बाइक से अपने घर बिलासपुर लौट रहे थे।

जानकारी के अनुसार हरीश गंगवार तहसील मिलक में तैनात थे। रोस्टर के अनुसार बुधवार को रठौंडा चौराहे पर खनन चेकिंग में उनकी रात्रि ड्यूटी लगी थी। बुधवार रात 11 बजे आई तेज आंधी के कारण बिजली के पोल और तार क्षतिग्रस्त हो गए थे। मिलक-बिलासपुर रोड पर ग्राम सिहारी के पास बिजली के तार सड़क से कुछ ही ऊंचाई पर झूल रहे थे। बाइक से गुजरते समय हरीश गंगवार इन झूलते तारों की चपेट में आ गए, जिससे उनकी गर्दन कट गई और उन्होंने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। सड़क से गुजर रहे राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दी। उन्हें मिलक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।



हरीश गंगवार मृतक का फाइल फोटो।

## तहसील परिसर में शोकसभा आयोजित

**मिलक।** तहसील परिसर में स्थित बार एसोसिएशन सभागार में सतीश चन्द्र गंगवार की अध्यक्षता में एक शोक सभा की गईं।

जिसमें संग्रह अमीन हरीश गंगवार की सड़क हादसे में निधन पर सभी अधिवक्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर मृतक की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गईं।

उसके बाद सभी अधिवक्तागण न्यायिक कार्य से विरत रहे। शोकसभा में महासचिव रमेश चन्द्र एडवोकेट, विवेक गंगवार एडवोकेट, महेंद्र प्रकाश अग्रवाल एडवोकेट, धर्मेंद्र प्रकाश शर्मा एडवोकेट, अनुज पांडे एडवोकेट देशवीर सिंह एडवोकेट प्रदीप सक्सेना एडवोकेट, प्रेमपाल गंगवार एडवोकेट, विपिन तिवारी एडवोकेट अधिवक्ता मौजूद रहे।

जागरूक | प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री से प्रेरित होकर विधायक ने लिया फैसला

# शहर में ई-रिक्शा से घूमेगा शहर विधायक का काफिला

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** शहर के सार्वजनिक कार्यक्रमों से लेकर विकास कार्यों के निरीक्षण तक, हर जगह शहर विधायक आकाश सक्सेना का काफिला अब ई-रिक्शा से नजर आएगा। न सिर्फ वह खुद ई-रिक्शा में सवार होंगे, बल्कि उनकी सुरक्षा में तैनात सीआरपीएफ और पुलिस के जवान भी इन्हीं ई-रिक्शा में चलेंगे। इसके लिए उन्होंने चार ई-रिक्शा खरीदी हैं। उन्होंने यह फैसला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से प्रेरित होकर किया है।

खाड़ी देशों में युद्ध के चलते वैश्विक तेल आपूर्ति बाधित हुई है। युद्ध रूकने के बाद भी हालात सामान्य नहीं हो सके हैं और फिर दोबारा कभी भी लंबा युद्ध छिड़ सकता है। ऐसे में संभव है कि वैश्विक बाजार में तेल के दाम और अधिक हो जाएं, जिसका असर देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। लिहाजा, हालातों को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले दिनों देश की जनता से अपील करते हुए सार्वजनिक वाहनों का प्रयोग करने औरा घर से ही कार्य करने की अपील की थी। ताकि, वैश्विक बाजार में बढ़ती तेल कीमतों का असर देश की अर्थव्यवस्था पर न पड़े और देश विपरीत स्थितियों के बावजूद और तेजी से प्रगति कर सके। यही नहीं इस दिशा में प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री ने अपने काफिले से 50 प्रतिशत की कटौती करने की भी घोषणा कर दी है। इससे प्रभावित होकर शहर विधायक ने भी शहर के होने वाले सभी सार्वजनिक कार्यक्रमों और विकास कार्यों के निरीक्षण व बैठकों में सम्मिलित होने के लिए ई-रिक्शा का प्रयोग करने का फैसला किया है। उन्होंने इसके लिए चार ई-रिक्शा भी खरीद ली हैं।

इन्हीं ई-रिक्शा में विधायक और उनकी सुरक्षा में तैनात सीआरपीएफ जवान और पुलिस के जवान भी चलेंगे।



ई- रिक्शा में बैठे जाते शहर विधायक। –जागरण मोर्चा।

### काफिले में भी करेंगे 50 प्रतिशत की कटौती

शहर विधायक आकाश सक्सेना ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दूरदर्शी सोच के नेता हैं। उनकी दूरदर्शी सोच न सिर्फ देश को आर्थिक उन्नति प्रदान करेगी, बल्कि आर्थिक संकट से भी बचाने का कार्य करेगी। इसीलिए, उन्होंने भी यह फैसला किया है कि वह भी लोकल के कार्यक्रम ई-रिक्शा से करेंगे। साथ ही अपने काफिले में भी 50 प्रतिशत की कटौती करेंगे। शहर से बाहर के कार्यक्रमों में ही आने जाने के लिए वाहनों का प्रयोग किया जाएगा।

### सौर ऊर्जा से चार्ज होंगी ई-रिक्शा

विधायक ने बताया कि ई-रिक्शा की चार्जिंग के लिए उन्होंने अपने आवास पर ही 20 किलोवाट का सौलर प्लांट लगवाया है। इसी सोलर प्लांट से रिक्शा चार्ज होंगी। बताया कि भविष्य में वह इलेक्ट्रिक वाहनों का ही प्रयोग करेंगे, ताकि आने वाले समय में ऐसी कोई दिक्कत न हो।

## एक नजर

### 50 टीबी रोगियों को बांटी पोषण आहार किट

**रामपुर।** निश्चय मित्र पहल के अंतर्गत वाटिका होटल पटवाई में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें क्षय रोग से जूझ रहे मरीजों के बेहतर स्वास्थ्य के लिये पोषण आहार किट वितरित की गई। इस दौरान कुल 50 लाभार्थियों को पोषण आहार किट प्रदान की गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सभी लाभार्थियों को उनके स्वास्थ्य कार्ड के आधार पर किट का वितरण किया गया।

# स्वगणना अभियान: 36 हजार से अधिक नागरिकों ने किया ऑनलाइन पंजीकरण

- 21 मई तक करें ऑनलाइन स्वगणना, अभियान को लेकर बढ़ी जागरूकता

जागरण मोर्चा, कार्यालय




**रामपुर।** जनपद में चल रहे स्वगणना अभियान के अंतर्गत अब तक 36,435 से अधिक नागरिकों द्वारा स्वयं ऑनलाइन स्वगणना की जा चुकी है। अभियान को लेकर लोगों में लगातार जागरूकता बढ़ रही है।

प्रमुख जिला गणना अधिकारी जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने कहा कि स्वगणना कार्य में और तेजी लाने की आवश्यकता है, जिसके लिए ग्राम पंचायतों, विद्यालयों एवं संबंधित विभागों के माध्यम से व्यापक स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक परिवार तक पहुंच बनाकर लोगों को ऑनलाइन स्वगणना प्रक्रिया की जानकारी दी जा रही है। ताकि अधिक से अधिक नागरिक स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकें। इसके लिए पंचायत प्रतिनिधियों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं स्वगणना से जुड़े कार्मिकों को प्रशिक्षित किया गया है। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि सभी नागरिक स्वगणना में बढ़-चढ़कर सहभागिता करें, जिससे जनसंख्या, आवास, परिवारों की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति से संबंधित सही आंकड़े प्राप्त हो सकें। ये आंकड़े भविष्य की विकास योजनाओं एवं सरकारी सुविधाओं के बेहतर क्रियान्वयन में सहायक सिद्ध होंगे। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में ऑनलाइन स्वगणना की सुविधा 7 मई से 21 मई तक उपलब्ध कराई गई है। इसके बाद घर-घर सर्वेक्षण कार्य प्रारंभ किया जाएगा। शासन द्वारा नागरिकों को स्वयं ऑनलाइन जानकारी भरने की सुविधा प्रदान की गई है, जिससे गणना प्रक्रिया पारदर्शी एवं सरल बन सके।

जिलाधिकारी ने कहा कि जिन लोगों द्वारा स्वगणना का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, वे प्राप्त आईडी को अपने घर की दीवारों पर मोबाइल नंबर सहित अंकित कर दें, ताकि यदि सर्वेक्षण के समय परिवार का कोई सदस्य घर पर उपलब्ध न हो तो गणना कर्मी उक्त आईडी के माध्यम से स्वगणना कार्य का सत्यापन आसानी से कर सकें। इससे सर्वे कार्य में काफी सुविधा मिलेगी। उन्होंने ऐसे लोगों से भी अपेक्षा की कि जो स्वगणना पूर्ण कर चुके हैं, वे अपने आसपास के लोगों को भी प्रेरित करें कि वे समय रहते अपना स्वगणना कार्य पूर्ण करें। प्रयास यह हो कि जनपद निर्धारित तिथि से पूर्व ही स्वगणना का लक्ष्य शत-प्रतिशत पूर्ण कर लें।

# ईओ के वार्ता के बाद सफाई कर्मचारियों का धरना स्थगित

## तीन दिन से लगातार पालिका के प्रांगण में चल रहा था धरना, दिया आश्वासन

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ का धरना ईओ की वार्ता के बाद गुरूवार को स्थगित हो गया है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि कर्मचारियों की सात जटिल समस्याएं है जोकि सभी प्रमुख है।

वार्ता के दौरान जिलाध्यक्ष ने ईओ को बताया कि समस्याओं को लेकर पिछले तीन दिन से लगातार धरना जारी है। लेकिन बड़े अफसोस की बात है कि इसको लेकर पालिका प्रशासन गंभीर नहीं है। ईओ ने कर्मचारियों को आश्वासन दिलाया कि संघ की छह मांगों का समाधान सप्ताह भर में, जबकि शेष एक मांग का समाधान एक माह में कराया जाएगा। इसके बाद सभी कर्मचारी मान गए। ईओ और कर्मचारियों के बीच करीब आधा घंटे तक वार्ता हुई। जबकि गुरुवार दोपहर 1 बजे तक पालिका के प्रांगण में धरना जारी रहा। धरने को संबोधित करते हुए नगराध्यक्ष प्रेमराज ने कहा कि मई की 13 बीत जाने के बाद भी कर्मचारियों के खातों में मानदेय नहीं डाला गया है।

इससे कर्मचारियों को परिवार में जीवन यापन करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वार्ता करने में राकेश दुली, प्रेमराज, दिनेश कठेरिया, संजय समर्पित, श्याम बाबू, विमला देवी,राजेश रत्न, रीना देवी्र, किशनलाल, राहुल, प्रहलाद बाबू, श्याम मोहन मौजूद रहे।


पालिका में ईओ से वार्ता करते उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ के पदाधिकारी। –जागरण मोर्चा।

### संघ की यह है मांगे

संघ को एक माह के भीतर कार्यालय आवंटित, नियमानुसार, शासनादेशानुसार ठेके पर अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को लगाने के लिए कार्यवाही किए जाने, मानक के अनुसार वार्डों में सफाई कर्मचारी नियुक्त करने, आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों का वेतन समय से आहरित किए जाने, सेवानिवृत्त सफाई कर्मचारियों को देयों का भुगतान शासन द्वारा राज्य वित्त आयोग के अंतर्गत संक्रमित की जाने वाली धनराशि से दिए गए दिशा निर्देशों में क्रम में किए जाने, वार्डों में सफाई नायक नियुक्त करने, वरिष्ठ सफाई कर्मियों को तैनाती नियमानुसार, पालिका द्वारा क्रय की गई ई– रिक्शा एवं ठेली की क्वालिटी के संबंध में कंपनी को बताया जाए।

# ई-रिक्शा पलटी, स्टाफ नर्स सहित तीन महिलाएं घायल

- सभी को सीएचसी से किया गया रेफर

जागरण मोर्चा, कार्यालय




**स्वार।** बाजपुर मार्ग पर तेज रफ्तार बाइक सवार से बचाने के प्रयास में ई रिक्शा पलट गई। दुर्घटना में मसवासी पीएचसी में तैनात स्टाफ नर्स समेत तीन महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई। घायलों को सीएचसी लाया गया। जहां से सभी को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

नाहिद नाज़िम मसवासी पीएचसी में जीएसवाई में स्टाफ नर्स के पद पर है। गुरुवार को स्वार से ई-रिक्शा में सवार होकर ड्यूटी पर जा रही थी। इस दौरान जैसे ही ई रिक्शा नरपत नगर पहुंचा सामने से आ रहे तेज रफ्तार बाइक सवार को बचाने के प्रयास में ई रिक्शा पलट गया। जिसमें सवार स्टाफ नर्स समेत नगर के मोहल्ला खास निवासी मासूम और जायदा ई रिक्शा के नीचे दब गई। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोगों ने सभी घायलों को बाहर निकाला गया। राहगीरों ने किसी तरह सभी घायलों को सीएचसी पहुंचाया। चिकित्सक ने घायलों का प्राथमिक उपचार करने के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। इस बीच ई रिक्शा चालक भी घायल हुए है लेकिन वह सीएचसी नही पहुंचा और ई रिक्शा लेकर मौके से खिसक लिया।

# सम्मान समारोह : हाईस्कूल टॉपर को साइकिल देकर बढ़ाया हौंसला

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**शाहबाद।** थाना क्षेत्र के बंदार गांव में ग्राम पंचायत और गांव वालो की ओर से गांव के हाईस्कूल टॉपर का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। हाईस्कूल परीक्षा में 600 में से 478 अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र सुजेवीर को उनकी शानदार उपलब्धि के लिए ग्राम प्रधान द्वारा साइकिल भेंट की गई। ग्राम प्रधान पति विजेंद्र यादव ने छात्र को प्रोत्साहित करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर जुगल सिंह, पूर्व प्रधान रमेश कश्यप, कंचन बाबू, सहायक अध्यापक देवदत्त सिंह, सुधीर यादव और भगवानदास यादव आदि रहे।



बंदार गांव में छात्र को साइकिल देकर सम्मानित करते ग्रामीण। –जागरण मोर्चा।

### बिजली के खंभे और पेड़ गिरे, दर्जनों गांव अंधेरे में

**रामपुर।** सैदनगर क्षेत्र में बीती रात आई भीषण आंधी और तेज हवाओं ने जमकर तबाही मचाई। कुदरत के इस कहर से जनजीवन पूरी तरह अस्त–व्यस्त हो गया है। सबसे ज्यादा असर खौद–स्वार रोड और खौद–टांडा रोड पर देखने को मिला, जहां दर्जनों विशालकाय पेड़ सीधे हाईटेंशन बिजली लाइनों पर जा गिरे। आंधी के चलते बिजली के तार टूटने और खंभों के क्षतिग्रस्त होने से इलाके के दर्जनों गांवों की बिजली गुल हो गई है। रात भर ग्रामीण अंधेरे में रहने को मजबूर रहे। पेड़ गिरने की वजह से मुख्य मार्गों पर आवागमन भी पूरी तरह ठप हो गया, जिससे राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

# रिद्धी-सिद्धी ने बढ़ाया केंद्रीय विद्यालय का मान

- दोनों छात्राओं की सफलता से विद्यालय परिवार और परिजनों में खुशी का माहौल

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** केंद्रीय विद्यालय की जुड़वा बहनों रिद्धी सक्सेना और सिद्धी सक्सेना ने सीबीएसई इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। दोनों छात्राओं की सफलता से विद्यालय परिवार और परिजनों में खुशी का माहौल है।


सिद्धि सक्सेना।


रिद्धि सक्सेना।

12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में रिद्धी सक्सेना ने 88.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट सफलता हासिल की। जबकि उनकी जुड़वा बहन सिद्धी सक्सेना ने 81 प्रतिशत अंक हासिल किए। दोनों बहनें विज्ञान वर्ग की छात्राएं हैं और शुरू से ही पढ़ाई में मेधावी रही हैं। रिद्धी और सिद्धी की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षकों और सहपाठियों ने उन्हें बधाई दी। शिक्षकों ने कहा कि दोनों छात्राओं ने मेहनत, अनुशासन और लगन से यह मुकाम हासिल किया है, जिससे अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी। परिजनों ने बताया कि दोनों बहनों ने नियमित पढ़ाई, समय प्रबंधन और शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह सफलता प्राप्त की है। उनका सपना आगे चलकर उच्च शिक्षा प्राप्त कर देश सेवा करना है। विद्यालय प्रशासन ने कहा कि छात्राओं की यह सफलता पूरे विद्यालय के लिए गर्व का विषय है और आने वाले समय में भी छात्र-छात्राएं इसी तरह बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

# प्रस्ताव पारित, सभासदों के बहिष्कार से गरमाई सियासत

- नामित सभासदों की मौजूदगी से कोरम पूरा

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**मसवासी।** नगर पंचायत बोर्ड की बैठक गुरुवार को नगर पंचायत कार्यालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में नगर विकास और जनहित से जुड़े कई प्रस्ताव पारित किए गए। हालांकि बैठक के दौरान कई सभासदों ने बहिष्कार कर दिया, लेकिन नामित सभासदों की मौजूदगी से कोरम पूरा हो गया।

बैठक की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष दिनेश कुमार गोयल ने की। बैठक में नगर क्षेत्र में दुकानों के बाहर सामान रखने पर रोक, सब्जी मंडी और शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने, पार्क, दुकान, मार्केट व पार्किंग स्थल निर्माण समेत विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा हुई। इसके अलावा मुख्य मार्गों पर जाम लगाने वाले दोपहिया और चारपहिया वाहनों पर जुर्माना लगाने व वाहन जब्त करने, स्थायी और अस्थायी अतिक्रमण हटाने, गृहकर, जलकर, किराया, दुकान लाइसेंस शुल्क की वसूली तेज करने तथा समय से कर जमा न करने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाने का प्रस्ताव भी पारित किया गया।

बैठक में वर्षा ऋतु से पहले नालों की सफाई, नाले-नालियों की मरम्मत, नगर की प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए हाईस्काई लिफ्ट खरीदने और बैंकों के बाहर अवैध रूप से खड़े वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करने पर भी सहमति बनी।बैठक में सभासद जमील अहमद, नितिन कुमार जैन, चमन बहादुर मौर्य, राजमल, बृजनंदन सागर, विमला देवी, कुसुम देवी, राजकुमारी और आरती कश्यप समेत अन्य मौजूद रहे। वहीं दूसरी ओर कई सभासदों ने बैठक का बहिष्कार करते हुए नगर पंचायत में विकास कार्यों में धांधली का आरोप लगाया। बहिष्कार करने वाले सभासदों ने मामले की शिकायत जिला प्रशासन से की है। शिकायत पत्र पर साहिब नूर, इरशाद अहमद, भगवती प्रसाद, जितेंद्र कुमार, चंद्र, अनिल कुमार, कुलदीप मौर्य और उबेश अहमद समेत अन्य सभासदों के हस्ताक्षर बताए गए हैं।


मसवासी नगर पंचायत बोर्ड की बैठक में शामिल पंचायत अध्यक्ष और सभासद। –जागरण मोर्चा

# होटल में मारपीट का मामला: दो युवकों के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

**स्वार।** नगर के एक होटल में खाना खाने पहुंचे युवक के साथ मारपीट मामले में दो युवकों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। घटना के बाद दोनों पक्षों में समझौते की चर्चा बात कही गई थी। लेकिन बृहस्पतिवार को रिपोर्ट दर्ज हो गई।

पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला चक स्वार वार्ड नंबर-2 निवासी शावेद पुत्र रमजानी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 12 मई की रात करीब आठ बजे अपने दोस्त शवान पुत्र शकील अहमद निवासी मोहल्ला रसूलपुर के साथ एक रसोई होटल में खाना खाने गया था। आरोप है कि वहां पुरानी रंजिश को लेकर शामिल और तालिब पुत्रगण सलीम निवासी चक स्वार वार्ड नंबर-4 ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। बताया जा रहा है कि घटना के बाद मामला उसी रात कोतवाली तक पहुंच गया था, लेकिन बाद में दोनों पक्ष समझौते पर राजी हो गए थे। इसके चलते तत्काल कोई कार्रवाई नहीं हुई। हालांकि बृहस्पतिवार को मामला फिर गर्मा गया और पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग कर दी।

# ई– रिक्शा से ऑफिस पहुंचे जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन

- प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री से प्रेरित होकर लिया फैसला

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री से प्रेरित होकर जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन ई- रिक्शा से कार्यालय पहुंचे। उन्होंने अमेरिका-ईरान के मध्य चल रहे युद्ध के कारण देशवासियों से मुख्य रूप ये वर्क फ्राम होम, पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने, सोना कम खरीदे, खाने के तेल का कम उपयोग, प्राकृतिक खेती,स्वेदशी उत्पादों को अपनाएं। विदेश यात्रा न करने की अपील की है।

गुरूवार को जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष मोहन लाल सैनी ने ई- रिक्शा से कार्यालय पहुंचे। खाड़ी देशों में युद्ध के चलते वैश्विक तेल आपूर्ति बाधित हुई है। युद्ध रूकने के बाद भी हालात सामान्य नहीं हो सके हैं और फिर दोबारा कभी भी लंबा युद्ध छिड़ सकता है। ऐसे में संभव है कि वैश्विक बाजार में तेल के दाम और अधिक हो जाएं, जिसका असर देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। यही नहीं इस दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने काफिले से 50 प्रतिशत की कटौती करने की भी घोषणा कर दी है।


ई– रिक्शा में बैठकर ऑफिस जाते डीसीबी चेयरमैन। –जागरण मोर्चा।

### रजा पीजी कालेज में जागरूकता कार्यक्रम

रामपुर। राजकीय रज़ा स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य के मार्गदर्शन एनसीसी अधिकारी डॉ. बिजेन्द्र सिंह, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. इरम नईम के संचालन में गुरूवार को शिक्षा दिवस एजुकेशन डे के रूप में स्वगणना जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. बिजेन्द्र सिंह ने पोर्टल के माध्यम से स्वगणना के विभिन्न बिंदुओं की जानकारी देते हुए एनसीसी, एनएसएस, रोवर–रेंजर्स तथा अन्य छात्र–छात्राओं से आग्रह किया कि सभी स्वयं तथा परिजनों की जानकारी पोर्टल पर भरें तथा परिवेश और समाज के अन्य लोगों को इसके लिए जागरूक करें। इस अवसर पर डॉ. इरम नईम ने मोबाइल फोन पर पोर्टल के माध्यम से स्वगणना से सम्बंधित सभी जानकारियां ठीक–ठीक भरने के लिए छात्र–छात्राओं को प्रशिक्षित किया।

**बैठक** विकास भवन के सभागार में हुई निर्माण कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न

# विभागों को जल्द ही हैंड ओवर करें संस्थाएं

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चन्द्र की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में सीएम डैशबोर्ड, विकास कार्यों एवं निर्माण कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कमी न रहे। उन्होंने कहा कि कार्यदायी संस्थाएं निर्माण कार्यों को गंभीरतापूर्वक लेते हुए निर्धारित मानकों के अनुरूप समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराएं।

उन्होंने समीक्षा बैठक के दौरान कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन परियोजनाओं के लिए धनराशि प्राप्त हो चुकी है, उनके निर्माण कार्य निर्धारित समयावधि के अंतर्गत पूर्ण कराया जाए। साथ ही जिन कार्यदायी संस्थाओं द्वारा कार्य पूर्ण कर लिया गया है, वे संबंधित विभाग को कार्य हैंडओवर करें। मुख्य विकास अधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि जिन परियोजनाओं के लिए बजट प्राप्त नहीं हुआ है, उनके संबंध में संबंधित विभाग प्रस्ताव तैयार कर शीघ्र बजट की मांग करें। समीक्षा के दौरान उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने विभागों से संबंधित योजनाओं एवं निर्माण कार्यों में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने शासन द्वारा निर्धारित आगामी 100 दिवस एवं 06 माह की बिंदुवार कार्ययोजना तथा उसकी वर्तमान प्रगति की जानकारी भी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों की पूर्व स्थिति एवं वर्तमान प्रगति के फोटोग्राफ भी अभिलेखों में संलग्न किए जाएं, ताकि कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रगति का प्रभावी मूल्यांकन किया जा सके। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. दीपा सिंह सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।


विकास भवन के सभागार में आयोजित बैठक में सीडीओ, अधिकारी। –जागरण मोर्चा।

## एक नजर

### मारपीट में चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मिलक।** दादइलाही मकान की पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट के मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पुरैनिया खुर्द निवासी महेन्द्र सिंह पुत्र पंडित महेन्द्र सिंह अपने पुराने मकान की नींव खोदकर सफाई कर रहे थे। आरोप है कि इसी दौरान उनके पड़ोसी कुवरेन पुत्र झाऊराम अपने पुत्रों मुनेन्द्र, अमित, अंकित और पुत्रवधू कुवरेन समेत लाठी-डंडे और सरिया लेकर आए। आरोपियों ने गंदी-गंदी गालियां देते हुए काम रोकने का विरोध किया। मना करने पर सभी ने मिलकर महेन्द्र सिंह के साथ मारपीट की, जिससे उनके सिर, सीने और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। तहरीर के आधार पर थाना मिलक में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच विवेचना उपनिरीक्षक राजनीश कुमार को सौंपी गई है।




# प्रधानमंत्री के अपमान पर भाजपाइयों ने किया कलेक्ट्रेट में धरना-प्रदर्शन

## सपा की अराजक राजनीति के खिलाफ फूटा कार्यकर्ताओं का गुस्सा, की जोरदार नारेबाजी

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** सपा के सांसद अजेंद्र सिंह द्वारा प्रधानमंत्री के विरुद्ध की गई अमर्यादित एवं अभद्र टिप्पणी के विरोध में भारतीय जनता पार्टी द्वारा कलेक्ट्रेट पर विशाल धरना-प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, महिला मोर्चा एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर समाजवादी पार्टी के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया और अपना विरोध दर्ज कराया।

धरना को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि समाजवादी पार्टी लगातार लोकतंत्र की मर्यादाओं को तार-तार करने का कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री देश के 140 करोड़ नागरिकों की भावनाओं, विश्वास और सम्मान का प्रतीक हैं। उनके खिलाफ इस प्रकार की अभद्र और अशोभनीय भाषा का प्रयोग करना केवल एक व्यक्ति का नहीं बल्कि पूरे देश का अपमान है। उन्होंने कहा कि विपक्ष अपनी राजनीतिक जमीन खो चुका है और जनता का विश्वास समाप्त होने के कारण अब उसके नेताओं की भाषा में हताशा और बौखलाहट साफ दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रहित, लोकतांत्रिक मूल्यों और मर्यादित राजनीति में विश्वास रखने वाली पार्टी है, जबकि समाजवादी पार्टी का इतिहास गुंडागर्दी, अराजकता और तुष्टिकरण की राजनीति से भरा पड़ा है। जनता अब यह समझ चुकी है कि कौन देश के विकास और सम्मान की राजनीति कर रहा है और कौन केवल समाज को बांटने और विवाद पैदा करने का काम कर रहा है।

भाजपा कार्यकर्ता प्रधानमंत्री पद की गरिमा और देश के सम्मान के खिलाफ किसी भी टिप्पणी को कभी स्वीकार नहीं करेंगे और लोकतांत्रिक तरीके से उसका पुरजोर जवाब दिया जाएगा। पूर्व जनप्रतिनिधि ने कहा कि सपा नेताओं की बयानबाजी उनकी हताश मानसिकता को दर्शाती है। जनता ऐसे नेताओं को कभी माफ नहीं करेगी। पूर्व विधायक बीना भारद्वाज ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा महिलाओं और लोकतांत्रिक मूल्यों के सम्मान की बात करती है, लेकिन उसके नेताओं की भाषा उसकी वास्तविक सोच को उजागर करती है। महिला मोर्चा के अध्यक्ष पारुल अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश विश्व पटल पर मजबूत हुआ है और विपक्ष इसी से घबराकर अनर्गल बयानबाजी कर रहा है।



कलेक्ट्रेट परिसर में धरना प्रदर्शन करते भाजपाई। -जागरण मोर्चा।

### धरना देने वालों में यह रहे शामिल

धरना प्रदर्शन में पूर्व जिला अध्यक्ष अभय गुप्ता, मोहन कुमार लोधी, अली युसूफ अली, ब्लॉक प्रमुख हरी वाला, अर्चना गंगवार, शकुंतला लोधी, रविंद्र सिंह रवि, अर्जुन रस्तोगी, प्रदीप गुप्ता, आकाश सक्सेना, विवेक रुहेला, दीपक गुप्ता, शकुंतला लोधी, पवन शर्मा, श्वेता शर्मा, पूजा शर्मा, पंकज सैनी, अवधेश शर्मा, मनु सक्सेना, विक्रम सिंह, गोपाल गुप्ता, आशीष गुप्ता, अमित दिवाकर, शिवा शर्मा, दिलीप अरोड़ा, संजय पाठक, देवेंद्र चौधरी, विवेक बिश्नोई, देवेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# 'जल स्रोतों में सावधानी बरतें, सुरक्षा नियमों का पालन करें'

जागरण मोर्चा, कार्यालय



**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा है कि तालाब, पोखर, नदी एवं अन्य जल स्रोतों में डूबने की घटनाएं समय-समय पर संज्ञान में आती रहती हैं। ऐसी स्थिति में अभिभावक अपने बच्चों को तालाब, पोखर एवं नदी में स्नान करने से रोकें। यदि बच्चे जल स्रोतों के आसपास हों तो उन्हें अपनी निगरानी में रखें, जिससे किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

उन्होंने कहा कि जर्जर एवं टूटी-फूटी नावों पर यात्रा न करें। नाव पर यात्रा करते समय यह करें कि नाव सुरक्षित, साफ एवं सूखी हो। छोटे बच्चों को अकेले नाव पर यात्रा न करने दें तथा नाव की क्षमता से अधिक सवारी न बैठाएं। साथ ही नाव पर लाइफ जैकेट की उपलब्धता भी सुनिश्चित करें। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की कि कोई भी व्यक्ति मादक पदार्थों का सेवन कर नदी, तालाब अथवा अन्य जल स्रोतों में प्रवेश न करें। जल स्रोतों पर लगे सुरक्षात्मक चिन्हों एवं चेतावनी संकेतों का पालन करें तथा घाटों पर तैनात सुरक्षा कर्मियों के निर्देशों का अनुपालन करें। जिलाधिकारी ने कहा कि पानी में किसी भी प्रकार का जोखिमपूर्ण खेल न खेलें। जिन्हें तैरना नहीं आता, वे नदी अथवा गहरे जल स्रोतों से दूर रहें। अधिक गहरे पानी में प्रवेश न करें तथा एक नाव से दूसरी नाव पर कूदने एवं पानी में सेल्फी लेने जैसी गतिविधियों से बचें। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति पानी में डूब रहा हो तो आसपास मौजूद लोग तत्काल उसकी सहायता करें एवं एम्बुलेंस सेवा को सूचित करें। यदि व्यक्ति श्वास नहीं ले रहा हो तो उसकी नब्ज जांचें तथा आवश्यकता पड़ने पर सीपीआर देकर तुरंत निकटतम अस्पताल पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति पानी में फंस जाए या डूबने लगे तो घबराएं नहीं, शांत रहें।

# अहमद हसन शाह शेरी का 35 वां उर्स मुबारक शुरू


कुलशरीफ के बाद दुआ करते अकीदतमंद। -जागरण मोर्चा।

- फैयाज अहमद खां शेरी कुरआन ए करीम की तिलावत कर किया आगाज

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** शहर के मोहल्ला मंगल की पैंठ स्थित पुराना गंज स्थित अहमद हसन शाह शेरी जमाली के 35 वां उर्स मुबारक का आगाज हो गया है। जिसमें असर की नमाज के बाद मौलाना मोहम्मद आरिफ जमाली ने तकरीर करते हुए कहा कि हिन्दुस्तान औलिया इकराम का बुजुर्गोंने दीन का मर्कज रहा है।

उन्होंने कहा कि रामपुर की यह खुशनसीबी है कि हजरत शाह दरगाही महबूब इलाही, हजरत हाफिज शाह जमाल उल्लाह जैसे बड़े औलिया इकराम यहां पर आराम फरमा रहे हैं।

इन अल्लाह वालों ने अपनी खानकाहों में बैठकर दीन फैलाकर दीन को आगे बढ़ाया। उन्होंने कहा कि नौजवानों को चाहिए अपने मां-बाप की खिदमत करें और अपने बच्चों को अच्छी तालीम और तरबियत कराएं। अंत में कुल शरीफ और दुआ कराई गई। इस अवसर पर हाफिज महफूज हुसैन शेरी, मेराज उन हसन शेरी, हाफिज महबूब हुसैन शेरी, महमूद हुसैन और अनवारूल हसन आदि मौजूद रहे।

### 5 तक करें पॉपकार्न मशीन के लिए ऑनलाइन आवेदन

**रामपुर।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि जनपद को 8 पॉपकार्न मेकिंग मशीनों के निःशुल्क वितरण के लिए लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इस योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले पिछड़े वर्ग के भुर्जी जाति के व्यक्तियों एवं परम्परागत स्वरोजगार में रुचि रखने वाले कारीगरों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी विभागीय पोर्टल upkvib.gov.in पर टूल-किट्स आवंटन के अंतर्गत 5 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि योजना में आर्थिक रूप से अत्यन्त पिछड़े एवं बीपीएल परिवारों के सदस्यों को प्राथमिकता प्रदान की जाएगी। आवेदनकर्ता की आयु 18 वर्ष से अधिक तथा 50 वर्ष से कम होना अनिवार्य है। अधिक जानकारी के लिए जिला ग्रामोद्योग कार्यालय बी-6 मुरारी लाल का बाग, राहे मुर्तजा रोड अथवा दूरभाष संख्या 0595-2350926 एवं 9580503149 पर संपर्क किया जा सकता है।

# खरीफ फसलों की बुआई में बीज, भूमि शोधन जरूरी

- बुआई से पूर्व बीज एवं भूमि शोधन करने की विभाग ने दी सलाह

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** जिला कृषि रक्षा अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने किसानों को खरीफ फसलों की बुआई से पूर्व बीज एवं भूमि शोधन करने की सलाह दी है। उन्होंने बताया कि ट्राइकोडर्मा हरजेनियम एवं ब्यूवेरिया बेसियाना सुरक्षित व सस्ते जैविक एजेंट हैं।

उन्होंने बताया कि ट्राइकोडर्मा हरजेनियम फफूंद आधारित जैविक फफूंदीनाशक है, जो जड़ सड़न, तना सड़न, डैम्पिंग ऑफ, उकठा व झुलसा जैसे रोगों से फसलों की सुरक्षा करता है। इसके प्रयोग से बीजों का अंकुरण अच्छा होता है और फफूंदजनित रोगों से बचाव मिलता है। बीज शोधन हेतु 5-10 ग्राम प्रति किलो बीज तथा नर्सरी उपचार हेतु 5 ग्राम प्रति लीटर पानी की दर से प्रयोग करें। भूमि शोधन के लिए 2.5 किग्रा ट्राइकोडर्मा को 75-100 किग्रा गोबर की खाद में मिलाकर अंतिम जुताई से पहले खेत में डालें।



उन्होंने बताया कि ब्यूवेरिया बेसियाना जैविक कीटनाशक है, जो फली भेदक, पत्ती लपेटक, चूसक कीट, दीमक एवं सफेद गिडार की रोकथाम में लाभकारी है। इसके प्रयोग से पहले व बाद में रासायनिक कीटनाशकों का प्रयोग नहीं करना चाहिए। भूमि शोधन हेतु 2.5 किग्रा ब्यूवेरिया बेसियाना को 75-100 किग्रा गोबर की खाद में मिलाकर बुवाई से पूर्व अंतिम जुताई पर खेत में मिलाएं।

# प्राइवेट स्कूलों की मनमानी के विरोध में 19 को पदयात्रा

- उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की बैठक में लिया गया निर्णय

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**स्वार।** गुरुवार को उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगर तहसील अध्यक्ष अनवर अली की अध्यक्षता में उनके प्रतिष्ठान पर बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सभी पदाधिकारीयों ने 19 मई की पदयात्रा को लेकर चर्चा की। 19 को निकालने वाली पदयात्रा में भारी संख्या में पहुंचने का आह्वान किया। बैठक में अध्यक्ष अनवर अली ने कहा कि प्राइवेट स्कूलों की मनमानी को लेकर 19 में को पदयात्रा निकाली जाएगी। जोकि स्वार से होते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पर जाकर समाप्त होगी। प्राइवेट स्कूलों की मनमानी की रोकथाम के लिए जिलाधिकारी को बताया जाएगा। इस मौके पर तहसील अध्यक्ष अनवर अली, उपाध्यक्ष अजेन्द्र राठौर, ब्लॉक अध्यक्ष हाशिम शान, नगर महा सचिव मुशर्रफ अली उर्फ गुड्डू, नगर सचिव फुरकान अली, नगर सचिव अली रेहान अली, महामंत्री गगन सचदेवा, दानिश, इरफान, हामिद भूरा आदि मौजूद रहे।


स्वार में आयोजित बैठक में बोलते नगर तहसील अध्यक्ष। -जागरण मोर्चा।

### आपदा प्रभावित क्षेत्रों में प्रशासन अलर्ट, क्षतिग्रस्त विद्युत पोलों की मरम्मत के दिए निर्देश

**रामपुर।** विगत दिनों से तेज़ आंधी एवं खराब मौसम के कारण जनपद के कई क्षेत्रों में जनजीवन प्रभावित हुआ है। प्रशासन द्वारा स्थिति को गंभीरता से लेते हुए राहत एवं बचाव कार्यों में तेजी लाई गई है। डीएम अजय कुमार द्विवेदी ने निर्देश दिए कि आपदा से प्रभावित आमजन को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाए तथा उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान कराया जाए। राहत एवं बचाव कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और सभी अधिकारी फील्ड में सक्रिय रहकर लगातार स्थिति की मॉनिटरिंग करें। आंधी के चलते कई स्थानों पर विद्युत पोल क्षतिग्रस्त हो जाने से विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई है। इस संबंध में उन्होंने समस्त अधिशासी अभियंताओं को निर्देशित किया कि प्रभावित क्षेत्रों का तत्काल निरीक्षण कर क्षतिग्रस्त पोलों की मरम्मत अथवा प्रतिस्थापन का कार्य युद्धस्तर पर कराया जाए, ताकि विद्युत आपूर्ति शीघ्र बहाल की जा सके और आमजन को राहत मिल सके।

# बेरियर, ड्रम को हटाकर पुल पर वाहनों का संचालन शुरू

- बिटुमन के दाम अधिक होने पर काम रूका तो दौड़ने लगे पुल

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** बिटुमन के दाम अधिक होने से वजह से जर्जर अटरिया पुल का कार्य रूका तो पुल पर दुपहिया-चार पहिया वाहनों का संचालन शुरू हो गया है। चालकों ने बेरियर, ड्रम भी हटा दिए है और धड़ल्ले से वाहन दौड़ रहे हैं। वाहनों के संचालन को लेकर जिम्मेदारों को इसकी जानकारी नहीं हैं।

रामपुर-स्वार रोड स्थित अटरिया चौकी से एपीजे अब्दुल कलाम गेस्ट हाउस की ओर जाने वाले जर्जर पुल पर मेस्टिक कार्य कराया जा रहा है। 4.5 किलोमीटर में 3.40 करोड़ की लागत से कार्य कराया जा रहा है। लेकिन पिछले दिनों बिटुमन के दाम अधिक होने की वजह कार्य को रोक दिया गया। कार्य रूकने के कारण चार-दुपहिया चालकों की आवाजाही शुरू हो गई है। इसको लेकर सहायक अभियंता भव्यनिधि ने बताया कि बिटुमन के दाम अधिक होने के कारण पुल के कार्य को रोक दिया गया है। वाहनों के संचालन के बारे में जानकारी नहीं हैं। इसके लिए दिखवाया जा रहा है।


अटरिया पुल से नीचे उतरते बाइक सवार। -जागरण मोर्चा।

# केमिस्ट एसोसिएशन ने एसडीएम, सीओ को सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**शाहबाद।** नगर केमिस्ट एसोसिएशन ने एसडीएम आशुतोष कुमार, सीओ देवकीनंदन को ज्ञापन सौंपकर अवैध रूप से ई फार्मेसी संचालन पर पूर्ण रूप से रोक लगाए जाने की मांग की।

गुरुवार को तहसील परिसर स्थित एसडीएम कार्यालय और सीओ कार्यालय पर नगर की केमिस्ट एसोसिएशन की ओर से सौंपे गए ज्ञापन में अवैध ई-फार्मेसी के संचालन पर पूर्ण रोक लगाने के साथ-साथ एंटीबायोटिक का गलत उपयोग, नकली पर्चे, फार्मासिस्ट रोगी संवाद का अभाव, नकली स्टोरेज दबाएं समस्याओं को दूर करने की मांग की गई है। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि राष्ट्रीय संस्था एआईओसीडी द्वारा 20 मई वर्ष को एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी दवा व्यापार बंद करने का आह्वान भी किया गया है। ज्ञापन देने वालों में केमिस्ट एसोसिएशन शाहबाद के अध्यक्ष सुशील अग्रवाल, महामंत्री मोहम्मद खालिद खान, शाहनवाज अली, वसीम खान, शीशपाल आदि रहे।


शाहबाद में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते केमिस्ट एसोसिएशन। -जागरण मोर्चा।

# कोर कमेटी की बैठक में उठा अतिक्रमण का मुद्दा

- पुलिस लाइन में आयोजित हुई व्यापारियों की बैठक

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** पुलिस लाइन में आयोजित व्यापारियों की कोर कमेटी की बैठक में अतिक्रमण का मुद्दा उठा। जिलाध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा ने शहर के अंदर गाड़ियों की पार्किंग अतिक्रमण जाम की समस्या को पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि अतिक्रमण की वजह से शहर के प्रमुख बाजारों में काफी देर तक लंबा जाम लगता है जिससे लोग काफी देर तक जाम में फंसे रहते हैं। इसलिए इस समस्या का जल्द ही समाधान कराएं। जिस पर एसपी ने इस समस्या को जल्द ही दूर करने का भरोसा दिलाया।

गुरुवार को पुलिस लाइन के सभागार में व्यापार मंडल की बैठक हुई। बैठक में व्यापारियों ने समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। जिसको एसपी ने सुना। इस अवसर पर शाहिद शम्सी, शुऐब मोहम्मद खान, हारिस शम्सी, बिलाल शम्सी, चंद्र प्रकाश रस्तोगी, प्रदीप खंडेलवाल, शकेब अहमद, फैसल हबीब, एएसपी, सीओ सिटी समेत थानाध्यक्ष मौजूद रहे।


कोर कमेटी की बैठक में समस्याएं सुनते एसपी। -जागरण मोर्चा।

### अधिवक्ताओं की सदस्यता बहाल, आदेश चस्पा

**रामपुर।** बार एसोसिएशन के महासचिव मोहम्मद उस्मान खां ने बताया कि 12 मई को बार कौंसिल के आदेशानुसार एल्डर कमेटी द्वारा बार एसोसिएशन ने 63 अधिवक्ताओं की सदस्यता बहाल कर दी है। इसका आदेश बार एसोसिएशन के नोटिस पर चस्पा कर दिया है। महासचिव ने बताया कि दीप चंद गुप्ता, अबुल हसन एडवोकेट, दिलशाद हसन, फहीम अहमद, मकदूम अली, दिनेश सिंह चौररिया, संजीव कुमार यादव, मुजफ्फर अली एडवोकेट समेत अन्य सभी अधिवक्ताओं की सदस्यता बार कौंसिल के आदेश पर बहाल कर दी है।

कार्यक्रम | उच्च प्राथमिक विद्यालय कृष्णा नगर में धूमधाम से मनाया मातृ दिवस

# 'मां हमारे जीवन की होती है प्रथम गुरु'

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** कृष्णा नगर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में मातृ दिवस बड़े उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। विद्यार्थियों द्वारा माताओं के सम्मान में गीत, नृत्य, कविता एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम में माताओं के लिए प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। विजयी माताओ को उपहार प्रदान किये गये।

कार्यक्रम में माताओं ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना की। कार्यक्रम में उपस्थित माताओं ने मातृ दिवस पर अपने विचार प्रस्तुत किये। उन्होंने कहा कि मां हमारे जीवन की प्रथम गुरु होती हैं तथा उनके सम्मान और संस्कारों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। कार्यक्रम का समापन सभी माताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की इंचार्ज अध्यापिका पूनम भारती, अर्चना पांडेय, मीना यादव, रचना कपूर, जसकरण कौर, मंजू शर्मा, देवांशी कटियार, ब्रिथिका वाला सभी शिक्षिकाओं का पूर्ण सहयोग रहा।


उच्च प्राथमिक विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम माताओं को उपहार भेंट करतीं शिक्षिकाएं। -जागरण मोर्चा।

## एक नजर

### 21 से 23 अगस्त तक सर्वोच्च न्यायालय में आयोजित होगी विशेष लोक अदालत

**चन्दौसी।** सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली के निर्देशन में लंबित वादों के सौहार्दपूर्ण एवं त्वरित निस्तारण को समाधान समारोह 2026 (विशेष लोक अदालत) अभियान प्रारंभ किया गया है। जिला न्यायालय के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रभारी सचिव ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य न्याय प्रक्रिया को सरल, सुलभ एवं प्रभावी बनाते हुए आपसी समहति के आधार पर विवादों का समाधान कराना है। इस संबंध में 21,22 व 23 अगस्त को विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सर्वोच्च न्यायालय में लंबित उपयुक्त वादों का निस्तारण सुलभ–समझौते के माध्यम से किया जाएगा। अभियान के सफल संचालन को जनपद स्तर पर व्यापक प्रचार–प्रसार प्रारंभ कर दिया गया है। विभिन्न विभागों, कार्यालयों, अधिवक्ताओं, वादकारियों एवं आमजन को इस संबंध में जागरुक किया जा रहा है। जिससे अधिकारिक पात्र व्यक्ति इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकें।

# आयोग ने मैक्स सुपर हास्पिटल पर लगाया 5 लाख रुपये का जुर्माना

## हास्पिटल ने 3 लाख रुपये पैकेज से अधिक वसूली थी धनराशि

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** अस्पताल द्वारा मरीज के तीमारदार से पैकेज से अधिक धन वसूलने पर जिला उपभोक्ता आयोग ने अस्पताल को 5 लाख रुपये 7 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित वापस करने के आदेश दिए हैं।



लव मोहन वार्ष्णेय अधिवक्ता।

थाना असमोली क्षेत्र के गांव नगला खोकर निवासी नेमपाल सिंह ने अपनी पत्नी भाग्यवती के हृदय रोग के लिए देवकी देवी फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे मैक्स सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल साकेत नई दिल्ली में इलाज को ले गए। जहां हृदय के राइट एंट्रीयम में स्थित मांस को सर्जरी द्वारा 31 अगस्त 2021 को निकालने के पश्चात उसके राइट वेनिट्रिकिल को अक्रियशील हो जाने के कारण मरीज की रिकवरी धीमी हो गई। इलाज करने के लिए अस्पताल ने तीन लाख रुपये का पैकेज बताया। परन्तु धीरे-धीरे करके उनसे 11 लाख 80 हजार 795 रुपये ले लिए तथा 14-15 दिन रखने के बाद भी जब कोई सुधार नहीं हुआ तो घर ले जाने के लिए कहा। अगले दिन 21 सितंबर 2021 को अस्पताल से छुट्टी होने के उपरांत महिला की मौत हो गई। बिना इलाज के कागज देने व हास्पिटल से छुट्टी दे दी गई। अस्पताल द्वारा तय धनराशि से अधिक धनराशि वसूली तथा इलाज के पर्चे न देने के संबंध एवं इलाज में बरती गई लापरवाही के लिए जिला उपभोक्ता आयोग संभल में उपभोक्ता मामलों के विशेषज्ञ अधिवक्ता लवमोहन वार्ष्णेय द्वारा एक वाद प्रस्तुत किया गया।

आयोग ने दोनों पक्षों को तलब किया तो उन्होंने आयोग को बताया कि उनके द्वारा आपरेशन पूर्ण रूप से सही किया गया है, तो आयोग ने आपरेशन से संबंधित पूर्व व बाद की रिपोर्ट को प्रस्तुत करने के लिए कहा। जिस पर पहले तो अस्पताल द्वारा कोई भी प्रपत्र अथवा रिपोर्ट होने से मना किया गया। वादी के अधिवक्ता लवमोहन वार्ष्णेय द्वारा आयोग से अनुरोध किया कि परिवादी की पत्नी को डिस्चार्ज करने पर कोई भी इलाज के पेपर उपलब्ध नहीं कराए गए। जिस पर आयोग के आदेश देने पर अस्पताल की ओर से आपरेशन से पूर्व की गई जांच रिपोर्ट आयोग में दाखिल की। बार-बार आदेश दिए जाने के बावजूद भी विपक्षी द्वारा आपरेशन के बाद की रिपोर्ट दाखिल नहीं की गई। जिस पर आयोग ने दोनों पक्षों की बहस सुनी और अपना आदेश विपक्षीगण देवकी देवी फाउंडेसन व मैक्स सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल के प्रबंधक निदेशक/अध्यक्ष को आदेश दिया कि वह परिवादी नेमपाल सिंह को उसकी पत्नी की सर्जरी व इलाज में बरती गई चिकित्सकीय उपेक्षा को क्षतिपूर्ति के रूप में 5 लाख रुपये उस पर परिवाद संस्थान की तिथि से 7 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित दो माह के अंदर अदा करें। इसके अलावा विपक्षीगण परिवादी को मुबलिग 50 हजार रुपये मानसिक कष्ट व आर्थिक हानि की मद में तथा 5 हजार रुपये वाद व्यय के मद में भी अदा करेंगे। नियत अवधि में धनराशि अदा न किए जाने की दशा में ब्याज 9 प्रतिशत वार्षिक देय होगा।

# तेज आंधी व बारिश से गिरा विशाल पेड़, विद्युत आपूर्ति ठप, लोग परेशान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** तेज आंधी व बारिश से विद्युत आपूर्ति पूरी तरह चौपट हो गई। बुधवार की रात 11 बजे ठप हुई आपूर्ति गुरुवार की दोपहर एक बजे सुचारू हो सकी। वहीं आंधी व तेज बारिश से जगह-जगह सड़क किनारे लगे पेड़ गिर गए। जिससे यातायात के साथ-साथ विद्युत आपूर्ति व हाईटेंशन लाइन भी क्षतिग्रस्त हो गई।



गुमथल रोड पर गिरे पेड़ के पास से गुजरता टेंपो। –जागरण मोर्चा

विद्युत आपूर्ति ठप होने पर नागरिकों को पेयजलापूर्ति को परेशानी का सामना करना पड़ा। बुधवार की रात 11 बजे तेज आंधी के साथ बारिश आरंभ हो गई। जिससे बहजोई रोड, गुमथल रोड सहित अन्य कई स्थानों पर सड़क किनारे लगे विशाल पेड़ गिर गए। जिससे यातायात पूरी तरह से बाधित हो उठा। रात के समय यातायात बाधित होने से वाहनों चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं आंधी व बारिश में गिरे पेड़ से विद्युत पोल के साथ-साथ हाईटेंशन लाइन भी क्षतिग्रस्त हो गई। जिससे शहर के साथ-साथ मौलागढ़ फीडर की विद्युत आपूर्ति रात 11 बजे से ठप हो गई। कुछ स्थानों के आपूर्ति तो आंधी शांत होने पर सुचारू कर दी गई। मगर मौलागढ़ की फीडर की लाइन पर गिरे पेड़ से आपूर्ति ठप रही। रात में ही विद्युत कर्मचारियों ने मौके पर पहुंच हाईटेंशन पर गिरे पेड़ों को हटाने व लाइन को जोड़ने का कार्य प्रारंभ कर दिया। मगर कार्य अधिक होने से कार्य रात को पूरा नहीं हो सका। गुरुवार की सुबह विद्युत आपूर्ति ठप होने से नागरिकों को पेयजलापूर्ति को परेशानी का सामना करना पड़ा। दोपहर एक बजे आपूर्ति सुचारू होने पर नागरिकों ने राहत महसूस की।



चंदौसी के करेली रोड पर बिजली के तारों को ठीक करते विद्युत कर्मचारी।



महिला खिलाड़ियों को ब्लैक बैल्ट का प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते एसपी।

# साउथ कोरिया से मिली ब्लैक बेल्ट, एसपी ने किया सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** चन्दौसी ताइक्वांडो एकेडमी की खिलाड़ी पूर्वी राघव और आराध्या विश्वकर्मा को वर्ल्ड ताइक्वांडो हेड क्वार्टर कुक्किवोन (साउथ कोरिया) से ब्लैक बेल्ट का प्रमाण-पत्र मिला है। गुरुवार को दोनों खिलाड़ियों ने कोच सुरेश कुमार के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एसपी केके विश्नोई से मुलाकात की। एसपी ने दोनों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया और कहा कि बालिकाओं का आत्मनिर्भर बनना और खेलों में हिस्सा लेना समाज के लिए सकारात्मक संदेश है। कोच ने बताया कि दोनों खिलाड़ी 7 वर्षों से प्रशिक्षण ले रही हैं और कई राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीत चुकी हैं।

# आंधी-बारिश में गिरा कमरा, मलबे में दबकर पांच घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** धूल भरी आंधी व तेज बारिश ने भारी कहर बरपाया। आंधी से जहां जगह-जगह पेड़ गिरने से यातायात बाधित हो गया। वहीं बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव काजी बेहटा में बाग में बना कमरा भरभरा कर गिरने से 6 लोग दबकर घायल हो गए। जबकि एक बकरे की मौत हो गई। बुधवार की रात आधी व बारिश से घटलेश्वर गेट स्थित बाबूराम इंटर कालेज का छज्जा सड़क पर आ गिरा। गनीमत यह रही कि उस समय कोई सड़क से नहीं गुजर रहा था। वरना बड़ा हादसा हो सकता था।

बुधवार की सुबह 10.30 बजे आसमान में काले बादल छाने के साथ धूल भरी आंधी शुरू हो गई। जिससे बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव काजी बेहटा में सूरजपाल के बाग के पास खेत में घुइया लगाकर लोग आंधी व बारिश से बचने को बाग में बने कमरे में पहुंच गए। तेज हवा के साथ भरभराकर कमरे की छत गिर गई। जिसके मलबे में दबने से सूरज पाल पुत्र रामचंद्र, काति व रीना पुत्री अमर सिंह, उर्मिला पत्नी सूरजपाल, रंजन पुत्र मोहर सिंह घायल हो गए। जबकि कमरे में बंधे बकरे की मलबे में दबने से मौत हो गई। शोर-शराबा होने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और मलबे में दबे लोगों को बाहर निकाला। घायलों को 108 एंबुलेंस से उपचार के लिए सीएचसी में भेजा। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया।



मलबे में दबकर घायल हुई युवतियां का उपचार करते स्वास्थ्यकर्मी।



विद्यालय के छज्जे का मलबा। –जागरण मोर्चा

वहीं कोतवाली क्षेत्र के घटलेश्वर गेट में बुधवार की रात 11 बजे आयी तेज आंधी व बारिश से बाबूराम इंटर कालेज के आगे का छज्जा भरभराकर सड़क पर आ गिरा। गनीमत यह रही कि उस समय सड़क से कोई गुजर नहीं रहा था। छज्जा गिरने की आवाज होने से आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। लोगों ने इंटर कालेज स्वामी पर विद्यालय का भवन कमजोर होने के बाद भी तीन मंजिल बनाने का आरोप लगाया। घटना की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और घटना में कोई हताहत नहीं होने पर पुलिस ने राहत की सांस ली।

# डिलीवरी के समय हुई नवजात की मौत, लापरवाही का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** कोतवाली क्षेत्र के निजी हास्पिटल में डिलीवरी के दौरान नवजात की मौत होने पर पिता ने चिकित्सक व स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाया। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। इसके बाद दोनों पक्षों में फैसला होने से पुलिस वापस लौट गई।

थाना बिलारी क्षेत्र के गांव नुरुद्दीनपुर गंज निवासी सौरभ कुमार पुत्र प्रताप सिंह ने अपनी पत्नी दीपमाला की डिलीवरी को बुधवार की शाम चार बजे सुभाष रोड स्थित निजी हास्पिटल में डिलीवरी कराने को भर्ती कराया था। आरोप है कि हास्पिटल संचालक ने नार्मल डिलीवरी के 12 हजार रुपये बताए थे। उस समय युवक ने 6 हजार रुपये जमा कर दिए। गुरुवार की सुबह 9 बजे महिला की डिलीवरी कराई गई। जिसमें नवजात मृत पैदा हुआ। इस पर पिता ने चिकित्सक व स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा करना शुरु कर दिया। युवक ने बताया कि हास्पिटल संचालक द्वारा उससे बकाया धनराशि 6 हजार रुपये मांगने का आरोप लगाया। जबकि उसकी पत्नी पीड़ा से तड़प रही थी। युवक ने हास्पिटल स्टाफ से कहा कि पहले पत्नी का उपचार करों, रुपये मगाए हैं, आने पर दे दिए जाएंगे। हास्पिटल स्टाफ द्वारा नहीं सुनने पर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस पहुंचने पर हास्पिटल स्टाफ द्वारा महिला का उपचार किया गया। इसके बाद दोनों पक्षों में फैसला हो गया।

# बच्चों ने बनाए रंग-बिरंगे सजावटी सामान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** एबीसी किड्स मांटेसरी स्कूल में आर्ट एंड क्राफ्ट (कला एवं शिल्प शिक्षा) कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में जयपुर से आए अतिथि एवं कला विशेषज्ञ ने बच्चों को विभिन्न प्रकार की कलात्मक गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों की छिपी हुई प्रतिभाओं को निखारना तथा उन्हें रचनात्मक कार्यों के प्रति प्रेरित करना था।



कार्यशाला कलात्मक गतिविधियों का बच्चों को प्रशिक्षण देते प्रशिक्षक।

गुरुवार को संपन्न हुई कार्यशाला के दौरान बच्चों को रंग-बिरंगे कागजों, क्रेयॉन, कैंची एवं अन्य सजावटी सामग्रियों की सहायता से सुंदर-सुंदर कलात्मक वस्तुएं बनाना सिखाया गया। नई-नई चीजें सीखते समय बच्चों के चेहरे पर खुशी और उत्साह साफ दिखाई दे रहा थी। छोटे-छोटे बच्चों ने पूरे मन से गतिविधियों में प्रतिभाग कर अपनी कल्पनाशक्ति और रचनात्मकता का सुंदर प्रदर्शन किया। विद्यालय संचालिका संगीता भार्गव ने कहा कि कला एवं शिल्प शिक्षा बच्चों के मानसिक, शारीरिक एवं बौद्धिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। रंगीन कागज, क्रेयॉन और कैंची जैसी सामग्रियों का प्रयोग करने से बच्चों के हाथों और आंखों के समन्वय में सुधार होता है और उनकी कार्यकुशलता और निपुणता बढ़ती है। इस अवसर पर काजल, प्रिया, सिल्की, शालू, निशा, सरिता, इशिता, मनप्रीत, रक्षा, अर्शी, कुमुद, वंशिका, शिल्पा, अंकिता, नीरज आदि शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।



विद्यालय में बच्चों का नेत्र का परीक्षण करते चिकित्सक। –जागरण मोर्चा

# नेत्र परीक्षण शिविर में 27 बच्चों की आंखों का किया परीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** गोविंद बल्लभ पंत जूनियर हाईस्कूल में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) की ओर से नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। गुरुवार को आयोजित शिविर में नेत्र चिकित्सक डॉ. एमपी सिंह और अतुल सैनी ने विद्यालय के 27 छात्र-छात्राओं के नेत्रों का परीक्षण किया और उन्हें निशुल्क दवाइयां वितरित कीं।चिकित्सकों ने बच्चों को शरीर की साफ-सफाई रखने और आंखों को स्वच्छ रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि आंखों का जीवन में विशेष महत्व है, इसलिए कोई भी समस्या होने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। प्रधानाचार्य आशुतोष गुप्ता ने बच्चों को नियमित दवा डालने के लिए प्रेरित किया।

# सपा सांसद के विरोध में भाजपा का धरना

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** समाजवादी पार्टी सांसद द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अभद्र टिप्पणी व अपशब्द कहने के विरोध में भाजपाइयों ने कलक्ट्रेट पर पहुंच जमकर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान सपा सांसद के कृत्य की कड़ी निंदा की गई।




बहजोई स्थित कलक्ट्रेट पर धरना प्रदर्शन करते भाजपाई। –जागरण मोर्चा

गुरुवार को बहजोई स्थित भाजपा के धरना प्रदर्शन में भाजपा जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह ने कहा कि लोकतंत्र की मर्यादा का उल्लंघन किया गया है। सपा सांसद ने अमर्यादित भाषा का प्रयोग कर न केवल पद का अपमान किया है, बल्कि देश की 140 करोड़ जनता की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कहा कि सपा सांसद अजेंद्र सिंह अपने शर्मनाक बयान के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगे। परमेश्वर लाल सैनी ने कहा कि विपक्ष के पास मुद्दों पर बोलने के लिए कुछ नहीं बचा तो वह इस तरह की ओछी राजनीति व व्यक्तिगत हमलों पर उतर आते हैं।

क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल ने कहा कि भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता अपने नेता और देश के प्रधानसेवक के सम्मान की रक्षा के लिए संकल्पिक है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस तरह की बयानबाजी नहीं रुकी, तो इसका पुरजोर विरोध किया जाएगा। अजीत कुमार राजू ने कहा कि विपक्षियों ने सदैव ऐसी मानसिकता का परिचय दिया है। सपा द्वारा हमेशा तुष्टिकरण की राजनीति को बढ़ावा दिया गया है। भाजपा नेता मंजू दिलेर ने कहा कि सपा ने सदैव महिलाओं का अपमान किया है और आज हमारे प्रधानमंत्री के खिलाफ बोलकर पूरे देश की जनता को शर्मसार किया है।




स्वामियों को खोए व गुम हुए मोबाइल देते एएसपी। –जागरण मोर्चा

# एएसपी ने लौटाए स्वामियों के गुमशुदा मोबाइल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** जनपद की पुलिस ने नागरिकों के खोए और गुम हुए 261 महंगे मोबाइल बरामद कर उनके स्वामियों को सुपुर्द किए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 55 लाख रुपये है। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई के निर्देश पर जनपदीय साइबर सेल ने दूरसंचार विभाग के सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से अभियान चलाया था।अथक प्रयासों के बाद गैर जनपदों और अन्य राज्यों से इन मोबाइलों को रिकवर किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) मनोज कुमार रावत ने पुलिस कार्यालय में मोबाइल स्वामियों को उनके फोन सौंपे। अपना खोया हुआ कीमती मोबाइल वापस पाकर नागरिकों के चेहरे खिल उठे।

# फर्जी अस्पताल की शिकायत पर नोडल अधिकारी का छापा, लाइब्रेरी में मिले मेडिकल बेड

## फिजियोथेरेपी की आड़ में फर्जी व बिना पंजीकरण अस्पताल चलाने की हुई थी शिकायत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** फिजियोथेरेपी के आड़ में फर्जी व बिना पंजीकरण के अस्पताल चलाने की शिकायत पर नोडल अधिकारी टीम के साथ मौके पर पहुंच जांच की। जिसमें टीम को एक लाइब्रेरी कैंपस में कुछ बैड पड़े मिले। नोडल अधिकारी द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

थाना बहजोई क्षेत्र के गांव पुरा निवासी प्रताप सिंह ने मुरादाबाद पहुंच एडी हेल्क केयर पर पहुंच शिकायत दर्ज कराई थी। उनका आरोप था कि चन्दौसी के घटलेश्वर गेट में फिजियोथेरेपी की आड़ में फर्जी व बिना पंजीकरण के अस्पताल का संचालन किया जा रहा है। जिसमें बिना डिग्री के मरीजों के हाथ व पैर में पलस्तर लगाया जाता है। शिकायत के बाद नरौली सीएचसी प्रभारी व नोडल अधिकारी डा. विश्वास कुमार व नायब तहसीलदार सतेंद्र चाहल सहित टीम गठित की गई।

गुरुवार की दोपहर 12 बजे नोडल अधिकारी ने टीम के साथ फिजियोथेरेपी व लाइब्रेरी पर छापा मारा। जिससे हड़कंप की स्थिति उत्पन्न हो गई। टीम जब लाइब्रेरी में पहुंची तो वहां चिकित्सीय कई बैड व चिकित्सीय मशीन मौजूद थी। नोडल अधिकारी ने बताया कि फिजियोथेरेपी की आड़ में किसी प्रकार का अस्पताल नहीं चलाने दिया जाएगा। फिलहाल मामले की जांच चल रही हैं। छापे के दौरान आसपास के लोग एकत्र हो गए। किसी बात को शिकायत कर्ता व जांच टीम में नोक-झोंक भी हुई। जिसमें टीम द्वारा बताया गया कि वह अपनी तरह से मामले की जांच चल रही हैं। जांच के उपरांत जांच रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंपी जाएगी।



मौके पर जांच करते नोडल अधिकारी व टीम। –जागरण मोर्चा



लाइब्रेरी में पड़े चिकित्सीय बैड व रखे उपकरण। –जागरण मोर्चा



मौके पर जांच टीम से नोक–झोंक करता शिकायतकर्ता। –जागरण मोर्चा

## एक नजर

### मंडल संयोजक की नियुक्ति



**नगीना।** संयुक्त संघर्ष संचालन समिति उत्तर प्रदेश (पुरानी पेंशन बहाली अभियान) द्वारा विकासखंड कोतवाली नगीना के अध्यापक को मंडलीय संयोजन समिति के अध्यक्ष पद पर नामित किया गया। संयुक्त संघर्ष संचालन समिति उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष अजय सिंह तथा महासचिव आर के निगम द्वारा जारी संयुक्त पत्र में जनपद बिजनौर के विकासखंड कोतवाली स्थित प्राथमिक विद्यालय सत्तारवाला के मुख्य अध्यापक ओंकार सिंह को मुरादाबाद मंडल संयोजक प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। इसी के साथ यह आशा व्यक्त की है कि सिंह अपनी जिम्मेदारी को पूर्ण रूप से निर्वहन करेंगे तथा संघर्ष समिति के विस्तार के लिए समय निकाल कर कार्य करेंगे। संयुक्त संघर्ष संचालन समिति उत्तर प्रदेश ने इस आशा से ओंकार सिंह को मंडल के समस्त जनपदों में समिति के विस्तार के लिए कार्य करेंगे तथा मृतक आश्रित शिक्षकों एवं अन्य विभागों के कर्मचारियों को इसका लाभ मिल सके।

# ठाकुरद्वारा में सैटेलाइट बस स्टैंड की मांग तेज, पृथ्वीराज चौहान के नाम पर रखने का प्रस्ताव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**ठाकुरद्वारा।** ठाकुरद्वारा में लंबे समय से बेहतर रोडवेज व्यवस्था और आधुनिक बस अड्डे की मांग अब जोर पकड़ने लगी है। भारतीय जनता पार्टी के निवर्तमान जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह चौहान एवं लक्ष्य ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के अध्यक्ष डॉ. अमित चौहान ने सोमवार को लखनऊ पहुंचकर प्रदेश के परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने ठाकुरद्वारा में प्रस्तावित बस स्टैंड को आधुनिक सुविधाओं से युक्त सैटेलाइट बस स्टैंड के रूप में विकसित कराने की मांग उठाई।

दोनों नेताओं ने परिवहन मंत्री को दिए ज्ञापन में मांग की कि प्रस्तावित बस स्टैंड का नाम "सम्राट पृथ्वीराज चौहान बस स्टैंड" रखा जाए। उनका कहना है कि यह नाम क्षेत्र की ऐतिहासिक एवं सामाजिक भावनाओं का सम्मान करेगा। ज्ञापन में बताया गया कि यदि ठाकुरद्वारा में सैटेलाइट बस स्टैंड का निर्माण होता है तो इससे शहर में लगातार बढ़ रही ट्रैफिक जाम की समस्या में काफी राहत मिलेगी। साथ ही आसपास के ग्रामीण एवं उपनगरीय क्षेत्रों को बेहतर परिवहन सुविधा मिल सकेगी। प्रस्तावित बस स्टैंड में यात्रियों के लिए आधुनिक वेटिंग रूम, कैफेटेरिया, स्वच्छ पेयजल, शौचालय एवं अन्य यात्री सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग भी की गई है। राजपाल सिंह चौहान और डॉ. अमित चौहान ने कहा कि मुंशीगंज रामूवाला गणेश स्थित बंद पड़े रोडवेज बस स्टैंड को सुचारु रूप से संचालित कराने की मांग भी लंबे समय से चल रही है। इस संबंध में पूर्व में मुख्यमंत्री से भी मुलाकात कर क्षेत्र की परिवहन समस्याओं से अवगत कराया गया था। इसके बाद ठाकुरद्वारा से दिल्ली और हरिद्वार के लिए दो नई बस सेवाएं शुरू कराई गईं, लेकिन बस स्टैंड की व्यवस्था अब तक पूरी तरह पटरी पर नहीं आ सकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि करीब 30 वर्ष पूर्व समाजवादी सरकार के समय बना रोडवेज बस स्टैंड आज भी धरातल पर बदहाल स्थिति में है। बस स्टैंड परिसर में चारों ओर गंदगी और घास फैली हुई है, जबकि कागजों में इसका संचालन दर्शाया जा रहा है। इसे चालू कराने के लिए समय-समय पर धरना-प्रदर्शन भी किए गए, लेकिन कोई ठोस परिणाम सामने नहीं आया। क्षेत्रवासियों का कहना है कि भाजपा सरकार बनने के बाद लोगों को उम्मीद जगी थी कि ठाकुरद्वारा को बेहतर रोडवेज सुविधा मिलेगी, लेकिन अब तक बस स्टैंड पूरी तरह संचालित नहीं हो सका, जिससे लोगों में मायूसी बनी हुई है। वहीं अब सैटेलाइट बस स्टैंड की मांग को जनहित से जुड़ा बड़ा मुद्दा माना जा रहा है।



रोडवेज बस स्टैंड का नाम परिवर्तन को लेकर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष पर लक्ष्य कॉलेज के प्रबंधक डा. अमित सिंह चौहान लखनऊ में परिवहन मंत्री को ज्ञापन देते।






ठाकुरद्वारा मुरादाबाद रोड पर स्थित मुंशीगंज के निकट रोडवेज बस स्टैंड।

## पति ने चोरी-छिपे रचाई दूसरी शादी, विरोध पर ससुर को पीटा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** थाना डिडौली क्षेत्र के गांव पायती कला निवासी मोहम्मद इकबाल ने अपनी बेटी अफसाना की शादी थाना सैदनंगली क्षेत्र के गांव कनैटा निवासी नसरुद्दीन के साथ अपनी बेटी की शादी 2017 में की थी, अपनी हैसियत के मुताबिक दहेज में काफी दान दहेज दिया था, आरोप है कि शादी के दो साल बाद चोरी छुपे नसरुद्दीन ने दिल्ली में दूसरी शादी कर ली और पत्नी को इसकी भनक तक नहीं लगने दी तथा पहली पत्नी को खर्चे के लिए कम पैसे देता जिससे कि उसका गुजारा नहीं हो पा रहा था, धीरे-धीरे यह मामला पत्नी की संज्ञान में आया तो अफसाना ने अपने मायके वालों से शिकायत की गुरुवार को अफसाना के पिता इकबाल और उनका बेटा कनेटा पहुंचे और उन्होंने शिकायत की, आप है कि कहासुनी के दौरान अफसाना के जेठ ने इकबाल के सिर में लाठी डंडे से वार कर उसे बुरी तरह घायल कर दिया घायल हालत में पीड़ित अपने बेटे व बेटी के साथ सैद नंगली थाने पहुंचा आरोपी के खिलाफ नामजद तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर लेकर घायल को मेडिकल के लिए नगर के सीएचसी भेज दिया। जहां उसकी हालत को गंभीर देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

अफसाना ने पुलिस को बताया कि पति ने दूसरी शादी कर ली है और खर्च को लेकर परेशान हूं। मेरे पास एक बेटा और एक बेटी है। गुरुवार को मेरे पिता और मेरे भाई बातचीत करने के लिए आए थे, लेकिन मेरे जेठ और पति ने भाई और मेरे पिता के साथ मारपीट की।

## मकान से टकराया हाई टेंशन तार, हटाने की मांग

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में आई तेज आंधी के चलते हाई टेंशन विद्युत का तार खंबे की चिमनी से टूटकर पास के ही मकान से टच हो गया। मकान मालिक ने तार को हटाने की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के गांव मल्ल वाली डगरौली निवासी विनोद पुत्र हरपाल ने बताया कि बुधवार को आई तेज आंधी के चलते खंबे की चिमनी टूटकर जमीन पर गिर गई जिससे हाई टेंशन विद्युत लाइन का तार चिमनी से हटकर मकान से टकरा गया मकान मालिक को डर है कि अगर आपूर्ति सुचारू हुई तो मकान में करंट आ सकता है। जिससे कोई अप्रिय घटना घट सकती है। पीड़ित के द्वारा मकान से लगे बिजली के तार को हटाने की मांग की है।

## आवास आयुक्त ने किया गौशाला का निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**गजरौला।** आवास आयुक्त बलकार सिंह द्वारा कान्हा गौशाला गजरौला का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए गौशाला को 'आत्मनिर्भर' बनाने के दिए निर्देश

गुरुवार को उत्तर प्रदेश शासन के नोडल अधिकारी / आवास आयुक्त बलकार सिंह द्वारा नगर पालिका परिषद गजरौला के अंतर्गत संचालित कान्हा गौशाला का विस्तृत स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय गौशाला में कुल 234 गौवंश संरक्षित पाए गए।, जिसमें सभी पशु पूर्णतः स्वस्थ मिले। पशुओं हेतु निर्मित 04 शेडों में व्यवस्थाएं मानक के अनुरूप पाई गईं। ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत पशुओं को लू एवं तापघात से बचाने हेतु लगाए गए पंखे, कूलर एवं स्वच्छ पेयजल, रात्री में प्रकाश की उपलब्धता पर नोडल अधिकारी ने संतोष व्यक्त किया। गौशाला में भूसा, हरा चारा एवं गुड़ आदि की उपलब्धता संतोषजनक मिली। निरीक्षण के दौरान बलकार सिंह ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि पशुओं का स्वास्थ्य और सेवा हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। गौशाला में निर्मित उत्पादों के माध्यम से स्वावलंबन के प्रयास किए जाएं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी नितिन गौड़, अपर जिलाधिकारी (वित्त) गरिमा सिंह, परियोजना निदेशक परियोजना निदेशक, अधिकारी आभा दत्त, पशु चिकित्सक डॉ. अतुल, पूर्व विधायक / नगर स्वच्छता प्रेरक हरपाल सिंह एवं अधिशासी अधिकारी ललित कुमार आर्य सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।




## एंबुलेंस टेक्नीशियनों का मंडलीय प्रशिक्षण संपन्न

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्थित एएनएम ट्रेनिंग सेंटर में 102 व 108 एंबुलेंस सेवा के इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियनों (ईएमटी) का सातवां मंडल स्तरीय प्रशिक्षण गुरुवार को संपन्न हो गया। इसमें मुरादाबाद मंडल के बिजनौर, मुरादाबाद, संभल, रामपुर, अमरोहा और हापुड़ के टेक्नीशियनों ने भाग लिया।लखनऊ से आए ट्रेनर नितिन और क्वालिटी ऑडिटर रजनीश कुमार ने बताया कि हादसे के तुरंत बाद 'गोल्डन ऑवर' में सही प्राथमिक उपचार मिलने से जान बचने की संभावना बढ़ जाती है। इसमें उपकरणों के संचालन और सुरक्षित अस्पताल पहुंचाने की तकनीक सिखाई गई। इस दौरान डॉ. धुर्वेंद्र सिंह और विजय गोस्वामी मौजूद रहे।

## नीट धांधली के खिलाफ राष्ट्रपति को ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** भारतीय किसान यूनियन बी.आर. अंबेडकर के कार्यकर्ताओं ने नीट परीक्षा में हुई कथित अनियमितताओं और पेपर लीक के विरोध में गुरुवार को राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम की गैर मौजूदगी में नायब तहसीलदार मनोज कुमार को सौंपा।

भाकियू बी आर अंबेडकर के पदाधिकारियों ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि किसान और मजदूर वर्ग का बच्चा अपनी गाढ़ी कमाई खर्च कर दिन-रात मेहनत करता है, लेकिन परीक्षा में भ्रष्टाचार उनके सपनों को तोड़ रहा है। संगठन ने मुख्य रूप से मामले की उच्च स्तरीय न्यायिक या सीबीआई जाँच, भविष्य के लिए सख्त एंटी-पेपर लीक कानून और भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों व भू-माफियाओं पर कठोर कार्रवाई की माँग की है। यूनियन ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने परीक्षार्थियों को न्याय दिलाने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए, तो संगठन सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करने के लिए विवश होगा। इस दौरान अरमान तुर्की, डॉ दिग्विजय भाटी, रूम सिंह, सोनू गुर्जर, कुलदीप भारती, नन्हे यादव, गौतम सहित कार्यकर्ता एवं किसान मौजूद रहे।



नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए भाकियू बीआर अंबेडकर। -जागरण मोर्चा

▸ सीबीआई जांच और सख्त एंटी-पेपर लीक कानून बनाने की मांग

▸ न्याय न मिलने पर सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन की चेतावनी

## भाजपा की गुटबाजी सड़क पर, 2027 की राह मुश्किल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** हसनपुर विधानसभा भाजपा में गुटबाजी अब केवल अंदरूनी मतभेद नहीं बल्कि संगठन की कार्यशैली को प्रभावित करने वाली स्थायी सच्चाई बन चुकी है। पार्टी नेतृत्व एक तरफ संगठन को मजबूत करने और अनुशासन का संदेश देने में जुटा है, दूसरी तरफ जिले एवं नगर के वरिष्ठ नेताओं के अलग-अलग राजनीतिक एजेंडे इस कोशिश को कमजोर कर रहे हैं। भाजपाइयों द्वारा ज्ञापन दिए जाने की खबर सामने आते ही पार्टी की अंदरूनी गुटबाजी और खींचतान खुलकर सामने आ गई है, इससे यह संदेश भी गया कि सत्ता में होने के बावजूद हसनपुर विधानसभा भाजपा में सब कुछ ठीक नहीं है।

भारतीय जनता पार्टी हाई कमान जहां 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी में लगा हुआ है और 2027 के किले को जीतने के लिए रणनीति तैयार कर रहा है। वहीं काफी समय से हसनपुर नगर में भाजपा पदाधिकारियों के आपसी मतभेदों के चलते एक दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं। लेकिन मंगलवार को भाजपा की अंदरुनी कलह खुलकर सामने आ गई और भाजपा के एक गुट ने नगर पालिका अध्यक्ष पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए उप जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपा, जो नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है, वहीं नगर पालिका अध्यक्ष के विरोधी सोशल मीडिया के ग्रुपों पर लगातार उनके खिलाफ लिख रहे हैं और शासन से कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

**राशन-विवाद** ग्रामीणों का एक गुट कार्रवाई और दूसरा गुट दोबारा जांच की मांग पर अड़ा

# राशन डीलर पर कार्रवाई की मांग को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** तहसील क्षेत्र के एक गांव के ग्रामीणों ने एकत्र होकर राशन डीलर पर राशन कम देने का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन कर कार्रवाई की मांग की। आरोप है कि जांच के बाद भी अधिकारियों द्वारा डीलर पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही। अगर दो दिन में कार्रवाई नहीं की गई तो वह डीएम के समक्ष अपनी शिकायत दर्ज कराएंगे। तहसील क्षेत्र के गांव बाटुपुरा की राशन डीलर निमना पत्नी रामपाल की राशन की दुकान की दो दिन पूर्व पूर्ति निरीक्षक के द्वारा ग्रामीणों की शिकायत पर जांच की गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई न होने से नाराज ग्रामीण गुरुवार को गांव करनपुर माफी स्थित तहसील कार्यालय पर एकत्र हुए और कार्रवाई की मांग को लेकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। पूर्ति निरीक्षक मोहित चौधरी से वार्ता कर डीलर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई, जिस पर पूर्ति निरीक्षक द्वारा दो दिन में अपनी जांच रिपोर्ट जिला आपूर्ति निरीक्षक को सौंपने की बात कही गई। ग्रामीणों का आरोप है कि राशन डीलर पर प्रतियूनिट 4 किलो राशन देता है और विरोध करने पर कहता है तुमसे जो हो वह कर लो। प्रदर्शन करने वालों में महेंद्र, गजराम, विनोद, विक्रम, परवीन, निरंजन, महिपाल, खेमचंद, हरीश, अतर सिंह, गौरव, गजेंद्र, जयपाल, राजेंद्र, रविंद्र, विनय, अरविंद, लोकेश, सुनीता, कांति, छोटी, जगवती, सरस्वती, यशोदा, सावित्री, रामवती रहे।



राशन डीलर के खिलाफ प्रदर्शन करते ग्रामीण। -जागरण मोर्चा

### राशन डीलर के पक्ष में ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर दोबारा जांच कराने की मांग

**हसनपुर।** तहसील क्षेत्र के एक गांव के ग्रामीणों ने राशन डीलर के पक्ष में प्रदर्शन कर अधिकारियों से दोबारा जांच कराने की मांग की। तहसील क्षेत्र के ब्लॉक गजरौला के गांव बाटूपुरा में निम्ना पत्नी रामपाल राशन डीलर है, ग्रामीणों की शिकायत पर अधिकारियों द्वारा कुछ दिन पूर्व उनकी जांच की गई थी। लेकिन राशन डीलर के पक्ष के ग्रामीणों ने जांच सही न करने का आरोप लगाते हुए। गुरुवार को गांव करनपुर माफी स्थित तहसील कार्यालय के प्रांगण में एकत्र हुए और राशन डीलर के पक्ष में प्रदर्शन कर अधिकारियों से दोबारा निष्पक्ष जांच करने की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ गांव के ही लोग डीलर से रंजिश रखते हैं। जिसके चलते डीलर पर गलत आरोप लगा रहे हैं। कुछ दिन पूर्व अधिकारियों द्वारा जांच की गई थी। जिसमें डीलर पक्ष के लोगों से बयान नहीं लिए गए थे। ग्रामीणों की मांग है कि मांग दोबारा से जांच की जाए। प्रदर्शन करने वालों में रामपाल सिंह, लोकेश, दिनेश, अरविंद, विजय, मूलचंद, कलुआ, पुरन, राहुल, दीवान, महेंद्र, देवीसाहय, गुलाब, हरपाल, महेंद्र सिंह, तेजराम, अनिल, रोहतास, रघुवीर, करनपाल, रजनीश चमन आदि मौजूद रहे।



राशन डीलर के पक्ष में प्रदर्शन करते हुए ग्रामीण। -जागरण मोर्चा

## संक्षेप समाचार

### भीख मांग रहे मंदबुद्धि अधेड़ के पेट में चाकू घोंपा

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले में भीख मांगकर अपना गुजारा करने वाले एक मंदबुद्धि अधेड़ व्यक्ति के पेट में अज्ञात युवक ने चाकू मार दिया। लहूलुहान हालत में घायल को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।जानकारी के अनुसार, नगर के मोहल्ला हिरन वाला निवासी इकबाल पुत्र इनायत उल्ला खान मंदबुद्धि है और कस्बे में भीख मांगकर अपना पेट पालता है। गुरुवार को जब वह नगर के लालबाग ऊंचा क्षेत्र में भीख मांग रहा था,तभी एक युवक ने अचानक उस पर हमला कर पेट में चाकू घोंप दिया।वारदात के बाद हमलावर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को तुरंत नगर के सीएचसी में भर्ती कराया। जहां उसका उपचार किया जा रहा है।पुलिस का कहना है कि आरोपी युवक की तलाश की जा रही है, तहरीर मिलने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### युवक पर फावड़े से जानलेवा हमला, मुकदमा दर्ज

हसनपुर। कोतवाली क्षेत्र के गांव में दीवार की मरम्मत करा रहे एक युवक पर पड़ोसियों ने फावड़े से हमला कर लहूलुहान कर दिया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के गांव करनपुर माफी निवासी तरुण पुत्र गौतम सिंह ने बताया कि बुधवार को वह छुट्टा सांड़ द्वारा गिराई गई अपनी दुकान की दीवार की मरम्मत राजमिस्त्री से करा रहा था। तभी गांव के ही दबंग आरोपी वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपी ने पास रखे फावड़े से तरुण के सिर पर प्रहार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर मचने पर ग्रामीण इकट्ठा हुए तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। जब इस बारे में प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी से बात की तो उन्होंने बताया मारपीट की तहरीर मिली है, पीड़ित की तहरीर के आधार पर गांव के ही शेर सिंह, जगदीश उर्फ गुलाब सिंह और शिव कुमार के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।



अधिवक्ता वरिष्ठ उप निरीक्षक अमित कुमार से शिकायत दर्ज कराते हुए।

### अधिवक्ता पर जानलेवा हमला और अभद्रता, कार्रवाई के लिए कोतवाली पहुंचे वकील

**हसनपुर।** नगर की तहसील में कार्यरत अधिवक्ता शरफराज अली के साथ हुई मारपीट और अभद्रता की घटना से वकीलों में रोष व्याप्त है। घटना के विरोध में भारी संख्या में अधिवक्ता कोतवाली पहुंचे और आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए तहरीर दी। घटना गुरुवार की दोपहर करीब 12 :30 बजे की है, जब अधिवक्ता अपनी पत्नी के साथ दवा लेने अमरोहा जा रहे थे। रजिस्ट्री कार्यालय के बाहर स्कूटी सवारों ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। अधिवक्ता के द्वारा विरोध करने पर आरोपियों ने लोहे की रॉड से उन पर जानलेवा हमला कर दिया। शोर सुनकर मौके पर पहुंचे साथी वकीलों और राहगीरों ने उन्हें बचाया, जिसके बाद आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गए।पीड़ित अधिवक्ता का आरोप है कि हमलावरों ने उनकी पत्नी के साथ बदतमीजी की और इस दौरान उनकी जेब से 7500 रुपये की लूट को भी अंजाम दिया गया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है। शिकायत दर्ज करने में बार अध्यक्ष चौधरी गजेंद्र सिंह एडवोकेट, ब्रज किशोर, वीर सिंह, सुरेश चौहान, विजय पाल सिंह, अनूप सिंह, संजय सिंह, सुरेश सैनी, मंगल सेन शर्मा, मुजाहिद चौधरी, महिपाल सिंह सहित काफी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

### बाइक चोर गिरफ्तार, नकदी बरामद

**नगीना।** पुलिस ने चोरी की गई एक मोटरसाइकिल के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में उसका चालान कर दिया, पुलिस ने गिरफ्तार किये गये अभियुक्त के पास से 4 हजार रुपये भी बरामद किये। पुलिस द्वारा जारी प्रेस नोट के अनुसार 19 अप्रैल 2024 को थाना क्षेत्र के ग्राम धर्मशानंगली निवासी गोतम सिंह पुत्र मेघराज सिंह व ग्राम धर्मशानंगली ही निवासी फिरोज उस्मानी पुत्र रुस्तम ने 12 मई 2026 को अपनी अपनी मोटरसाईकिलें चोरी होने की तहरीर पुलिस को दी थी पुलिस ने दोनों ही मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी, पुलिस के अनुसार विवेचना में चोरी गई मोटरसाईकिलों के मामलों में आशु चौधरी पुत्र विरेंद्र सिंह निवासी ग्राम धर्मशानंगली का नाम प्रकाश में आया, थाने के एसआई अजित कुमार ने पुलिसकर्मियों की मदद से चोरी की गई एक मोटरसाइकिल सहित अभियुक्त आशु चौधरी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके पास से 4 हजार रुपये भी बरामद किये। पुलिस की पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त आशु ने बताया कि चोरी की गई एक मोटरसाइकिल उसने अपने एक साथी हरिद्वार क्षेत्र के ग्राम मुलाना थाना मंगलौर निवासी सनी पुत्र दीपक को बेचने के लिए दी थी जो उसने 9 हजार रुपये में बेच दी थी, 4 हजार रुपये उसके हिस्से में आये थे।



पुलिस की गिरफ्त में बाइक चोर।

### नहर का पुल टूटा, नीचे गिरी ट्रैक्टर ट्राली

**गजरौला।** कई गांवों को जोड़ने वाले पेंटून पुल पर ओवरलोड ट्रैक्टर ट्राली निकालते समय पुल टूट गया और ट्रैक्टर ट्राली नहर में डूब गई। चालक ने समय रहते कूदकर जान बचाई। गुरुवार की सुबह गांवों के लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। वहीं सिंचाई विभाग के उपखंड अधिकारी व दो जेई मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से घटना की जानकारी ली। बता दें कि ब्लॉक क्षेत्र के गांव अलीनगर से दारानगर, मंदिर वाली भुड्डी, टोकोवाली आदि गांवों में जाने के लिए नहर पर पेंटून पुल बना है। यहां से गांवों के लोग अपने कृषि वाहन, ट्रैक्टर ट्राली, बाइक आदि निकालकर एक स्थान से दूसरे स्थान जाते हैं। रात करीब 11 बजे एक ओवरलोड टैक्टर ट्राली दारानगर की दिशा से पेंटून पुल पर पहुंची। पुल का एक पीपा तो पार कर लिया मगर दूसरे पीपे पर पहुंचते ही ओवरलोड ट्रैक्टर ट्राली के वजन से पुल टूट गया और पीपे के साथ साथ ट्रैक्टर ट्राली भी नहर में बह गई। गुरुवार की सुबह गांवों के लोगों की भीड़ एकत्र हो गई।

### कारमेल स्कूल में हुआ टॉपर्स का सम्मान

**गजरौला।** नगर के कारमेल पब्लिक स्कूल में सीबीएसई परीक्षा के परिणामों में इण्टरमीडिएट के छात्र-छात्राओं द्वारा शानदार प्रदर्शन करने पर प्रबंध समिति द्वारा सम्मानित किया गया। बता दें कि कारमेल की छात्र सलोनी चाहल ने 97-2 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया तथा जिले की मेरिट सूची में चौथा स्थान प्राप्त किया। मानवी चौधरी ने 92-8, सुमित ने 91-6, जिया ने 90-6 और अंशिका ने 90-40 अंक प्राप्त किए। सभी मेधावी विद्यार्थियों को प्रबंधक बिक्रम सिंह चौहान द्वारा मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया। प्रबंधक ने कहा कि छात्र-छात्राओं ने कठिन परिश्रम करके सफलता का कीर्तिमान रचा है। इस मौके पर प्रधानाचार्य सुधांशु शर्मा, उप-प्रधानाचार्य आरपी सिंह, अनीता भटनागर, पूजा सैनी, धनवंत सिंह, सत्यपाल सिंह, संजय कुमार आदि मौजूद रहे।

### पूर्व विधायक ने किया चयनित अभ्यर्थियों को सम्मानित

गजरौला। नगर के पंजाब नेशनल बैंक के निकट ग्रुप सोल्युशन बैंकिग एवं इन्टरव्यू ट्रेनिंग प्रोग्राम केन्द्र पर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक हरपाल सिंह ने बैंकों एवं फाइनेंस कम्पनियों में चयनित 11 अभ्यर्थियों को सम्मानित किया। पूर्व विधायक ने बच्चों के प्रयास की सराहना की। केन्द्र के निदेशक धर्मेन्द्र कुमार आजाद ने बताया कि उनके केन्द्र के माध्यम से बच्चों को बैंकिंग सेवाओं के लिए तैयार करके उनका प्लेसमेंट कराया जाता है। केन्द्र का उद्देश्य हर बेरोजगार को रोजगार उपलब्ध कराना है। इस मौके पर प्रो. ओमकार सिंह, शेर सिंह बौद्ध, मनोज कुमार, गजेन्द्र सिंह, प्रीतम सिंह, जाकिर आदि मौजूद रहे।

# संपादकीय

## ‘पेपर लीक’ का माफिया कौन?

एक बार फिर ‘पेपरलीक’ और करीब 23 लाख युवा बच्चों का भविष्य अधर में, अंधकारपूर्ण और अनिश्चित! ‘नीट’ का पेपर लीक हुआ है। अभ्यर्थी युवाओं में कई होनहार, विशेषज्ञ डॉक्टर बन सकते थे! जिंदगियां बचा सकते थे! घर-परिवार की आर्थिक स्थितियां बेहतर कर सकते थे! मां-बाप के कर्ज चुकता कर सकते थे! लेकिन एक माफिया, संगठित गिरोह, पैसे के हवसी, संवेदनहीन साजिशकार इस देश में सक्रिय हैं, जो युवा पीढ़ी को बार-बार निराश, हताश कर रहे हैं। उनकी उम्मीदें छीन रहे हैं। विडंबना यह है कि बीते सालों में 70 बार या अधिक पेपरलीक कराए गए हैं, कुछ ‘काली भेड़ें’ जेल में हो सकती हैं, लेकिन सरगना बेखौफ, बेलगाम षड्यंत्र रच रहे हैं। आज तक न तो सीबीआई और न ही सरकारों की अन्य एजेंसियां इस नापाक नेटवर्क के ‘माफिया’ को तय नहीं कर पाई हैं। बेशक सीबीआई देश की प्रमुख जांच एजेंसी है। कानून में सजा कितनी है-3, 4, 5 अथवा 10 साल तक। किसको सजा दी गई? किस पर 1 करोड़ रुपए का जुर्माना ठोंका गया? किस पर स्थायी पाबंदी लगाई गई? इन सवालों के जवाब तो केंद्रीय शिक्षा मंत्री को देने चाहिए। हकीकत यह है कि यह शर्मनाक, देशद्रोही धंधा आज हजारों करोड़ रुपए का बताया जा रहा है। क्या इन साजिशकारों के घरों में युवा बच्चे नहीं हैं? वे भी डॉक्टर, इंजीनियर बनना चाहते होंगे! शायद उनके साथ ऐसे हादसे नहीं हुए या उनके बच्चे भी पेपरलीक के जरिए पास हो गए होंगे! पेपरलीक का धंधा तो शाश्वत लगता है हमें! भारत जैसे विराट, सम्मानित और विश्व-गुरु की खुशफहमी पाले देश के लिए ये करतूतें, हरकतें, युवा पीढ़ी के सपनों को चकनाचूर करने वाली ‘माफियागीरी’ शर्मनाक ही नहीं, बल्कि इसका दमन भी आतंकवाद, नक्सलवाद की तरह किया जाना चाहिए। दरअसल मौजूदा शिक्षा मंत्री नालायक हैं, शिक्षा मंत्रालय नकारा, भ्रष्ट है और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) बार-बार साबित हो रही है कि वह पारदर्शी, ईमानदार, लीक-मुक्त परीक्षाएं कराने के लायक ही नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी बेहद जागरूक और पारदर्शी नेता हैं, ऐसे निकम्मेपन के खिलाफ माने जाते रहे हैं, लिहाजा मौजूदा व्यवस्था को पूरी तरह बदलें। अंततः युवा पीढ़ी और जनता को सडक़ों पर बिछ कर जन-आंदोलन खड़ा करना पड़ेगा। यह सिर्फ 23 लाख बच्चों के भविष्य का ही नहीं, बल्कि 23 लाख परिवारों के भविष्य पर आघात किया गया है। अधिकांश बच्चे गरीब या निम्न मध्यवर्गीय होते हैं। जिन बच्चों के लिए 10-28 लाख रुपए में लीक वाले प्रश्नपत्र खरीदे जाते हैं, उस जमात को छोड़ दीजिए। दरअसल वे ही पेपरलीक के धंधे के थोक-ग्राहक हैं, लिहाजा इस शर्मनाक धंधे के सह-भागीदार हैं। हमने चार दशक से अधिक की पत्रकारिता के दौरान पेपर और भ्रष्टाचार के मामले देखे हैं, कवर किए हैं। नकदी के बंडलों के लेन-देन देखे हैं। उनमें कुलपति, रजिस्ट्रार से लेकर प्रिंटिंग प्रेस तक की ‘मिलीभगत’ भी देखी है, लिहाजा पेपरलीक के दौर में प्रिंटिंग प्रेस और उसके दल्लों की धंधेबाजी और नतीजतन पेपरलीक कमोबेश हमें नहीं चौंकाता। अब इस नेटवर्क को तोडऩे और मसलने का वक्त आ गया है। अब प्रधानमंत्री मोदी और उनकी कैबिनेट के खास, समझदार मंत्रियों को विमर्श कर यह तय करना पड़ेगा कि परीक्षा का तरीका क्या होना चाहिए? ऑफलाइन परीक्षा क्यों जरूरी है? डिजिटल के दौर में कई परीक्षाएं ऑनलाइन आयोजित की जा रही हैं। अब ‘नीट’ का पेपरलीक हुआ है, तो 400-500 करोड़ रुपए पर पानी फिर गया। यह करदाता का पैसा था। बताया जा रहा है कि एक गैस पेपर बीते 15-30 दिनों से घूम रहा था। वह 150 पन्नों का था, जिसमें 410 प्रश्न संकलित किए गए थे। उनमें 120-140 सवाल हूबहू परीक्षा में पूछे गए। बॉयलोजी के तो 90 प्रश्न और रसायन विज्ञान के 45 प्रश्न परीक्षा में आ गए, मानो गैस पेपर की ‘फोटोप्रति’ की गई हो! सीबीआई जांच करेगी कि यह कैसे और क्यों हो सकता है? अनुमानित पेपर के नाम पर पुस्तिकाएं बाजार में बिकती रही हैं, लेकिन इतना मिलान, हूबहू होना सवालिया और संदेहजनक है। परीक्षा रद्द करना कोई समाधान नहीं है।

# ट्रंप की चीन यात्रा व ईरान संकट का प्रश्न



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अप्रैल, 2026 में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ‘ट्रूथ सोशल’ पर एक रूढ़िवादी रेडियो होस्ट, माइकल सैवेज की पोस्ट को ‘रीशेयर’ करते हुए भारत और चीन को ‘हेलहोल्स’, यानी ‘नरक जैसी जगह’ बताया था। ट्रंप पहले वाले ‘नरक’ में पधार चुके हैं। शुक्रवार तक वे ‘नरकवासी’ रहेंगे। दोनों शासन प्रमुखों की मुलाक़ात की पहली जगह है, ‘टेम्पल ऑफ़ हैवन’। लगता है, शी ने जानबूझ कर यह वेन्यू चुना है, ताकि वो अमेरिकी राष्ट्रपति को यह महसूस करा सकें, कि आप जिसे ‘नरक’ बोल रहे थे, वहां स्वर्ग के वास्ते मंदिर भी है। इस बार ‘फ़र्स्ट लेडी’ ट्रंप के साथ चीन नहीं जा रही हैं।

सबका ध्यान यूनेस्को द्वारा घोषित विश्व विरासत स्थल, ‘टेंपल ऑफ़ हेवन’ (स्वर्ग का मंदिर) पर केंद्रित होगा; यह सदियों पुराना एक शाही परिसर है, जो अनुष्ठानों, ब्रह्मांडीय व्यवस्था और राजनीतिक सत्ता से जुड़ा हुआ है। रविवार को अमेरिका की मुख्य उप प्रेस सचिव अन्ना केली के अनुसार, ट्रंप के बुधवार शाम को पेइचिंग पहुंचने की उम्मीद है। इसके बाद अगली सुबह वे एक स्वागत समारोह और शी के साथ द्विपक्षीय बैठक में हिस्सा लेंगे। उन्होंने बताया कि इसके बाद दोनों नेता ‘टेंपल ऑफ़ हेवन’ का दौरा करेंगे, और एक राजकीय भोज में शामिल होंगे।

केली ने कहा कि शी और ट्रंप शुक्रवार को चाय और वर्किंग लंच के लिए फिर से मिलेंगे। संभवतः उसी दिन, उभयपक्षीय समझौतों की घोषणा होगी। ट्रम्प और शी को दो दिनों की मुलाकातों में टेक्नोलॉजी, टैरिफ, व्यापार, ज़रूरी खनिजों और ताइवान जैसे मुश्किल मुद्दों से निपटना होगा; ये मुलाक़ातें अब अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे युद्ध की वजह से भी गहरे साये में हैं।

‘टेंपल ऑफ़ हेवन’ (थिएनथान पार्क) 15वीं सदी का एक धार्मिक परिसर है। यह धरती और स्वर्ग के बीच के रिश्ते का प्रतीक है—एक ऐसा विचार जो पारंपरिक चीनी ब्रह्मांड विज्ञान के केंद्र में है। वर्ष 2017 में इस जगह को देखते हुए जानकारी मिली थी, कि मिंग और किंग राजवंशों के सम्राट इसका इस्तेमाल एक पवित्र स्थल के तौर पर करते थे। यहां वे स्वर्ग के लिए बलि चढ़ाते थे, और अच्छी फसल के लिए प्रार्थना करते थे। साथ ही, यह सम्राट की उस भूमिका को भी मज़बूत करता था, जिसमें उन्हें स्वर्गीय व्यवस्था और धरती के शासन के बीच एक मध्यस्थ माना जाता था।

मध्य पेइचिंग के दक्षिण-पूर्वी हिस्से में स्थित यह परिसर 273 हेक्टेयर में फैला हुआ है। यह ‘फ़ॉरबिडन सिटी’ से लगभग चार गुना बड़ा इलाका है। लेकिन, थ्येनआनमन चौक स्थित ‘फ़ॉरबिडन सिटी’ (निषिद्ध नगर) का कैनवास ज़्यादा बड़ा है। यह मिंग और किंग राजवंश के 24 सम्राटों का निवास स्थान था, और 1420 से 1924 तक 500 वर्षों से अधिक समय तक चीन की राजनीतिक सत्ता का केंद्र रहा है।

वर्ष 2017 में अपने पहले कार्यकाल के दौरान पेइचिंग यात्रा में ट्रंप का पहला पड़ाव ‘फ़ॉरबिडन सिटी’ ही था। इस यात्रा के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति का हमेशा से कहीं ज़्यादा भव्य स्वागत किया गया, जिसे पेइचिंग ने ‘स्टेट विज़िट-प्लस’ (राजकीय यात्रा से भी बढ़कर) का नाम दिया था। उस समय, शी और प्रथम महिला पेंग लियुआन ने पूर्व शाही महल में स्थित ‘बाओ युन लोऊ’ (खज़ानों का हॉल) में ट्रंप और उनकी पत्नी मेलानिया से चाय पर मुलाक़ात की थी। यह पहला अवसर था, जब 1949 में ‘पीपल्स रिपब्लिक ऑफ़ चाइना’ की स्थापना के बाद, चीन ने किसी राष्ट्राध्यक्ष की मेज़बानी ‘फॉरबिडन सिटी’ (निषिद्ध नगर) के भीतर की थी।

‘बाओ युन लोऊ’ को 1915 में पेइचिंग के बाहर शाही आवासों से लाए गए खज़ानों को रखने के लिए बनाया गया था। इसके निर्माण के लिए धन अमेरिकी सरकार द्वारा तत्कालीन राष्ट्रपति थियोडोर रूज़वेल्ट के कार्यकाल में भेजा गया था। 2017 वाली यात्रा में शी से चाय पर बातचीत के दौरान, ट्रंप ने अपनी पोती अरेबेला का एक वीडियो दिखाया। इस वीडियो में अरेबेला ने ‘चीपाओ’ (पारंपरिक चीनी पोशाक) पहनी हुई थी, और वह चीनी गीत गा रही थी, साथ ही मैंडरिन भाषा में प्राचीन चीनी कविताएं सुना रही थी।

पेइचिंग आने वाले विदेशी नेताओं के यात्रा कार्यक्रमों में ‘फॉरबिडन सिटी’ को अक्सर शामिल किया जाता रहा है, लेकिन ऐसी यात्राओं का आयोजन आमतौर पर संग्रहालय के सामान्य कामकाज के दौरान ही किया जाता है। इस स्थल को पूरी तरह से बंद नहीं किया जाता था। लेकिन, इस बार उल्टा हुआ है। मंगलवार को, टेंपल ऑफ़ हेवन पार्क प्रशासन ने घोषणा की, कि 13 और 14 मई को यह जगह आम लोगों के लिए बंद रहेगी, और जिन लोगों ने पहले ही टिकट खरीद लिए हैं, वे रिफ़ंड के लिए आवेदन कर सकते हैं।

टेंपल ऑफ़ हेवन, भले ही फ़ॉरबिडन सिटी जितना खास न हो, लेकिन कहा जाता है कि यह हेनरी किसिंजर का पसंदीदा ठिकाना था। हेनरी किसिंजर अमेरिका के पूर्व विदेश मंत्री थे, जिन्होंने वॉशिंगटन और पेइचिंग के बीच सुलह कराने में अहम भूमिका निभाई थी, और इस जगह पर एक दर्जन से ज़्यादा बार आए थे। 1971 में तत्कालीन राष्ट्रपति राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन की यात्रा के बाद दोनों देशों के बीच संबंधों को सामान्य बनाने का रास्ता साफ़ हुआ था। इस बार, शी और ट्रंप के बीच खाई पाटने में बैक चैनल ही काम कर रहा था, जिसमें ट्रम्प के दामाद और वरिष्ठ सलाहकार जेरेड कुशनर, और अमेरिका में चीन के राजदूत शी फेंग की अहम भूमिका बताई जा रही है। ईरान यदि लड़ाई इतनी लम्बी खींच ले गया, तो उसके पीछे शी और पुतिन ही रहे हैं। चीन का करीबी सहयोगी ईरान, युद्ध खत्म करने की वॉशिंगटन की मांगों के बावजूद अड़ा हुआ है।

ट्रम्प ने एक तथाकथित नरक की यात्रा कर ली। अब दूसरे की बारी है। उन्होंने 2026 में भारत आने पर अपनी रज़ामंदी दे रखी है, उसकी तारीख़ की घोषणा बाक़ी है। अमेरिका-चीन कूटनीति में भारत एक अहम और रणनीतिक स्थिति रखता है; यह इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण संतुलनकारी शक्ति की भूमिका निभाता है, और साथ ही पेइचिंग के साथ अपनी जटिल सुरक्षा, आर्थिक और सीमा संबंधी चुनौतियों से निपटने के लिए ‘बहु-संरेखण’ (मल्टी एलाइनमेंट) की नीति अपनाता है।

ट्रंप एक ऐसे समकक्ष के साथ बैठक करेंगे, जिसने चीनी सत्ता पर अपनी पकड़ और मज़बूत कर ली है, उसके बरअक्स ट्रम्प, अपने आखिरी कार्यकाल में हैं। वहां मिड टर्म एलेक्शन में छह माह से भी कम समय रह गया है। लेकिन? क्या अब चीनी हस्तक्षेप से ईरान युद्ध समाप्त होगा? ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने ट्रंप-शी जिनपिंग मुलाक़ात से ठीक पहले चीन का दौरा इसीलिए तो नही किया है!

# ईरानी विमानों को पाकिस्तान ने दी पनाह





1971 के भारत पाकिस्तान युद्ध के दौरान जब भारतीय हमलों से बचाने के लिए ईरान ने पाकिस्तानी सैन्य विमानों और संसाधनों को सुरक्षित ठिकाना उपलब्ध कराया था, तब शायद किसी ने नहीं सोचा होगा कि पांच दशक बाद पाकिस्तान उसी एहसान का बदला चुकाता दिखाई देगा। अब आरोप लग रहे हैं कि अमेरिका की संभावित सैन्य कार्रवाई और क्षेत्रीय तनाव के बीच पाकिस्तान ने ईरानी विमानों को अपने सैन्य ठिकानों पर सुरक्षित शरण दी। इस तरह इस्लामाबाद ने तेहरान का पुराना कर्ज तो उतार दिया है लेकिन अब वह खुद संकट में फंसता दिखाई दे रहा है। हालांकि पाकिस्तान ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया है, लेकिन इस पूरे घटनाक्रम ने दक्षिण एशिया और पश्चिम एशिया की जटिल कूटनीतिक राजनीति को फिर से चर्चा के केंद्र में ला दिया है।

पाकिस्तानी अधिकारियों ने बताया है कि इस तरह के दावे वास्तविकता से परे हैं, क्योंकि नूर खान वायुसेना अड्डा राजधानी के अत्यंत व्यस्त और आबादी वाले हिस्से में स्थित है। पाकिस्तान का कहना है कि वहां किसी भी बड़े सैन्य बेडे या विमानों को छिपाकर रखना संभव ही नहीं है। दूसरी ओर अमेरिकी प्रशासन ने भी अब तक सार्वजनिक रूप से पाकिस्तान पर कोई सीधा आरोप नहीं लगाया है, जिससे स्थिति और अधिक जटिल दिखाई दे रही है।

सूत्रों के अनुसार ईरान ने संभावित खतरे को देखते हुए अपने कुछ नागरिक विमानों को पड़ोसी अफगानिस्तान की ओर भेजा। अफगान नागरिक उड्डयन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि महान एयर का एक विमान संघर्ष तेज होने से पहले काबुल पहुंचा था और बाद में सुरक्षा कारणों से उसे हेरात स्थानांतरित कर दिया गया। बताया गया कि अफगान क्षेत्र में पाकिस्तानी हवाई हमलों की खबरों के बाद यह आशंका पैदा हो गई थी कि काबुल हवाई अड्डा भी संभावित निशाना बन सकता है।

इन घटनाओं ने दक्षिण एशिया के जानकारों को 1971 के दौर की याद दिला दी है। उस समय शाह मोहम्मद रजा पहलवी के नेतृत्व वाला ईरान पाकिस्तान का प्रमुख समर्थक बनकर सामने आया था। तेहरान ने इस्लामाबाद को हेलिकाप्टर, ईंधन, गोला बारूद और सैन्य उपकरणों के कलपुर्जे उपलब्ध कराए थे। कई रिपोर्टों में यह भी उल्लेख मिलता है कि पाकिस्तान के कुछ सैन्य विमानों ने ईरानी वायुसेना अड्डों पर शरण ली थी। बाद में सार्वजनिक हुए अमेरिकी दस्तावेजों से पता चला था कि तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन प्रशासन ने पर्दे के पीछे ईरान को पाकिस्तान की सहायता के लिए प्रोत्साहित किया था। उस दौर में अमेरिका और चीन दोनों ही पाकिस्तान को कमजोर होने से बचाना चाहते थे। शीत युद्ध के समय ईरान और पाकिस्तान दोनों सोवियत विरोधी सैन्य गठबंधन सेन्टो के सदस्य थे और निक्सन प्रशासन इन्हें क्षेत्र में सोवियत प्रभाव को रोकने वाले महत्वपूर्ण साझेदार मानता था।

पांच दशक बाद वैश्विक राजनीतिक समीकरण पूरी तरह बदल चुके हैं। आज ईरान अमेरिका का प्रमुख पश्चिम एशियाई प्रतिद्वंद्वी माना जाता है, जबकि पाकिस्तान दक्षिण एशिया में चीन का सबसे करीबी सुरक्षा सहयोगी बन चुका है। चीन ने हाल के समय में अमेरिका और ईरान के बीच अप्रत्यक्ष संपर्क स्थापित कराने में पाकिस्तान की भूमिका की सार्वजनिक सराहना भी की है। इस बदलती परिस्थिति में पाकिस्तान का संतुलन साधना पहले से कहीं अधिक कठिन हो गया है। पाकिस्तान एक ओर चीनी सैन्य उपकरणों पर अत्यधिक निर्भर है। रिपोर्टों के अनुसार 2020 से 2024 के बीच पाकिस्तान के प्रमुख हथियार आयात का लगभग अस्सी प्रतिशत हिस्सा चीन से आया। वहीं दूसरी ओर इस्लामाबाद अमेरिका के साथ अपने सैन्य और खुफिया संबंधों को फिर से मजबूत करने की कोशिश भी कर रहा है, जो बराक ओबामा प्रशासन के दौरान काफी कमजोर पड़ गए थे।

पाकिस्तानी अधिकारी लगातार यह संदेश देने का प्रयास कर रहे हैं कि तेहरान के साथ उनके संबंध किसी गुप्त सैन्य सहयोग की बजाय क्षेत्रीय स्थिरता के लिए रचनात्मक कूटनीति का हिस्सा हैं। पाकिस्तान समय समय पर अमेरिका और ईरान के बीच मध्यस्थता की पेशकश भी करता रहा है। उसका दावा है कि दोनों देशों के साथ कार्यकारी संबंध बनाए रखने की उसकी क्षमता क्षेत्रीय तनाव कम करने में सहायक हो सकती है। इसके बावजूद अमेरिकी सुरक्षा प्रतिष्ठान के एक प्रभावशाली हिस्से में पाकिस्तान को लेकर संदेह अब भी गहराई से मौजूद है। अल कायदा सरगना ओसामा बिन लादेन की पाकिस्तान में मौजूदगी की स्मृति आज भी अमेरिका पाकिस्तान संबंधों पर भारी पड़ती है। अमेरिकी अधिकारी और सांसद लंबे समय से पाकिस्तान की सुरक्षा व्यवस्था के कुछ तत्वों पर इस्लामी उग्रवादी संगठनों के साथ चयनात्मक संबंध रखने के आरोप लगाते रहे हैं, हालांकि पाकिस्तान इन आरोपों को लगातार नकारता आया है। ताजा आरोपों ने अमेरिकी संसद में भी नई बहस छेड़ दी है। अमेरिकी सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने चेतावनी दी है कि यदि पाकिस्तान द्वारा ईरान को सैन्य सहायता या शरण देने की खबरें सही साबित होती हैं, तो अमेरिका को ईरान और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थ के रूप में इस्लामाबाद की भूमिका का पूरी तरह पुनर्मूल्यांकन करना पड़ सकता है।

## आर्थिक आपातकाल के आसार

क्या भारत आर्थिक संकट की ओर बढ़ रहा है? क्या आर्थिक आपातकाल के आसार हैं और भारत सरकार कुछ कड़े और बड़े फैसले ले सकती है? क्या कुछ पाबंदियां भी चस्पां की जा सकती हैं? क्या प्रधानमंत्री मोदी की अपील देश के आम आदमी के लिए ही है? नेताओं की जमात के लिए ‘बचत’ अपरिहार्य क्यों नहीं है?

हमने प्रधानमंत्री की अपील और हिदायतों का विश्लेषण किया था। उसका दूसरा पक्ष यह है कि देश की आर्थिक सेहत का मूल्यांकन करने वाली संस्थाओं-रिजर्व बैंक, मूडीज, एसएंडपी, विश्व बैंक, फिच और एशियन डवलपमेंट बैंक-ने भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की विकास दर घटा दी है। जाहिर है कि हमारी अर्थव्यवस्था में संकुचन आया है। वैसे भी भारत अब विश्व की चौथी नहीं, छठी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। इसमें और भी गिरावट के आसार हैं। यह मूल्यांकन आसन्न आर्थिक संकट का पहला संकेत है। खुद प्रधानमंत्री ने माना है कि कोरोना महामारी वैश्विक संकट थी, तो ईरान युद्ध इस दशक का सबसे बड़ा संकट है। प्रधानमंत्री मोदी ने आर्थिक संकट और पेट्रो उत्पादों की कमी के कारण देश से अपील नहीं की है। वह न ही किसी तरह के ‘दान’ के पक्ष में हैं, जैसा कि जवाहर लाल नेहरू और इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्री कालों के दौरान किया गया था। प्रधानमंत्री आयात कम करने के पक्षधर हैं, ताकि विदेशी मुद्रा को बचाया जा सके। ईरान युद्ध की शुरुआत में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 720 अरब डॉलर का था, लेकिन युद्ध के करीब 75 दिन के बाद यह भंडार घट कर 690 अरब डॉलर हो गया है, लिहाजा प्रधानमंत्री ने उन खर्चों को कम करने की अपील की है, जिनमें डॉलर खर्च करने पड़ते हैं। करीब 80 फीसदी कच्चे तेल और 70 फीसदी से अधिक सोने के आयात डॉलर में ही किए जाते हैं।

डॉलर के मुकाबले भारतीय मुद्रा ‘रुपए’ में 95.28 तक की ऐतिहासिक गिरावट ने संकट को गहरा दिया है। इस समय ‘रुपया’ दुनिया की दूसरी सबसे कमजोर मुद्रा है, जिसमें 12 फीसदी अवमूल्यन हुआ है। प्रधानमंत्री ने एक साल तक सोना न खरीदने की अपील की है, लेकिन भारत सरकार ने विदेशों से 168 टन सोना खरीदा है। अब भारत के पास सोने का कुल भंडार 880 टन का है। इसे ‘राष्ट्रीय सुरक्षा’ से जोड़ कर आंका जा रहा है। दरअसल हमारा बुनियादी सवाल सरकारी व्यवस्था और नेताओं की जमात से है। देश में प्रधानमंत्री, मंत्री, मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और आम अति विशिष्ट चेहरे भी लंबे-चौड़े काफिलों के साथ चलते हैं। यदि वाकई संकट के हालात हैं, तो मुख्यमंत्री और मंत्री सरकारी हेलीकॉप्टर पर सवार क्यों रहते हैं? क्या हवाई उड़ानें ‘पानी’ से चलती हैं?

## धरना-प्रदर्शन का ककहरा

‘आपको कितने दिन हो गए, सडक़ पर धरना लगाए?’ उन्होंने हमें पूछा था। अब ऐसी बातों का भी भला कोई जवाब हो सकता है। बहुत कोंचोगे तो यही जवाब देंगे कि ‘साब सडक़ पर तो हमारा हमेशा धरना रहा है, आप हमारे धरने के दिन न गिनिये। कोशिश कीजिए कि साम, दाम, दंड, भेद की कोई भी नीति अपनाकर यह धरना उठाना है।’ हमारा यह धरना वैसे अभी नहीं, बहुत दिन से है। हमने तो शिक्षा-दीक्षा हासिल करने की बजाय धरने प्रदर्शन का ककहरा पढ़ा है। हमारी सुनवाई ही कहां होती है धरना, प्रदर्शन के बिना। जब होश संभाली तो पता चला कि यहां अक्ल और रुचि नहीं, सिफारिश और सिक्कों की चमक देखी जाती है। जब इसके धनुर्धारी इन सब सीटों को हथिया लेते हैं, तो हमारे लिए जो बचता है, वह है सडक़छाप पाठशाला और अर्थिक संकट में घिरे हुए विश्वविद्यालय, जिसके उपकुलपति आर्थिक तंगी से परेशान होकर इस्तीफा भी दे जाएं तो किसी के कानों पर जूं नहीं रेंगती। एक अनार है और सौ बीमार हैं। एक इस्तीफा देकर अनोखा कार्य करता है तो बाईस उसकी जगह लेने को तैयार बैठे हैं। लोग तो भई आजकल गद्दी छोड़ते कहां हैं? जाने की तैयारी कर भी लें तो अपना नाती-पोता वहां भिड़ा जाते हैं। ये साब बीते युग के आदर्शों का रोना रोते हुए इस्तीफा दे गए तो इनकी अक्ल का मातम ही मनाया जा सकता है। देखो न एक भी हाथ उनके समर्थन में नहीं उठा, किसी समूह ने उनके हक में धरना नहीं लगाया। वे लोग, जब से होश संभाली, अपने साथ होती ऊंच-नीच के विरोध में धरना लगाने की बस सोचते रहे हैं, लेकिन ऐसी बातों पर भी कोई धरना लगाता है कि आपको सही जगह पढने के लिए नहीं मिली। योग्यता अनुसार नौकरी नहीं मिली। मेहनत करके फसल की बिजाई की तो उसका सही मूल्य नहीं मिला। अनुदान बंटने लगा तो वंचितों से अधिक उसके दलाल प्रमुख हो गए। स्वनाम धन्य नेता इस जर्जर देश का बोझ उठाते-उठाते दोहरे हो गए। उनका दारुण दुख देखा नहीं जाता। उनके हक में भाषण दिए जा सकते हैं, लेकिन उनके लिए धरने नहीं लगाए जा सकते। हां यह अवश्य किया जा सकता है अगर किसी समूह ने न्याय के लिए धरना लगा दिया, तो उसे तारपीडो करने के लिए उन्हें देशद्रोही, विपक्ष की कठपुतलियां या फर्जी करार दे दिया जाए।

# प्रधानमंत्री मोदी की अपील पर राजनीति कितनी जायज

भारतीय परंपरा में आभूषणों को सिर्फ पहनने या सौंदर्य बढ़ाने के लिए ही इस्तेमाल नहीं किया जाता रहा है। भारतीय परिवारों के लिए सोना-चांदी आदि के गहने बुरे वक्त के लिए एक तरह से संचित निधि की भूमिका निभाते रहे हैं। यही वजह है कि भारतीय परिवार शादी-विवाह के मौके पर सोने-चांदी के गहने खरीदने में दिलचस्पी दिखाते रहे हैं। भारतीय गृहिणियों की कमजोरी और सौंदर्य का जरिया रहा यह सोना भी विवादों में आ गया है। इसकी वजह है, प्रधानमंत्री मोदी की अपील, जिसमें उन्होंने लोगों से एक साल तक के लिए सोने की गैरजरूरी खरीद को टालने की अपील की है। प्रधानमंत्री की इस अपील के अपने मायने हैं और जरूरत भी। अव्वल तो इस पर विपक्षी दलों का सहयोग मिलना चाहिए था, लेकिन नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने इस मसले पर सरकार को घेरने की कोशिश की है। उन्होंने कहा है कि सरकार चलाने में नाकामी के चलते प्रधानमंत्री लोगों से यह खरीदो और यह ना खरीदो की अपील कर रहे हैं।



प्रधानमंत्री के बयान के पीछे 28 फरवरी को ईरान पर अमेरिकी हमले के बाद उपजे हालात हैं। दरअसल पश्चिम एशिया में जारी तनाव के चलते वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला पर संकट उठ खड़ा हुआ है। चूंकि होमुर्ज जलडमरू मध्य पर ईरान का कब्जा है और अमेरिकी हमले के विरोध में उसने इसके जरिए सहज तरीके से आवाजाही पर रोक लगा रखी है, इसकी वजह से वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की आपूर्ति का संकट खड़ा हो गया है। इसकी वजह से जहां पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति महंगी हुई है, वहीं सोने की वैश्विक स्तर पर कीमतें लगातार बढ़ने से उसका भी आयात महंगा हुआ है। देश ही नहीं, आज पूरी दुनिया के लिए ऊर्जा का सबसे बड़ा जरिया पेट्रोलियम पदार्थ ही हैं। इसके अलावा रासायनिक खादों बनाने के लिए भी पेट्रोलियम पदर्थों को ही कच्चे माल के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। वैश्विक सप्लाई कमजोर होने के चलते इन सबके आयात पर होने वाले भारी खर्च के चलते भारत का विदेशी मुद्रा भंडार इन दिनों लगातार कम होता जा रहा है। प्रधानमंत्री की अपील इसी भंडार को बचाने के लिए भारत में सबसे ज्यादा आयात खर्च पेट्रोलियम पदार्थ, खाद्य तेल, सोना और रासायनिक उर्वरकों का है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, देश ने वित्त वर्ष 2025-26 में इन्हीं चार वस्तुओं के आयात पर करीब 240 अरब डॉलर यानी भारतीय मुद्रा में करीब 20 लाख करोड़ से अधिक का खर्च किया है। जो देश के कुल आयात बिल का करीब एक तिहाई है। इसका असर भारत के विदेशी मुद्रा भंडार पर पड़ रहा है। जो लगातार कम होता जा रहा है। एक मई को खत्म हुए सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 7.7 अरब डॉलर से घटकर महज 690 अरब अमरीकी डॉलर रह गया। भारतीय रिज़र्व बैंक के मुताबिक, देश के स्वर्ण भंडार में भी कमी आई, जो पांच अरब डॉलर घटकर 115 अरब डॉलर हो गया। भारत की निधियों के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां भी इस सप्ताह में 2.7 अरब डॉलर घटकर 551 अरब डॉलर ही रह गई।

## एक नजर

### दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग में कई कार्यकर्ता लेंगे प्रशिक्षण

**खटीमा।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिला प्रशिक्षण वर्ग की सफलता के लिए एक बैठक आयोजित की। बैठक में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उत्साह पूर्वक भाग लिया और संगठन की मजबूती के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। नगर पालिका सभागार में आयोजित बैठक में रुद्रपुर में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण अभियान की जानकारी दी गई। 17 व 18 मई को चलने वाले जिला प्रशिक्षण वर्ग में समर्पित कार्यकर्ताओं के प्रतिभाग की अपील की गई। बैठक में संगठन की मजबूती, पार्टी के आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं प्रशिक्षण वर्ग की तैयारी पर चर्चा हुई। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, नगर मंडल अध्यक्ष जीवन सिंह धामी, नगर महामंत्री विक्की रस्तोगी, जिला महामंत्री रमेश जोशी, सतीश गोयल, भुवन भट्ट, सोमनाथ मौर्य, गोविंद मेहता, शशांक वर्मा, संतोष जोशी, कमलदीप आदि सम्मिलित थे।

### नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से 15 जून से शुरू होंगी उड़ान सेवाएं

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को कहा कि नोएडा के जेवर स्थित अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान सेवाएं आगामी 15 जून से शुरू हो जाएंगी। आदित्यनाथ ने कहा कि हवाई अड्डे की यह परियोजना उस क्षेत्र के बदलाव को दर्शाती है, जो कभी अपराध के लिए जाना जाता था। 'उत्तर प्रदेश के बदलाव के नौ वर्ष' विषय पर आयोजित एक सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने कहा कि जेवर क्षेत्र, जो कभी अपराध के लिए बदनाम था, अब एक वैश्विक निवेश केंद्र के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा, ''भारत का सबसे बड़ा हवाई अड्डा जेवर में बन चुका है और 15 जून से हम वहां से उड़ान सेवाएं शुरू करने जा रहे हैं।'' विमानन कंपनी इंडिगो और अकासा एयर ने हाल ही में नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ानों का संचालन करने की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री ने वर्ष 2017 में अपनी सरकार के सत्ता में आने से पहले उत्तर प्रदेश की स्थिति को बहुत खराब बताते हुए आरोप लगाया कि राज्य ''बीमारू'' बन गया था और सूबे में दंगे, अराजकता, व्यापारियों का पलायन, किसानों की आत्महत्या और पारंपरिक उद्योगों का पतन आम बात थी।

# योगी सरकार में किसानों की बल्ले बल्ले! सर्वाधिक गन्ना मूल्य भुगतान करने वाला राज्य बना यूपी

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने 2017 से अबतक गन्ना किसानों को 3,21,963 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड गन्ना मूल्य का भुगतान सुनिश्चित करके इतिहास रचा है। यहां जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। भुगतान राशि सीधे किसानों के बैंक खातों में स्थानांतरित की जा रही है, जिससे बिचौलियों की भूमिका भी समाप्त हो रही है।

एक बयान में कहा गया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार पहले दिन से ही किसानों के हित में कार्य कर रही है। अपने पहले फैसले में किसानों की 36 हजार करोड़ रुपये से अधिक की कर्जमाफी करने वाली सरकार के निर्देश पर किसानों को समय से गन्ना मूल्य भुगतान कराया जा रहा है। उप्र सरकार की नीतियों, पारदर्शी व तकनीक आधारित व्यवस्था ने गन्ना किसानों को वर्ष 2017 से अबतक कुल 3,21,963 करोड़ का रिकॉर्ड गन्ना मूल्य भुगतान कराकर इतिहास रचा है।

भुगतान की धनराशि सीधे किसानों के बैंक खातों में भेजी जा रही है, जिससे बिचौलियों की भूमिका भी समाप्त हो गई। गन्ना एवं चीनी उद्योग अब प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ बन चुका है। प्रदेश सरकार किसानों की समृद्धि, युवाओं के रोजगार एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

गन्ना किसानों को समय से भुगतान करने में प्रदेश सरकार की नीति पूर्व की सरकारों पर भारी पड़ी है। 2007 से 2012 में गन्ना किसानों को 52,131 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया, जबकि 2012 से 2017 में 95,215 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया। वहीं नौ साल में सरकार ने रिकॉर्ड 3,21,963 करोड़ रुपये का भुगतान किया। सरकार की अभिनव पहल 'स्मार्ट गन्ना किसान' प्रणाली के माध्यम से गन्ना क्षेत्रफल, सट्टा, कैलेंडरिंग और पर्ची जारी करने की प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन कर दी गई है। अब किसानों को उनकी गन्ना पर्ची सीधे मोबाइल पर प्राप्त होती है और भुगतान डीबीटी के माध्यम से उनके बैंक खातों में पहुंचता है। सरकार ने पेराई सत्र 2025-26 में गन्ना मूल्य की दरों में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए 30 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि भी की। अगेती प्रजातियों के लिए 400 रुपये व सामान्य प्रजातियों के लिए 390 रुपये प्रति क्विंटल की दर निर्धारित की गई।

# हाईकोर्ट ने कहा- राहुल गांधी के खिलाफ आरोपों के सत्यापन के बाद करें कार्रवाई; आठ सप्ताह में मांगा जवाब

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ कथित आय से अधिक संपत्ति मामले में दाखिल शिकायत पर सीबीआई या प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को आरोपों का सत्यापन करने के बाद कारवाई करने का आदेश दिया है।

कर्नाटक के भाजपा कार्यकर्ता एस विग्नेश शिशिर की ओर से दाखिल राहुल गांधी के खिलाफ कथित आय से अधिक संपत्ति के मामले में कोर्ट ने सुनवाई करते हुए कहा कि यदि शिकायत प्राप्त हो चुकी है तो सीबीआई या प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कानून के अनुसार आरोपों का सत्यापन करें और कानून के तहत जरूरी कदम उठाएं। अदालत ने मामले में सीबीआई, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय (एसएफआईओ) समेत केंद्र सरकार की कई एजेंसियों से अगली तारीख तक जवाब तलब किया है। न्यायालय ने सभी संबंधित पक्षकारों को जवाब दाखिल करने के लिए आठ सप्ताह का समय देते हुए मामले की सुनवाई के लिए 20 जुलाई की तारीख नियत की है।

न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान और न्यायमूर्ति जफीर अहमद की खंडपीठ ने इसी 12 मई को यह आदेश याचिकाकर्ता एस. विग्नेश शिशिर की याचिका पर चैंबर में सुनवाई के बाद दिया, जो बृहस्पतिवार को उपलब्ध हुआ।

याचिकाकर्ता ने मामले में केंद्र सरकार के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी), वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग और कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय को भी पक्षकार बनाए जाने का प्रार्थनापत्र दाखिल किया जिसे कोर्ट ने स्वीकार करते हुए इन्हें भी मामले में पक्षकार बनाने का आदेश दिया।

सुनवाई के दौरान सीबीआई की ओर से अधिवक्ता ने न्यायालय को बताया कि याचिकाकर्ता की शिकायत प्राप्त हो चुकी है और मामले में जांच संबंधी जवाब अगली तारीख तक पेश कर दिया जाएगा। वहीं, ईडी के वकील ने भी कहा कि शिकायत मिलने के बाद आरोपों का परीक्षण किया जा रहा है और उसकी प्रगति रिपोर्ट न्यायालय में अगली सुनवाई में दाखिल कर दी जाएगी। इसपर कोर्ट ने कहा कि यदि शिकायत प्राप्त हो चुकी है तो संबंधित एजेंसियां कानून के अनुसार आरोपों का सत्यापन करें और आवश्यक कार्रवाई करें। मामले में एसएफआईओ की ओर से भी जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा गया।

# सीएम की घोषणा के बाद भी पहेनियां पुल न बनने पर नानकमत्ता विधायक गोपाल सिंह राणा चिंतित

- **देवहा पोशक नहर पर पुल निर्माण हेतु यूपी कैनाल से मिली एनओसी- एई तिवारी लोनिवि**

जागरण मोर्चा कार्यालय



**खटीमा।** नानकमत्ता के विधायक गोपाल सिंह राणा ने वर्षों से लंबित पहेनियां के समीप नहर पर पुल निर्माण नहीं होने पर चिंता व्यक्त की है। यहां पत्रकारों के रूबरू हुए विधायक राणा ने कहा कि निर्माण हेतु मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्ष 2023 में घोषणा की थी। घोषणा के 3 वर्ष गुजरने के बाद भी पुल का निर्माण नहीं हो सका। जिस कारण विकासखंड के लगभग 15 से अधिक ग्राम पंचायतों का सीधा संपर्क बरसात में टूट जाता है।

नानकमता के विधायक राणा ने अपने कैंप कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की घोषणाओं के अनुरुप कार्य पूरे होने पर प्रदेश में कई लंबित विकास कार्यों को गति मिल सकेगी। जिसे आम जनता को सीधा लाभ मिल सकता है।

इधर लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता पीपी तिवारी ने देवहा पोशाक नहर के पहेनियां ग्राम पंचायत सीमा पर पुल के पुनर्निर्माण हेतु उत्तर प्रदेश केनाल विभाग से निर्माण संबंधी अनापत्ति मिल चुकी है। ए ई तिवारी ने बताया कि सीएम घोषणा 171/ 2023 के कार्य की स्वीकृति अंतिम चरण में है। 35 मीटर लंबे, डबल लेन पुल निर्माण हेतु 2 करोड़ 48 लाख 8000 रुपए की डीपीआर शासन से स्वीकृत हो चुकी है। विभाग समिति की बैठक में इस कार्य को स्वीकृति मिल चुकी है। बजट मिलते ही पुल निर्माण कार्य शुरू हो सकेगा। फिलहाल आवागमन संबंधी वैकल्पिक व्यवस्था सुचारु रूप से चल रही है।

# चॉकलेट दी, सिर पर फेरा हाथ... प्रतीक के अंतिम संस्कार में ताऊ अखिलेश और भतीजी के बीच भावुक पल की सोशल मीडिया पर चर्चा

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के संस्थापक दिवंगत मुलायम सिंह यादव के छोटे बेटे प्रतीक यादव के अंतिम संस्कार के दौरान बृहस्पतिवार को अखिलेश यादव और उनकी छोटी भतीजी के बीच का एक भावुक क्षण सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया। प्रतीक यादव का 13 मई को 38 वर्ष की आयु में निधन हो गया था।

चिकित्सकों के अनुसार, वह हृदय और फेफड़ों से संबंधित बीमारियों से पीड़ित थे। उनका अंतिम संस्कार लखनऊ के बैकुंठ धाम (भैंसा कुंड) में किया गया, जहां यादव परिवार के सदस्यों, राजनीतिक नेताओं और समर्थकों सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

अंतिम संस्कार में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, उनके चाचा एवं वरिष्ठ सपा नेता शिवपाल सिंह यादव, प्रतीक यादव की पत्नी अपर्णा यादव तथा उनकी बेटियां प्रथम और पद्मजा भी मौजूद थीं। श्मशान घाट पर परिवार के सदस्य और अन्य लोग एक शेड के नीचे बैठे थे। इसी दौरान एक भावुक दृश्य सामने आया।

अखिलेश यादव आगे की पंक्ति में शिवपाल यादव के साथ बैठे थे, जबकि पांच वर्षीय पद्मजा उनके बगल में बैठी थीं। वहीं बड़ी बेटी प्रथम शिवपाल यादव के पास बैठी थीं। अंतिम संस्कार की प्रक्रिया के दौरान अखिलेश यादव ने चुपचाप पद्मजा को एक चॉकलेट दी। बच्ची जब उसका रैपर खोलने में असमर्थ रही, तो उसने इशारे से अपनी परेशानी बताई।

इसके बाद अखिलेश ने रैपर खोलकर चॉकलेट उसे वापस दे दी, जिस पर बच्ची ने उन्हें धन्यवाद कहा। शोक के माहौल के बीच यह छोटा-सा पल मौजूद लोगों के लिए भावुक कर देने वाला रहा। सफेद शर्ट और हल्के रंग की पतलून पहने पद्मजा कुछ देर के लिए मुस्कुराती नजर आईं। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद कई लोगों ने इसे भावुक और दिल छू लेने वाला क्षण बताया।

अंतिम संस्कार में सैफई परिवार से जुड़े धर्मेंद्र यादव और अक्षय यादव के अलावा उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक तथा मंत्री दयाशंकर सिंह और दिनेश प्रताप सिंह भी मौजूद थे। अपर्णा यादव की मां अंबी बिष्ट भी वहां उपस्थित थीं। अपर्णा यादव ने 2022 में अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली सपा छोड़कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का दामन थाम लिया था। वह वर्तमान में राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष हैं।

# उत्तर प्रदेश कैनाल विभाग द्वारा सीमा पैमांइश किए की जा रही चहार दीवारी का कड़ा विरोध

## विधायक गोपाल सिंह राणा व भुवन कापड़ी ने एसडीएम तुषार सैनी को दी सीमा की जानकारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**खटीमा।** नानक सागर डैम व कॉलोनी से लगी उत्तराखंड की जमीन पर बिना सर्वे पैमांइश के यूपी कैनाल विभाग द्वारा चहारदीवारी करने का क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं इस जमीन पर काबिज ग्रामीणों ने कड़ा विरोध किया है।

यूपी कैनाल विभाग द्वारा चहार दीवारी करने के विरोध में नानकमत्ता एवं खटीमा के विधायक उप जिलाधिकारी तुषार सैनी से मिले और बिना उत्तराखंड एवं यूपी के स्वामित्व वाली भूमि की पैमांइश किए चहार दीवारी का विरोध किया। जिस पर एसडीएम सैनी ने यूपी सिंचाई विभाग के अधिकारियों को तलब कर मामले की जानकारी लेकर कार्रवाई का आश्वासन दिया।

एसडीएम सैनी से मिले नानकमत्ता के विधायक गोपाल सिंह राणा एवं खटीमा विधायक भुवन कापड़ी ने बताया कि नानकसागर डैम एवं कैनाल विभाग की कॉलोनी से उत्तराखंड सरकार के स्वामित्व वाले कई एकड़ भूमि है। यूपी सरकार बिना सर्वे पैमांइस के अवैध तरीके से चहार दीवारी कर रहा है।

विधायकों ने कहा कि नानक सागर कॉलोनी से लगी कई एकड़ भूमि स्वामित्व योजना के तहत राजस्व विभाग द्वारा लोगों को मालिकाना हक दिया गया है। विधायक राणा व कापड़ी ने कहा कि उत्तराखंड प्रदेश को यूपी सरकार द्वारा परसम्मित बंटवारे में अभी तक हिस्सा नहीं दिया है। जबकि बिना सर्वे पैमांइश किए उत्तराखंड की जमीन को हथियाने का कुचक्र चलाया जा रहा है। एसडीएम सैनी ने नानक सागर कॉलोनी की जमीन के संबंध में शीघ्र उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है।

इधर उप जिलाधिकारी तुषार सेनी ने बताया कि विधायक नानकमत्ता गोपाल सिंह राणा एवं खटीमा विधायक भुवन चंद्र कापड़ी की शिकायत पर उत्तर प्रदेश कैनाल विभाग के साथ संयुक्त सर्वे किया जाएगा ताकि दोनों प्रदेशों की सीमा का कोई विवाद ना रहे। इसके लिए उत्तर प्रदेश कैनाल विभाग के अधिकारी से संपर्क किया जा रहा है।

# सीबीआई की बड़ी कार्रवाई, 6.95 करोड़ रुपये के फर्जीवाड़े में दो लोगों को पकड़ा

एजेंसी समाचार




**लखनऊ।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने उप्र वन निगम की एफडी की करोड़ों की रकम हड़पने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने उत्तर प्रदेश वन निगम के नाम से फर्जी बैंक खाता खुलवाकर रकम पार की थी। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें 16 मई तक सीबीआई को उनकी कस्टडी रिमांड में भेजा गया है। यूपी, दिल्ली समेत कई राज्यों में सीबीआई ने छापे डालकर साक्ष्य जुटाए।

सीबीआई ने 15 जनवरी 2026 को भारतीय बैंक की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया था। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने फर्जी पहचान पत्र, नकली अधिकृत पत्र और जाली प्रस्ताव तैयार कर वन निगम के नाम से बैंक खाता खुलवाया।

इसके बाद बैंक को झांसा देकर 64.82 करोड़ रुपये खाते में स्थानांतरित करा लिए गए। इसमें से 6.95 करोड़ रुपये छह कंपनियों के खातों में भेज दिए गए। सीबीआई ने यूपी, दिल्ली, पश्चिम बंगाल और कर्नाटक में छापे भी मारे। उसके बाद कर्नाटक निवासी दीपक संजीव सुवर्णा और दीपक यादव को गिरफ्तार किया है। मामले में अन्य लोगों की भूमिका भी खंगाली जा रही है।

# सीएम योगी ने की गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात

एजेंसी समाचार



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री की दिल्ली में हुई मुलाकात के बाद उत्तर प्रदेश की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। बैठक में मंत्रिमंडल विस्तार के बाद विभागों के बंटवारे और 2027 विधानसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा हुई।

उत्तर प्रदेश में मंत्रिमंडल विस्तार के बाद राजनीतिक सरगर्मी चरम पर पहुंच गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से उनके आवास पर मुलाकात की। करीब एक घंटे चली इस बैठक में नए मंत्रियों को विभाग आवंटन और 2027 विधानसभा चुनाव की रणनीति पर विस्तार से चर्चा हुई।

गृह मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर इस भेंट की पुष्टि की है। सूत्रों के अनुसार, बैठक में विभागों के बंटवारे पर अंतिम फैसला हो गया है। 10 मई को हुए विस्तार में छह नए चेहरों को मंत्री बनाया गया था, जबकि दो राज्य मंत्रियों को कैबिनेट रैंक दी गई। चार दिन बाद भी विभाग न मिलने से अटकलें तेज थीं, जो अब शाह-योगी बैठक के बाद लगभग सुलझ गई हैं।

इस बार विभागों का बंटवारा केवल प्रशासनिक नहीं, बल्कि मिशन-2027 को ध्यान में रखकर किया जा रहा है। भूपेंद्र सिंह चौधरी के माध्यम से पश्चिमी यूपी के जाट मतदाताओं को साधने, मनोज पांडेय (सपा छोड़कर आए) के जरिए ब्राह्मण समुदाय को जोड़ने और कृष्णा पासवान, सुरेंद्र दिलेर व कैलाश राजपूत जैसे नए मंत्रियों के माध्यम से दलित तथा पिछड़े वर्गों में सरकार की पैठ बढ़ाने की रणनीति है। जानकारों का मानना है कि योगी और शाह ने नए मंत्रियों को ऐसे विभाग देने पर सहमति जताई है, जिनसे वे अपने समुदाय और क्षेत्र में भाजपा की छवि को और मजबूत कर सकें।राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि यह बैठक 2027 के चुनावी समीकरणों को साधने की दिशा में अहम कदम है। विभागों की घोषणा जल्द होने की संभावना है, जिसके बाद योगी सरकार पूरे दम पर चुनावी तैयारियों में जुट जाएगी।

# पॉलीटेक्निक प्रवेश परीक्षा- 2026: 17 मई तक बढ़ाई आवेदन की अंतिम तिथि

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** संयुक्त प्रवेश परीक्षा पॉलीटेक्निक 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 17 मई कर दी गई है। छात्र अब परिषद की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। अब तक चार लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। अभ्यर्थियों की मांग को देखते हुए परिषद ने छात्रहित में यह फैसला लिया है।

संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा (पॉलीटेक्निक)-2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि एक बार फिर छात्रहित में बढ़ा दी गई है। परिषद के सचिव संजीव कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि अभ्यर्थियों एवं विभिन्न संस्थाओं की मांग को ध्यान में रखते हुए आवेदन की अंतिम तिथि को अब 14 मई से 17 मई 2026 तक के लिए पुनः विस्तारित किया गया है।

उन्होंने बताया कि इससे पहले आवेदन की अंतिम तिथि 30 अप्रैल निर्धारित थी, जिसे बढ़ाकर 11 मई किया गया था। इसके बावजूद बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों द्वारा तिथि बढ़ाने का अनुरोध किया जा रहा था, जिस पर विचार करते हुए यह निर्णय लिया गया है।

परिषद के अनुसार 11 मई तक कुल प्रवेश क्षमता 2,71,093 सीटों के सापेक्ष चार लाख से अधिक अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन किया जा चुका है, जो इस परीक्षा की लोकप्रियता को दर्शाता है। अभ्यर्थियों से अपील की गई है कि वे विस्तारित तिथि का अधिकतम लाभ उठाते हुए परिषद की आधिकारिक वेबसाइट www.jeecup.admissions.nic.in पर जाकर शीघ्र आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करें।

**मौसम** 37 जिलों में लू का अलर्ट ; जानें तीन दिन कैसा रहेगा हाल

# प्रदेश में मौसम की अदला-बदली, बांदा फिर हुआ गर्म

एजेंसी समाचार




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मौसम ने फिर करवट बदली है। बुंदेलखंड और दक्षिणी जिलों में भीषण गर्मी का असर बढ़ गया है, जबकि पश्चिमी और तराई क्षेत्रों में तेज हवाएं चलने की संभावना है। बांदा सबसे गर्म जिला रहा। मौसम विभाग ने कई जिलों में लू, गरज-चमक और तेज हवाओं का अलर्ट जारी किया है।

उत्तर प्रदेश में बृहस्पतिवार को मौसम का मिला-जुला असर देखने को मिला। पश्चिमी और तराई क्षेत्रों में कहीं-कहीं तेज रफ्तार हवाएं चलीं, जबकि बुंदेलखंड समेत दक्षिणी जिलों में भीषण गर्मी और तेज धूप ने लोगों को बेहाल किया। बांदा 45.2 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा। इसके अलावा झांसी, उरई, प्रयागराज और आगरा में भी गर्मी का असर तीखा बना रहा।

मौसम विभाग ने शुक्रवार के लिए बांदा, चित्रकूट, कौशांबी और फतेहपुर में लू चलने की चेतावनी जारी की है। वहीं पश्चिमी यूपी और तराई समेत कुल 37 जिलों में 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने व गरज चमक की आशंका है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र, लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार शुक्रवार से प्रदेशभर में तापमान धीरे-धीरे बढ़ेगा। शनिवार से लू प्रभावित जिलों की संख्या में और इजाफा होने की संभावना है।

### सर्वाधिक तापमान वाले जिले

| जिला | तापमान (सेल्सियस में) |
|---|---|
| बांदा | 45.2 |
| झांसी | 44.1 |
| उरई | 43.2 |
| प्रयागराज | 42.5 |
| आगरा | 41.4 |

### गरज चमक व तेज रफ्तार हवाएं चलने की आशंका

चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, गाजीपुर, लखीमपुर खीरी, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं।

# 26 मई और 19 जुलाई से समाप्त हो रहा ग्राम प्रधानों का कार्यकाल, लखनऊ में चुनाव होने तक दायित्व देने की मांग

एजेंसी समाचार




**लखनऊ।** यूपी में ग्राम प्रधानों का कार्यकाल 26 मई और 19 जुलाई से समाप्त हो रहा है। लखनऊ में चुनाव होने तक दायित्व देने की मांग की गई। इसे लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया।

यूपी में त्रिस्तरीय पंचायतों के कार्यकाल खत्म होने पर निर्वाचित ग्राम प्रतिनिधियों को ही प्रशासनिक दायित्व देने की मांग करते हुए राजधानी लखनऊ में बृहस्पतिवार को ग्राम प्रधानों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम अंकित कुमार को सौंपा।

माल ब्लॉक की प्रधान संघ अध्यक्ष अटारी ग्राम पंचायत की प्रधान संयोगिता चौहान ने ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि वर्तमान परिस्थित और सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी के अनुसार पंचायत चुनाव निर्धारित समयावधि पर होना संभव नहीं दिखाई दे रहा है। वर्तमान कार्यकाल 26 मई और 19 जुलाई 2026 को समाप्त हो रहा है। यदि पंचायत चुनाव समय से न हो पाए तो निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों को ही उनके पद को यथावत रखते हुए कार्यकाल बढ़ा दिया जाए। जैसा कि मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तराखंड में ऐसी परिस्थिति में निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों को दायित्व सौंपा जा चुका है। इस कार्य से ग्रामीण जनता में सकारात्मक संदेश जाएगा। सरकार के प्रति विश्वास एवं समर्थन को और अधिक मजबूती मिलेगी। इस मौके पर ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

**एक नजर**

### राइस मिल मालिक पर जमीन कब्जाने का आरोप

**पूरनपुर।** यहां जमीन विवाद का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। भारतीय किसान यूनियन (भानु) ने उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर एक राइस मिल मालिक पर किसानों की जमीन पर अवैध कब्जा करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। यूनियन का कहना है कि संगठन से जुड़े कुछ किसानों की जमीन पर पिछले करीब 18 महीनों से दबंगई के बल पर कब्जा किया गया है और उस पर खेती भी की जा रही है। आरोप है कि जब किसान अपनी जमीन पर जाते हैं तो उन्हें धमकाया जाता है। भाकियू नेताओं ने बताया कि मामले की शिकायत कई बार लेखपाल से की गई, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। संगठन के जिला अध्यक्ष भजन लाल लोधी और मंडल अध्यक्ष लालू मिश्रा समेत अन्य पदाधिकारियों ने एसडीएम से जमीन की तत्काल पैमाइश कराकर कब्जा हटवाने की मांग की है। किसान यूनियन ने चेतावनी दी है कि यदि तीन दिन के भीतर कार्रवाई नहीं हुई तो तहसील मुख्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली की भीषण टक्कर से युवक की दर्दनाक मौत, कोहराम

## दूसरा गंभीर रूप से घायल, जिला अस्पताल को किया गया रेफर

जागरण मोर्चा कार्यालय




**पूरनपुर।** खटीमा रोड पर बुदबार को तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई,जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया।

माधोटांडा थाना क्षेत्र के गांव मल्लपुर खजुरिया निवासी अंकित राठौर अपने मित्र दीपक के साथ बुधवार को पिपरिया संतोष गांव में अपने रिश्तेदारों से मिलने गया था। दोनों एक ही बाइक पर सवार होकर देर रात वापस लौट रहे थे। खटीमा रोड पर स्थित एक ढाबे के पास पीछे से आ रही ईंट से भरी ट्रैक्टर ट्राली में बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे। हादसे में एक युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल होकर तड़पता रहा।

स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया,जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। वहीं मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर-ट्रॉली छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि चालक की तलाश की जा रही है और तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। परिजन और ग्रामीण अस्पताल पहुंच गए। परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। हादसे के बाद कुछ देर के लिए खटीमा रोड पर यातायात भी प्रभावित रहा। पुलिस ने वाहन हटवाकर यातायात सुचारु कराया। स्थानीय लोगों का कहना है कि खटीमा रोड पर भारी वाहनों की तेज रफ्तार के कारण आए दिन हादसे होते रहते हैं। लोगों ने प्रशासन से सड़क पर यातायात नियंत्रण और तेज रफ्तार वाहनों पर कार्रवाई की मांग की है।



गैस सिलेंडर के लिए खडे उपभोक्ता। -जागरण मोर्चा

## गैस किल्लत से लोग परेशान, लाइन में लगने को मजबूर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** क्षेत्र में इन दिनों रसोई गैस की लगातार किल्लत से आमजन का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। गैस एजेंसियों पर सिलेंडर लेने के लिए लोगों की लंबी कतारें लग रही हैं, लेकिन घंटों इंतजार के बाद भी कई उपभोक्ताओं को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। इस समस्या से खासतौर पर गृहिणियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कई दिनों से गैस की आपूर्ति बाधित चल रही है। कई उपभोक्ताओं ने समय से बुकिंग कराने के बावजूद सिलेंडर न मिलने की शिकायत की है। वहीं, एजेंसी संचालकों का कहना है कि ऊपर से पर्याप्त आपूर्ति नहीं मिलने के कारण यह स्थिति बनी हुई है। गैस की कमी के चलते लोगों को वैकल्पिक ईंधन का सहारा लेना पड़ रहा है। कुछ लोग लकड़ी और कोयले से खाना बनाने को मजबूर हैं, जिससे न केवल असुविधा बढ़ रही है बल्कि प्रदूषण और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी उत्पन्न हो रही हैं। त्योहारों और शादियों के मौसम के बीच गैस की कमी ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी है। कई परिवारों में रसोई का काम प्रभावित हो रहा है।

### गांधी प्रेक्षागृह में सखियों की कार्यशाला आयोजित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गांधी प्रेक्षागृह में स्वास्थ्य सखी उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ने की। कार्यशाला का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पोषण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, स्वच्छता और स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य सखियों को बाल विवाह रोकने, आयुष्मान कार्ड बनवाने, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना और महिलाओं में हीमोग्लोबिन की कमी पर कार्य करने के निर्देश दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने सहजन के स्वास्थ्य लाभ बताए, जबकि मुख्य चिकित्साधिकारी ने टीकाकरण और गर्भावस्था जांच की जानकारी दी। कार्यक्रम में बीसलपुर, ललौरीखेड़ा और मरौरी की स्वास्थ्य सखियों ने अपने अनुभव साझा किए। अंत में उपायुक्त स्वतः रोजगार वंदना सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।




भाजपा महिला मोर्चा का कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन। -जागरण मोर्चा

## पीएम पर अमर्यादित टिप्पणी, महिला मोर्चा ने किया प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** सपा के सांसद द्वारा प्रधानमंत्री पर की गई कथित अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में भाजपा महिला मोर्चा ने कलेक्ट्रेट परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने सपा के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए सांसद से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की। महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष गीता मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री के खिलाफ अभद्र भाषा का प्रयोग सपा की संकीर्ण मानसिकता को उजागर करता है। जिला उपाध्यक्ष ने चेतावनी दी कि यदि सांसद ने माफी नहीं मांगी, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. दलजीत कौर और नगर पालिका चेयरमैन डॉ. आस्था अग्रवाल सहित कई उपस्थित रहीं।

### डीएम की अनूठी पहल, अफसर जाएंगे पैदल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** बढ़ती ईंधन कीमतों और संभावित संकट को देखते हुए जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने जिले में ईंधन बचत अभियान शुरू किया है। डीएम ने खुद अपनी सुरक्षा में लगे एस्कॉर्ट वाहन को हटाते हुए अधिकारियों को भी नजदीकी कार्यालयों तक पैदल आने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन ने वाहन पूलिंग, वर्चुअल बैठकों और कम दूरी पर सरकारी वाहनों के इस्तेमाल पर रोक जैसे कदम उठाए हैं। डीएम ने कहा कि संकट की घड़ी में सादगी और संयम ही सबसे बड़ा समाधान है।



डीएम ज्ञानेंद्र प्रकाश।



शिविर में रक्तदान करते लोग। -जागरण मोर्चा

## संत निरंकारी मिशन के रक्तदान शिविर में 105 यूनिट रक्त संग्रहित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वावधान में संत निरंकारी मिशन द्वारा गांधी स्टेडियम प्रेक्षागृह में विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें 105 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया।

शिविर का उद्घाटन जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने किया। उन्होंने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए रक्तदान को महादान बताया। नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल ने भी कार्यक्रम में पहुंचकर मिशन के सामाजिक कार्यों की सराहना की। रक्त संग्रहण का कार्य जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक की टीम ने किया। शिविर को सफल बनाने में मिशन के सेवादल और जोनल इंचार्ज प्रतिपाल सिंह सहित कई कार्यकर्ताओं का सहयोग रहा।

### गेहूं खरीद पर सवाल, घोटाले की आशंका

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** जिले में गेहूं खरीद प्रक्रिया पर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। सोशल मीडिया पर वायरल एक रिकॉर्ड के अनुसार, पूरनपुर नगर के किसान शिवेश मिश्रा के नाम से 110 किलोमीटर दूर बैलहा स्थित क्रय केंद्र पर 25 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद दर्शाई गई है। इसके बदले 6.51 लाख रुपये का भुगतान प्रस्तावित है।इतनी लंबी दूरी से गेहूं लाना व्यावहारिक रूप से संदिग्ध माना जा रहा है। ग्रामीणों ने इसमें परिवहन व्यय और खरीद में बड़ी गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए क्रय केंद्र प्रभारी की भूमिका की निष्पक्ष जांच की मांग की है। अब निगाहें जिला प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हैं।



राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की बैठक में भाग लेते लोग। -जागरण मोर्चा

## राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ में नई जिम्मेदारियों का ऐलान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की बैठक आरएसएस कार्यालय में जिला संरक्षक भद्रपाल गंगवार के मार्गदर्शन में आयोजित हुई। बैठक में संगठन विस्तार के तहत नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जिला अध्यक्ष मुकेश अवस्थी ने विभू मिश्रा को जिला कार्यकारी अध्यक्ष और अरुण कुमार गौतम को वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया। इसके अलावा कमलेश भारती, वर्षा सक्सेना और देवेंद्र सिंह को जिला उपाध्यक्ष तथा डॉ. परिणीता सिंहा को जिला संयुक्त मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। जिला महामंत्री मुईन अहमद खान ने सभी को बधाई देते हुए शिक्षक हितों और संगठन की मजबूती के लिए कार्य करने का आह्वान किया।

## पूरनपुर में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** नगर में गुरुवार को प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। जिससे खलवली मच गई। अभियान के दौरान सड़क किनारे और दुकानों के बाहर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया।



अतिक्रमण हटवाते कर्मचारी। -जागरण मोर्चा

इस दौरान कर्मचारियों ने दुकानों के बाहर डाली गई पन्नियां और टीन शेड हटवाए। टीम ने मुख्य बाजार एवं व्यस्त मार्गों पर अभियान चलाकर सड़क पर फैलाए गए सामान को हटाने के निर्देश दिए, अधिकारियों ने कहा कि अतिक्रमण के कारण आए दिन जाम की समस्या बनी रहती है।जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पडता है। आए दिन जाम से लोग घिर जाते है। घटों जाम में लोग फंसे रहते है।जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी उठानी पड़ती है। अभियान के दौरान कई दुकानदारों ने स्वयं ही अपना सामान हटा लिया,जबकि कुछ स्थानों पर कर्मचारियों ने कार्रवाई करते हुए पन्नियां और अन्य अस्थायी अतिक्रमण हटाए। प्रशासन ने दुकानदारों को दोबारा अतिक्रमण न करने की चेतावनी दी है। अभियान चलते ही बाजार में अफरा-तफरी का माहौल रहा और कई दुकानदार अपनी दुकानों के बाहर रखा सामान समेटते नजर आए। प्रशासन ने कहा कि नगर को अतिक्रमण मुक्त बनाए रखने के लिए आगे भी अभियान जारी रहेगा। अतिक्रमण हटाए जाने के दौरान पूरनपुर पुलिस बल मौजूद रहा।

## भाकियू ने तहसील में बैठक पर समस्याओं पर की चर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** भाकियू(भानू) ने तहसील परिसर में बैठक कर विरोध प्रदर्शन करते हुए उपजिलाधिकारी को ज्ञापन दिया है।

भारतीय किसान यूनियन (भानू) के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने गुरुबार को तहसील पहुंच कर बैठक की।जिसमे कई विंदुओं पर चर्चा की गई। इसके बाद उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिसमे कहा गया है कि गांव जेठापुर में खेत की पैमाइश लेखपाल नही कर रहा है। आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद संबंधित लेखपाल द्वारा खेत की पैमाइश नहीं की गई। आरोप है कि संगठन के कार्यकर्ताओं की जमीन एक राइस मिलर दबंगई के बल पर जोत रहा है। पिपरिया दुलई में अवैध कब्जा नही हटाया जा रहा है। भाकियू नेताओं ने तहसील परिसर में प्रदर्शन करते हुए प्रशासन से समस्याओं के निस्तारण की मांग उठाई है। कहा कि राजस्व विभाग के अधिकारियों की उदासीनता के कारण ग्रामीणों को बार-बार तहसील के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। मौके पर अधिकारियों ने किसानों को समझाने का प्रयास किया और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद किसानों ने जल्द समाधान न होने पर दोबारा आंदोलन की चेतावनी देते हुए प्रदर्शन समाप्त किया। इस दौरान लालू मिश्रा, गंगा सिंह, अशोक कुमार, शिवकुमार, राम लखन, गीता देवी, नन्ही देवी सहित कई मौजूद रहे।

## फैक्ट्री पर छापा: आइसकैंडी के लिए नमूने

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** गर्मी बढ़ने के साथ आइसक्रीम और आइसकैंडी की मांग में तेजी आने पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग ने मिलावटी और मानकविहीन खाद्य पदार्थों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है।

गुरुवार को विभागीय टीम ने घुंघचाई क्षेत्र के गांव कबीरपुर कसगंजा में विशेष प्रवर्तन अभियान चलाते हुए एक आइसकैंडी निर्माण इकाई पर छापेमारी की। खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में पहुंची टीम ने निर्माण इकाई में तैयार हो रही आइसकैंडी की गुणवत्ता,स्वच्छता व्यवस्था और उपयोग में लाई जा रही सामग्री की गहन जांच की। निरीक्षण के दौरान निर्माण स्थल पर साफ-सफाई की स्थिति,पानी की गुणवत्ता तथा रंग व फ्लेवर के उपयोग की भी जांच की गई। टीम ने मौके से आइसकैंडी के दो नमूने संग्रहित कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिए। छापामारी के दौरान टीम में शामिल सतीश कुमार, प्रेमकुमार यादव व शान्तनु कुमार ने बताया कि गर्मी के मौसम में आइसक्रीम, आइसकैंडी और ठंडे पेय पदार्थों की खपत बढ़ जाती है। ऐसे में मिलावटी और अस्वच्छ खाद्य पदार्थों की बिक्री रोकने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जांच रिपोर्ट आने के बाद यदि नमूने मानकों के अनुरूप नहीं पाए गए तो संबंधित संचालक के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। छापेमारी की सूचना मिलते ही नगर में भी खाद्य कारोबारियों ने अपनी दुकानों के शटर गिरा दिए। इसको लेकर खलवली मची रही।



कसगंजा में जांच करती टीम। -जागरण मोर्चा

### दियोरिया कला में बैंक शाखा खोलने की मांग तेज

**बिलसंडा।** दियोरिया कला में बैंक शाखा खोलने की मांग उठी है। ग्राम प्रधान अजय सिंह ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर गांव में बैंक स्थापित कराने की मांग की। उन्होंने बताया कि गांव में बैंक न होने से ग्रामीणों समेत कोतवाली, वन विभाग, स्वास्थ्य केंद्र और शिक्षण संस्थानों के कर्मचारियों को लेन-देन में परेशानी का सामना करना पड़ता है। प्रधान ने कहा कि बड़ी आबादी और सरकारी संस्थानों को देखते हुए गांव में जल्द बैंक शाखा खोली जाए।




## धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने घेराबंदी कर कार सहित दबोचा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** जमीन धोखाधड़ी के मामले में वांछित चल रहे बरेली के एक युवक को घुंघचाई थाना पुलिस ने फिल्मी अंदाज में घेराबंदी कर थार कार समेत गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को देखकर आरोपी ने भागने का प्रयास किया था, लेकिन सतर्क पुलिस टीम ने उसे दबोच लिया। हिरासत में लिए गए आरोपी से पुलिस गहन पूछताछ कर रही है।दरअसल, बदायूं जिले के थाना बिसौली क्षेत्र के एक व्यक्ति ने घुंघचाई क्षेत्र के गांव अभयपुर माधोपुर निवासी कुछ लोगों के खिलाफ जमीन धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस की विवेचना के दौरान इस मामले में बरेली निवासी एक युवक का नाम भी प्रकाश में आया था, जिसकी पुलिस सरगर्मी से तलाश कर रही थी। बुधवार को पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी युवक बंडा की ओर से थार कार में सवार होकर घुंघचाई की तरफ आ रहा है।सूचना पर बलरामपुर चौकी पुलिस सक्रिय हो गई। पुलिस ने जब उसे रोकने का प्रयास किया तो उसने कार की रफ्तार बढ़ा दी। इसके बाद घुंघचाई थाना पुलिस ने आगे मोर्चाबंदी की और तेज गति से भाग रहे आरोपी को कार सहित दबोच लिया। थाना प्रभारी जयशंकर सिंह ने बताया कि आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

### मेंड के विवाद में छोटे भाई ने बडे भाई को पीटा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव खमरिया पट्टी में खेत की मेंड को लेकर दो भाइयों के बीच हिंसक विवाद हो गया। गांव निवासी श्यामा चरन और उसके भाई सेवाराम के बीच मेंड को लेकर पुरानी रंजिश चल रही थी। गुरुवार को खेत पर काम के दौरान दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए।गाली-गलौज के बाद बात इतनी बढ़ी कि छोटे भाई ने बड़े भाई की जमकर पिटाई कर दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया और घायल को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने पीड़ित पक्ष से तहरीर लेकर जांच शुरू कर दी है।

## घनी बस्ती में लगे मोबाइल टावर से लोग हो रहे परेशान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** घनी आबादी में मोबाइल टावर लगाए जाने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड रहा है। उन्होंने टावर को आवादी से हटाए जाने की मांग की है।

नगर के मोहल्ला रजागंज में आबादी के बीच लगे मोबाइल टावर को लेकर लोगों में लगातार नाराजगी बढ़ती जा रही है। मोहल्लेवासियों का कहना है कि घनी बस्ती के बीच स्थापित टावर से उन्हें स्वास्थ्य संबंधी खतरे, शोर और सुरक्षा जैसी कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। मोबाइल टावर मकानों के बेहद करीब लगाया गया है। टावर के आसपास रहने वाले लोगों का कहना है कि दिन-रात चलने वाले उपकरणों और जनरेटर की आवाज से बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को परेशानी हो रही है। रात के समय शोर अधिक बढ़ जाता है। जिससे लोगों की नींद प्रभावित होती है और तनाव की स्थिति बनती है, सबसे ज्यादा चिंता मोबाइल टावर से निकलने वाले रेडिएशन को लेकर है। हालांकि दूरसंचार विभाग की ओर से मोबाइल टावरों के लिए तय मानकों का पालन किए जाने की बात कही जाती है। लेकिन क्षेत्रवासी स्वतंत्र जांच की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि आबादी के बीच इस तरह टावर लगाए जाने से लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। कई बार संबंधित अधिकारियों से शिकायत की जा चुकी है। लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

### कुत्तों के झुंड ने नीलगाय मार, खाने लगे मांस

**चन्दौसी।** थाना क्षेत्र के गांव आटा में गुरुवार की सुबह तालाब के पास पानी पीने आई एक नीलगाय पर आवारा कुत्तों के झुंड ने अचानक हिंसक हमला कर दिया। कुत्तों द्वारा बुरी तरह नोचे जाने के कारण नीलगाय की मौके पर ही तड़प-तड़प कर दर्दनाक मौत हो गई। नीलगाय के दम तोड़ने के बाद आवारा कुत्ते उसके शव को अपना निवाला बनाने लगे।यह देखकर आसपास के ग्रामीणों ने दौड़कर बमुश्किल कुत्तों को वहां से भगाया। ग्रामीणों ने तत्काल इस घटना की जानकारी वन विभाग को दी, लेकिन विभागीय अधिकारियों की लापरवाही के चलते शाम तक कोई भी टीम मौके पर नहीं पहुंची। ग्रामीणों ने रोष जताते हुए कहा कि गांव में आवारा कुत्तों का आतंक बेहद बढ़ चुका है, जिससे अब लोग खेतों पर अकेले जाने से भी डरने लगे हैं।

# ब्लूमिंगडेल स्कूल के छात्रों ने किया जनपद बदायूं का नाम रोशन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** ब्लूमिंगडेल स्कूल के विद्यार्थियों ने इस वर्ष बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए जनपद में अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। विद्यालय के छात्र समृद्ध गुप्ता ने विज्ञान वर्ग (जीव विज्ञान) में 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद बदायूं में टॉप किया। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय एवं परिवार में हर्ष का माहौल है। वहीं, कॉमर्स वर्ग की छात्र साइशा धींगडा ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान हासिल किया। दोनों विद्यार्थियों की मेहनत, लगन एवं अनुशासन की सभी ने सराहना की। विद्यालय का समग्र परीक्षा परिणाम भी अत्यंत उत्कृष्ट रहा। इस वर्ष विद्यालय के 28 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया।

विद्यालय की अध्यक्षा पम्मी मेहंदीरत्ता ने अपने संदेश में कहा, हमारे विद्यार्थियों ने अपनी कठिन मेहनत, समर्पण और अनुशासन के बल पर यह उत्कृष्ट सफलता प्राप्त की है। समृद्ध गुप्ता एवं साइशा धींगडा की उपलब्धि पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है। हमें विश्वास है कि ये विद्यार्थी भविष्य में भी इसी प्रकार सफलता के नए आयाम स्थापित करेंगे और विद्यालय व जनपद का नाम रोशन करेंगे। विद्यालय के उपप्रधानाचार्य परशुराम मिश्रा ने अपने सन्देश में कहा कि यह उपलब्धि केवल विद्यार्थियों की ही नहीं, बल्कि अभिभावकों, शिक्षकों एवं पूरे विद्यालय परिवार की संयुक्त मेहनत का परिणाम है। ब्लूमिंगडेल स्कूल सदैव गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध रहा है। हमें अपने विद्यार्थियों की इस सफलता पर अत्यंत गर्व है और हम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। इस मौके पर विद्यालय के निदेशक ज्योति मेहंदीरत्ता, मैनेजिंग हेड ईशान व श्वेता मेहंदीरत्ता, कॉर्डिनेटर अंजला सोनी एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।






9. NITYA 92.6%




DEVYA VAISH 93.2%


3. RIDDHI PATHAK 95%


SHORYA AGRAWAL 93.2%


SAMRADDHA GUPTA 98.2% (DISTRICT RANK 1)


PRINCE UPADHYAY 92.8%

## बाबा इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा बारहवीं में तन्मय मौर्य ने किया विद्यालय टॉप

**बिल्सी।** सीबीएसई कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। जिसमें एक बार फिर सफलता का परचम लहराते हुए बाबा इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने बाजी मारी तथा विद्यालय का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा । विद्यालय की मेधावी छात्र तन्मय मौर्य ने 94%, अर्जेश, अग्रिम चौहान, अग्रिम वार्ष्णेय,धैर्य वार्ष्णेय के साथ 12 से अधिक विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त कर अपने अभिभावकों का, विद्यालय का तथा अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया। विद्यालय के चेयरमैन नरेन्द्र बाबू वार्ष्णेय, डायरेक्टर अनुज वार्ष्णेय, साधना वार्ष्णेय एवं प्रधानाचार्या रूपा माहेश्वरी ने बच्चों को मिठाई खिलाकर बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यार्थियों ने अपनी सफलता के लिए माता-पिता, विद्यालय और शिक्षकों का आभार व्यक्त किया । विद्यालय चेयरमैन नरेन्द्र बाबू वार्ष्णेय ने कहा कि कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। जरुरत है उन्हें उचित मार्गदर्शन की। जिसमें बाबा इंटरनेशनल स्कूल पूर्ण भूमिका निभा रहा है।













## उझानी एपीएस इंटरनेशनल स्कूल का शत प्रतिशत रहा इंटरमीडिएट का रिजल्ट

**उझानी।** सीबीएसई बोर्ड परीक्षा इंटरमीडिएट का रिजल्ट घोषित होते ही एपीएस इंटरनेशनल स्कूल के अच्छा छात्राएं खुशी से झूम उठे। परीक्षा परिणाम के आधार पर स्कूल के 13 टॉपर्स छात्र छात्राओं को 90 प्रतिशत से ऊपर अंक प्राप्त करने पर प्रबंधक कमेटी की ओर से मिठाई खिलाकर उत्साह वर्धन किया गया। विद्यालय के चेयरमैन विमलकृष्ण अग्रवाल, चेयरपर्सन पूनम अग्रवाल, निदेशक निलांशु अग्रवाल, निदेशिका नंदिता अग्रवाल ने सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्रधानाचार्य रविंद्र भट्ट और उपप्रधानाचार्या मीनाक्षी शर्मा ने भी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। आपने इसका श्रेय विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाओं व विद्यार्थियों को दिया।

## सैदपुर का गौरव बने फरहान खान

**बदायूं।** सैदपुर के लिए यह बड़े गर्व और खुशी की बात है कि मौलाना शाने आलम साहब के बेटे फरहान खान ने सीबीएसई 12वीं की परीक्षा में शानदार 85% अंक प्राप्त कर पूरे सैदपुर में टॉप किया है। उनकी इस कामयाबी ने न सिर्फ़ उनके परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन कर दिया है। फरहान खान ने अपनी मेहनत, लगन और अनुशासन के दम पर यह मुकाम हासिल किया है। आज के दौर में जहाँ विद्यार्थियों के सामने कई चुनौतियाँ होती हैं, वहाँ फरहान ने लगातार मेहनत करके यह साबित कर दिया कि सच्ची लगन और मेहनत से हर सफलता हासिल की जा सकती है। उनकी इस उपलब्धि पर परिवार, रिश्तेदारों, शिक्षकों और सैदपुर के लोगों में खुशी की लहर है। सभी लोग फरहान को मुबारकबाद दे रहे हैं और उनके उज्ज्वल भविष्य की दुआ कर रहे हैं।मौलाना शाने आलम साहब ने भी अपने बेटे की सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि मेहनत और अच्छी तालीम इंसान को कामयाबी की बुलंदियों तक पहुँचाती है। फरहान की यह सफलता आने वाले विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा बनेगी। हम दुआ करते हैं कि अल्लाह तआला फरहान खान को आगे भी इसी तरह कामयाबी अता फरमाए और वह अपने माता-पिता तथा पूरे सैदपुर का नाम रोशन करते रहें।

# फूड एक्ट में खामियों के खिलाफ किया प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय



- प्रतिनिधि मंडल ने नारे लगाकर किया जोरदार प्रदर्शन
- खाद्य पदार्थों में कीटनाशक रसायन के चलते पुन: तय हो नए मानक
- होल सेलर और रिटेलर के बजाय निर्माता को बनाया जाए पार्टी

**बदायूं।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश के प्रांतीय आह्वान पर जिलाध्यक्ष नवनीत गुप्ता शोंटू के नेतृत्व में फ़ूड एक्ट में आ रही खामियों को दूर करने के लिए पदाधिकारियों के प्रतिनिधि मंडल ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री के नाम संबोधित 12 सूत्रीय मांगपत्र जिला अभिहीत अधिकारी सीएल यादव सहायक आयुक्त सुरक्षा औषधि प्रशासन को प्रेषित कर जल्द कार्यवाही करने की मांग की गई।

जिलाध्यक्ष नवनीत गुप्ता शोंटू ने बताया कि फूड एक्ट के मानकों से व्यापारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा जिसके चलते पूरे प्रदेश में संगठन के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम संबोधित 12 सूत्रीय मांगपत्र प्रेषित किया जा रहा है उन्होंने बताया कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम प्रदेश में कहीं भी सेंपल भरे जाते समय फॉर्म 5 क नहीं भेजा जाता निर्माता को पार्टी बनाए जाने की दशा में फार्म 5 क निर्माता के पते पर पंजीकृत डाक द्वारा त्वरित भेजा जाए साथ ही रिटेलर या होलसेलर द्वारा बिल प्रस्तुत करने पर ही निर्माता को सैंपल भरते समय पार्टी बनाया जाए। प्रांतीय युवा वरिष्ठ उपाध्यक्ष अवधेश लड्डा ने यह भी बताया सैंपल की जांच रिपोर्ट महीनों में प्राप्त होती है जबकि खाद्य सुरक्षा में मानक अधिनियम मैं जांच कर 14 दिन में सैंपल की रिपोर्ट भेजे जाने का प्रावधान किया गया है अतःसभी राजकीय जन विश्लेषण प्रयोगशाला द्वारा नमूना प्राप्त होने के बाद 14 दिन के अंदर जांच रिपोर्ट भेजने की व्यवस्था कराई जाने के आदेश पारित किए जाए। मांगपत्र प्रेषित करने वाले प्रतिनिधि मंडल में नवनीत गुप्ता शोंटू,अवधेश लड्डा, रूपेंद्र सिंह लाम्बा, चंद्रसेन माहेश्वरी, नरेश शंखधार, दिनेश गुप्ता हाजी राशिद सैफी आदि लोग रहे।

## खेड़ा बुजुर्ग में दुर्गा जागरण का आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** खेड़ा बुजुर्ग स्थित शीतला माता मंदिर परिसर में दुर्गा जागरण का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और माता रानी के जयकारों से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। इस दौरान बालिका दिव्यांशी श्रीवास्तव ने अपनी मधुर आवाज में सुंदर भजन प्रस्तुत कर सभी श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। उनके भजनों को सुनकर उपस्थित लोग भाव-विभोर हो गए और तालियों की गूंज से पूरा पंडाल गूंज उठा। उपस्थित लोगों ने बालिका दिव्यांशी के माता-पिता द्वारा दिए गए उत्कृष्ट संस्कारों और प्रेरणा की सराहना करते हुए कहा कि इतनी कम उम्र में उनकी भक्ति, विनम्रता और प्रतिभा परिवार के अच्छे संस्कारों का परिचायक है।

# गंगा एक्सप्रेस-वे की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बदायूं।** डीएम अवनीश राय व एसएसपी अंकिता शर्मा ने बुधवार देर रात गंगा एक्सप्रेस-वे पर पहुंचकर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि एक्सप्रेस-वे पर सुरक्षा मानकों का पूर्ण रूप से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए तथा दुर्घटनाओं की रोकथाम को आवश्यक सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध रूप से पूर्ण कराई जाएं । विशेष रूप से रात्रि के समय दृश्यता बढ़ाने के लिए सड़क किनारे, डायवर्जन स्थल एवं संवेदनशील स्थानों एवं कमर्शियल वाहनों व बड़े/भारी वाहनों पर पर्याप्त संख्या में रैडियम रिफ्लेक्टर एवं चेतावनी संकेतक लगाए जाने के निर्देश दिए गए ।

डीएम ने एआरटीओ हरिओम को निर्देशित किया कि भारी वाहनों, ओवरलोड वाहनों एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध प्रभावी प्रवर्तन की कार्यवाही की जाए तथा सड़क सुरक्षा नियमों के पालन के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए । यूपीडा तथा पुलिस को नियमित पैट्रोलिंग के लिए निर्देशित किया गया । इसके अतिरिक्त आपातकालीन स्थिति में त्वरित सहायता उपलब्ध कराने को एम्बुलेंस, क्रेन एवं अन्य राहत सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए, ताकि किसी भी दुर्घटना अथवा आकस्मिक स्थिति में तत्काल राहत एवं बचाव कार्य किया जा सके। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभिषेक कुमार सिंह एवं उपजिलाधिकारी सदर मोहित कुमार उपस्थित रहें।

# युवक ने किशोरी का फोटो इंस्टाग्राम पर किया अपलोड, देखकर फंदे से लटकी

जागरण मोर्चा कार्यालय

- परिजनों के डर से मानसिक तनाव में आई किशोरी ने उठाया आत्मघाती कदम



**बदायूं।** इंस्टाग्राम पर फोटो देख किशोरी अवसाद में आ गई। परिजनों के डर से उसने आत्महत्या जैसा कठोरबकदम उठा लिया। उसका शव घर के कमरे में फंदे से लटका मिला तो परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजा है। परिजनों में गांव के ही एक युवक पर किशोरी का फोटो खींचकर अपलोड करने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कादरचौक थाना क्षेत्र के गांव मामूरगंज निवासी एक व्यक्ति की 15 साल की बेटी का गांव के ही एक युवक ने फोटो खींच लिया और उसे सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया। किशोरी ने ज़ब फोटो देखा तो वह डर गई।वह मानसिक रूप से इतनी परेशान हो गई कि कहीं परिवार वाले उसके बारे में क्या सोचेंगे। इसी अवसाद में किशोरी ने बुधवार रात को कमरे में फंदा लगाकर आत्म हत्या कर ली। वृहस्पतिवार की सुबह परिवार के लोगों ने शव लटका देखा तो कोहराम मच गया। पुलिस मामले की जांचकर रही है।

# अपहरण के बाद हत्या में पांच दोषियों को उम्रकैद

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बदायूं।** जिला जज विवेक संगल ने अपहरण कर हत्या के मामले में पांच आरोपियों पर दोष सिद्ध किया। जिला जज ने पांचों दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई। इसके साथ एक दोषी पर 19 हजार व बाकी चार पर 18-18 रुपये का जुर्माना अदा करने का हुक्म दिया।

जिला शासकीय अधिवक्ता अनिल कुमार सिंह राठौड़ के अनुसार वादी मुकदमा शीशपाल सिंह पुत्र छोटेलाल निवासी पिलौर थाना मूसाझाग ने 24 फरवरी 2014 को तहरीर दी। जिसमें बताया, उसका भाई उमेश उर्फ पुष्पेंद्र सिंह पुत्र छोटेलाल निवासी घर से 13 फरवरी 2014 दिन गुरुवार को पत्नी व भाई नरेशपाल से कहा वह अपनी ससुराल जा रहे हैं। ससुराल जाने को उमेश घर से सड़क पर आये और सवारी का इंतजार करने लगे। इसी दौरान गांव के ही देवेंद्र और पुत्तन घर से मावा बचने के लिए दातागंज मंडी जा रहे थे। उसी समय उसके गांव के कमलेश पुत्र उदयवीर, करो उर्फ तारीफ पुत्र रिशिपाल, योगेश पुत्र सुखपाल, उमेश अपनी बाइक चला रहे थे, जिस पर दो अज्ञात लोग बैठे थे। करूं उर्फ तारीफ की बाइक पर कमलेश बैठे थे।उसके पास पहुंचने पर कमलेश ने बाइक रुकवाई। पूछा कि उमेश कहां जा रहे होद्ध जिस पर उमेश ने कहा की अपनी ससुराल को जाएंगे। इसी बीच कमलेश ने कहा कि उमेश वह उसकी बाइक पर बैठ जाये वह भी चल रहा है। जिसके बाद वह उर्मिलेश, कमलेश के कहने पर करूं उर्फ तारीफ सिंह वाली बाइक परक कमलेश के साथ बैठ गये। उसी समय उसने पूछा कि सब लोग कहां जा रहे हैं। तब योगेश ने कहा कि आपको क्यों बताएं। इतनी कहकर उसके लेकर सभी लोग चले गये। दूसरे दिन कमलेश वापास लौटा तो प्रवेश ने उमेश के बारे में पूछा। कहा उमेश को साथ ले गए थे उन्हें कहां छोड़ आए। तब कमलेश ने कहा कि आपके चाचा उमेश को जोगेश ने मार डाला। तभी उसके परिवार वालों ने कमलेश से दबाव देकर जोगेश का फोन नंबर लिया। योगेश से बात की गई तो उसने बताया, कमलेश और करूं उर्फ तारीफ सिंह ने उमेश को मार डाला। जिसके बाद पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शव को बरामद किया। पुलिस ने विवेचना के बाद कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की।जिस पर न्यायालय में करू उर्फ तारीफ सिंह पुत्र रिशिपाल सिंह, जोगेश पुत्र सुखपाल निवासीगण धिलौर थाना मूसाझाग औसन सिंह उर्फ छोटे पुत्र अजुदी यादव निवासी ग्राम हरेनगला थाना हजरतपुर, कमलेश पुत्र बांके निवासी ग्राम दियुचरी थाना हजरतपुर पर उमेश का अपहरण कर हत्या करने की आरोप में मुकदमा चलाया गया। न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध शास्त्र का अवलोकन किया। अधिवक्ता की दलीलों को सुनने के पश्चात सभी को दोषी पाते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई। इसके साथ जोगेश पर 19 हजार व बाकी दोषी 18-18 हजार रुपये जुर्माना अदा करने का हुक्म दिया।

# सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय




**बदायूं।** अनूपशहर क्षेत्र में दादरी से घर लौट रहे बाइक सवार युवक की अज्ञात वाहन से टक्कर हो गई। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया।

हालत बिगड़ने पर बदायूं मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया जहाँ उसकी मौत हो गई। पुलिस जांच में जुटी है। हादसा अनूपशहर क्षेत्र में उस समय हुआ जब बिल्सी कोतवाली क्षेत्र के रिसौली गांव निवासी रवि बाइक से दादरी से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान अनूपशहर के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही रवि सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने उसे तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। इसके बाद परिवार के लोग उसे बदायूं राजकीय मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे। इलाज के दौरान उसकी बुधवार रात मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# सटोरियों ने शिकायतकर्ता को घर में घुसकर धमकाया

जागरण मोर्चा कार्यालय


मेहराज चौधरी।


सगीर चौधरी।

> सट्टेबाजी का गिरोह संचालित होने की शिकायतें मिली हैं। इसके लिए टीमों को लगाया गया है, वह लगातार काम कर रही हैं। सट्टेबाजी से लेकर मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है। जल्द ही बड़ी कार्रवाई की जाएगी। — अंकिता शर्मा, एसएसपी

**बदायूं।** मुख्यमंत्री से आईपीएल मैचों में सट्टा खिलाने वाले जीजा-साले की शिकायत के बाद भी पुलिस कार्रवाई नहीं कर सकी, जिससे उनके हौसले और भी बुलंद हो गए। बृहस्पतिवार को आरोपियों ने गुंडे भेजकर शिकायत करने वाले गुडू को तमंचा दिखाकर जबरन वीडियो बनवा ली जिसमें खलवाया गया है कि उसने शिकायत नहीं कि है। जन से मारने की धमकी से डरकर शिकायत कर्ता ने जैसा कहा वैसा बोल दिया। इसके बाद उसने दुवारा मुख्यमंत्री से सटोरियों के सरदार जीजा साले के खिलाफ गैंग स्टर की कार्रवाई की मांग की है। शिकयत मिलते ही पुलिस हरकत में आ गई है। पुलिस ने आरोपियों की तलाश में दबिश देनी शुरू लड़ दी है।

आरोप है कि एक सत्ताधारी नेता के संरक्षण कि वजह से आरोपी अब तक कार्रवाई से बचते आए थे। जिले में नई कप्तान आने के बाद एक बार फिर शिकायतों का दौर शुरू हुआ, लेकिन कार्रवाई फिर भी नहीं हुई। मुख्यमंत्री से शिकायतें की गईं। मुख्यमंत्री पोर्टल पर जब एक के बाद एक शिकायतें की गईं तो पुलिस हरकत में आई। पिछले दो दिनों से शहर कोतवाली पुलिस जीजा-साले की जोड़ी की तलाश में लगातार दबिश दे रही है, लेकिन वह हाथ नहीं लगे। लेकिन मंगलवार को दबिश के दौरान जीजा का चचेरा भाई पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस उसे कोतवाली ले गई, जहां लंबी पूछताछ के बाद देर रात छोड़ा गया। शहर के मीरा सराय निवासी गुड्डू और कछला निवासी अमित कुमार ने मुख्यमंत्री पोर्टल, डीजीपी, आईजी, एडीजी, एसएसपी और डीएम से की गई शिकायतों में बताया है कि शहर के मोहल्ला घंटाघर के पास राजकीय डिग्री कॉलेज के सामने वाली गली निवासी मेहराज चौधरी अपने साले सगीर चौधरी के साथ मिलकर गैंग बनाकर आईपीएल के मैचों में सट्टा, स्मैक और जुए का बड़ा कारोबार करता है। यह अपने घर में जुए का अड्डा चलाता है। इसके गैंग में कुछ पुलिस के सिपाही भी शामिल हैं। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि मेहराज चौधरी शहर कोतवाली का हिस्ट्रीशीटर है और यह पूर्व में स्मैक बरामदगी में जेल जा चुका है। बताया कि जेल से छूटने के बाद मेहराज ने अपने साले के साथ मिलकर आपराधिक कृत्य करने लगा। बताया कि पुलिस को सूचना दी जाती तो इसके गिरोह में शामिल पुलिस के सिपाही इसकी मदद करते और पुलिस पहुंचने से पहले सूचना दे देते। जिसके चलते वह पकड़ा नहीं जाता। बताया कि इसका साला शहर के कुछ सत्ताधारी नेताओं के संपर्क में रहता और अपने फोटो भी पोस्टर बैनर में उनके साथ लगाता है। सत्ता पक्ष के नेताओं का संरक्षण मिलने के बाद वह पूर्व के पुलिस अधिकारियों के यहां भी आने जाने लगा और अक्सर उनके यहां बैठा नजर आता था। इसी कारण लोग परेशान होने के बाद इनकी शिकायत नहीं करते। मेहराज का सपा से भी कनेक्शन बताया।

वृहस्पतिवार को सटोरियों ने अपने गुर्गे भेजकर शिकायत कर्ता का धमकाया है जिसके बाद उसने फिर मुख्यमंत्री से शिकायत की है। बताया है कि मोहल्ले का ही बदमाश अपने साथियों के साथ उसके घर में घुस आया। द्र धमकाकर उसकी वीडियो बनाई गई। कं से मरने की धमकी दी गई है। इन शिकायतों के बाद एसएसपी अंकिता शर्मा ने शहर कोतवाली पुलिस को मामले की जांच और कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

# इग्नू के जनवरी 2026 प्रवेश सत्र की परिचय सभा राजकीय महाविद्यालय में हुई संपन्न

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय इग्नू के अध्ययन केंद्र, राजकीय महाविद्यालय आवास विकास में जनवरी 2026 प्रवेश सत्र के नवीन लर्नर्स के लिए ऑनलाइन परिचय सभा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि अलीगढ़ क्षेत्रीय केंद्र के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अजय वर्धन आचार्य ने सभा का मार्गदर्शन किया।

डॉ. आचार्य ने लर्नर्स को इग्नू की डिजिटल अध्ययन प्रक्रिया से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि लर्नर्स इग्नू की वेबसाइट पर स्टूडेंट सर्विसेज के डाउनलोड्स सेक्शन से अपने कोर्स के असाइनमेंट डाउनलोड कर एक तरफा रूल पेपर पर तैयार करें। असाइनमेंट दिसंबर 2026 या जून 2027 सत्रांत परीक्षा के पूर्व अध्ययन केंद्र में जमा करें। इसके अलावा, काउंसलिंग सेशंस के साथ इग्नू के यूट्यूब चैनल और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म्स से अध्ययन किया जा सकता है। कार्यक्रम की शुरुआत में अध्ययन केंद्र कोऑर्डिनेटर डॉ. संजीव राठौर ने सभी का स्वागत किया। उन्होंने पार्ट टाइम स्टाफ असिस्टेंट प्रमोद कुमार शर्मा और असिस्टेंट कोऑर्डिनेटर डॉ. राकेश कुमार जायसवाल से परिचय कराया हैं। डॉ. राठौर ने बताया कि अध्ययन केंद्र सोमवार से शनिवार सुबह 9:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक खुला रहता है। रविवार को 10:00 बजे से 4:00 बजे तक। शुक्रवार को आधिकारिक अवकाश रहता है, लेकिन महाविद्यालय स्टाफ लर्नर्स की समस्याओं का निस्तारण करता रहता है। सभी सेवाएं ऑफलाइन भी उपलब्ध हैं। असिस्टेंट प्रमोद कुमार शर्मा ने कहा कि लर्नर्स बिना हिचक इन सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं। सभा का संचालन सत्येंद्र कुमार कुशवाहा ने किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अजय वर्धन आचार्य सहित जनवरी 2026 सत्र के सभी नवीन लर्नर्स उपस्थित रहे।

# पी वी सिंधू और लक्ष्य सेन की धमाकेदार जीत, अंतिम-8 में पहुंचे भारतीय सितारे



**बैंकॉक।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी पी वी सिंधू और लक्ष्य सेन पांच लाख डॉलर ईनामी राशि के थाईलैंड ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और छठी वरीयता प्राप्त सिंधू ने 28 मिनट के भीतर डेनमार्क की अमेली शूल्ज को 21 . 13, 21 . 15 से हराया। सातवीं वरीयता प्राप्त सेन ने चीन के झू शुआन चेन को 21 . 12, 21 . 13 से मात दी।

सिंधू का सामना अब शीर्ष वरीयता प्राप्त तीसरी रैंकिंग वाली जापान की अकाने यामागुची से होगा । वहीं सेन चीनी ताइपै के ली चिया हाओ और दूसरी वरीयता प्राप्त थाईलैंड के कुंलावुत वितिदसर्न के बीच होने वाले मैच के विजेता से खेलेंगे। पुरूष युगल में सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी भी अंतिम आठ में पहुंच गए। उन्होंने मलेशिया के ब्रायन जेरेमी और मुहम्मद हाइकल को 21 . 12, 21 . 19 से मात दी । अब उनका सामना छठी वरीयता प्राप्त जापान के ताकुमी नोमूरा और युइची शिमोगामी से होगा । इस साल थाईलैंड मास्टर्स सुपर 300 खिताब जीतने वाली देविका सिहाग को थाईलैंड की पिचामोन ओपात्निपुत ने 23 . 21, 21 . 11 से मात दी।

# पंजाब को तीसरा झटका, प्रभसिमरन और श्रेयस बने शार्दुल का शिकार



धर्मशाला। आज आईपीएल 2026 का 58वां मुकाबला पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस के बीच धर्मशाला में खेला जा रहा है। इस मैच में जीत के साथ पंजाब प्लेऑफ के लिए स्थिति मजबूत करने के इरादे से उतरी है। मुंबई ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी है।

पंजाब को दूसरा झटका 12वें ओवर की दूसरी गेंद पर शार्दुल ठाकुर ने दिया। उन्होंने कॉर्बिन बॉश के हाथों प्रभसिमरन सिंह को कैच कराया। वह 32 गेंदों में 57 रन बनाकर आउट हुए। अब कूपर कोनोली का साथ देने कप्तान श्रेयस अय्यर आए हैं।

पंजाब के सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह ने 29 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा कर लिया। वह कोनोली के साथ 33 गेंदों में 50 रनों की साझेदारी निभा चुके हैं। 11 ओवर के बाद पंजाब का स्कोर एक विकेट पर 100 रन है।

पंजाब को पहला झटका पारी के छठे ओवर में दीपक चाहर ने दिया। उन्होंने प्रियांश आर्या को बोल्ड किया। वह 17 गेंदों में 22 रन बनाकर आउट हुए। पहले विकेट के लिए प्रियांश और प्रभसिमरन के बीच 50 रनों की साझेदारी हुई। अब बल्लेबाजी के लिए कूपर कोनोली आए हैं।

पंजाब की पारी शुरू हो चुकी है। प्रभसिमरन सिंह और प्रियांश आर्या क्रीज पर मौजूद हैं। मुंबई इंडियंस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी है। आज मुंबई की कमान जसप्रीत बुमराह संभाल रहे हैं। उन्होंने बताया कि हार्दिक पांड्या फिलहाल चोटिल हैं और सूर्यकुमार यादव निजी कारणों की वजह से यह मुकाबला नहीं खेलेंगे। मुंबई इस मैच में दो बदलावों के साथ उतरी है। सूर्या और अल्लाह गजनफर टीम प्लेइंग-11 में शामिल नहीं है। वहीं, पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर ने हरप्रीत बरार, जेवियर बार्टलेट और अजमतुल्लाह ओमरजई के प्लेइंग-11 में शामिल होने की जानकारी दी।

### दोनों की प्लेइंग-11

पंजाब किंग्स : प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर), प्रियांश आर्या, श्रेयस अय्यर (कप्तान), कूपर कोनोली, शशांक सिंह, सूर्यांश शेडगे, अजमतुल्लाह ओमरजई, मार्को यानसेन, जेवियर बार्टलेट, अर्शदीप सिंह, युजवेंद्र चहल।

इम्पैक्ट खिलाड़ी : विजयकुमार विशाक, हरप्रीत बरार, मिचेल ओवेन, विष्णु विनोद, प्रवीण दुबे।

मुंबई इंडियंस : रेयान रिकेलटन (विकेटकीपर), नमन धीर, शेरफेन रदरफोर्ड, तिलक वर्मा, विल जैक्स, राज बावा, कॉर्बिन बॉश, दीपक चाहर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, रघु शर्मा।

इम्पैक्ट खिलाड़ी : रोहित शर्मा, मयंक रावत, रॉबिन मिंज, कृष भगत, ट्रेंट बोल्ट।

# ऑल इंडिया पुलिस बैडमिंटन एवं टेबल टेनिस चैंपियनशिप, मिजोरम पुलिस बनी बैडमिंटन चैंपियन, टेबल टेनिस में यूपी पुलिस का दबदबा




**लखनऊ।** द्वितीय ऑल इंडिया पुलिस बैडमिंटन और टेबल टेनिस चैंपियनशिप में मिजोरम पुलिस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बैडमिंटन ओवरऑल चैंपियंस ट्रॉफी अपने नाम की। वहीं टेबल टेनिस प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश पुलिस के महिला और पुरुष खिलाड़ियों का दबदबा देखने को मिला। प्रतियोगिता का आयोजन 9 से 13 मई तक लखनऊ में उत्तर प्रदेश पुलिस की देखरेख में किया गया, जिसमें देशभर की 40 से अधिक पुलिस और केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की टीमों के करीब 1400 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

चैंपियनशिप में सीआरपीएफ दूसरे स्थान पर रही, जबकि सीआईएसएफ ने अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में सुधार करते हुए तीसरा स्थान हासिल किया। सीआईएसएफ ने कुल 13 पदक जीतकर नया रिकॉर्ड बनाया, जिसमें पांच स्वर्ण, दो रजत और छह कांस्य पदक शामिल रहे। समापन समारोह में मुख्य अतिथि पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, समर्पण और राष्ट्र निर्माण का मजबूत आधार हैं।अपर निदेशक एसआईबी विनीता शर्मा ने कहा कि खेल पुलिस बलों के लिए मानसिक और शारीरिक मजबूती का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। टेबल टेनिस पुरुष एकल में असम पुलिस के बारडी बोरा ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि उत्तर प्रदेश पुलिस के सुभ्रत राज वर्मा को रजत पदक मिला। बैडमिंटन पुरुष एकल में सीआरपीएफ के भरत राघव ने स्वर्ण और यूपी पुलिस के राजन यादव ने रजत पदक अपने नाम किया। महिला बैडमिंटन एकल में सीआईएसएफ की आशी रावत ने स्वर्ण पदक जीता। टेबल टेनिस पुरुष और महिला चैंपियंस ट्रॉफी दोनों में उत्तर प्रदेश पुलिस ने पहला स्थान हासिल कर प्रतियोगिता में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज की।

समापन समारोह में पुलिस महानिदेशक साइबर क्राइम बिनोद कुमार सिंह, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक मध्यप्रदेश आशुतोष राय, सचिव खेल एवं युवा कल्याण सुहास एलवाई, उत्तर प्रदेश पुलिस स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड के सचिव डॉ. प्रीतिंदर सिंह, डीआईजी किरीट राठौड़ और आईजी अतुल शर्मा सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### ये रहे विजेता

**टेबल टेनिस पुरुष एकल : बारडी बोरा (असम पुलिस)** – स्वर्ण, सुभ्रत राज वर्मा (उत्तर प्रदेश पुलिस) – रजत

**अश्विन (हरियाणा पुलिस) एवं राहुल चौधरी (उत्तर प्रदेश पुलिस)** – कांस्य

**टेबल टेनिस मिश्रित युगल : अभिषेक सिंह एवं मीनाक्षी भट्ट (सीआरपीएफ)** – स्वर्ण, आर.के. बिक्रमजीत सिंह एवं एस असाना (मणिपुर पुलिस) – रजत, सौरभ एवं कात्यायनी शर्मा (आईटीबीपी) – कांस्य

**बैडमिंटन महिला एकल : आशी रावत (सीआईएसएफ)** – स्वर्ण, प्रसिता पी. (सीआईएसएफ) – रजत, सिमरन चौधरी (उत्तर प्रदेश पुलिस) – कांस्य

**बैडमिंटन पुरुष एकल : भरत राघव (सीआरपीएफ)** – स्वर्ण, राजन यादव (उत्तर प्रदेश पुलिस) – रजत, जुनैद अंसारी (उत्तर प्रदेश पुलिस) – कांस्य

**टेबल टेनिस पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी : प्रथम–उत्तर प्रदेश पुलिस,** द्वितीय– मणिपुर पुलिस

**टेबल टेनिस महिला चैंपियंस ट्रॉफी : प्रथम–उत्तर प्रदेश पुलिस,** द्वितीय मणिपुर पुलिस

**बैडमिंटन ओवरऑल चैंपियंस ट्रॉफी :** प्रथम– मिजोरम पुलिस, द्वितीय – सीआरपीएफ

# श्रीलंका में त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए सूर्यवंशी भारत 'ए' टीम में, तिलक करेंगे कप्तानी



**नई दिल्ली।** युवा बल्लेबाजी सनसनी वैभव सूर्यवंशी को नौ जून से श्रीलंका में शुरू हो रही 50 ओवर की त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए बृहस्पतिवार को भारत 'ए' टीम में शामिल किया गया। भारत और मेजबान श्रीलंका के अलावा टूर्नामेंट की एक अन्य टीम अफगानिस्तान 'ए' है। मैच दाम्बुला में खेले जाएंगे। भारत 'ए' गॉल में दो बहु दिवसीय (चार दिन के) 'टेस्ट' मैच भी खेलेगी लेकिन उसके लिए टीम की घोषणा बाद में की जाएगी।

माना जा रहा है कि सूर्यवंशी को टीम में इसलिए शामिल किया गया है क्योंकि चयनकर्ता उन्हें भारत 'ए' टीम के साथ परखना चाहते हैं। चयनकर्ता 26 जून से शुरू होने वाले ब्रिटेन (आयरलैंड और इंग्लैंड) दौरे के लिए सीनियर टीम में चुने जाने से पहले उन्हें आजमाना चाहते हैं। यह तीन देशों की श्रृंखला 21 जून को समाप्त होगी। भारत की 15 सदस्यीय टीम की औसत उम्र लगभग 23 साल है।

केवल तेज गेंदबाज अरशद खान, युद्धवीर सिंह और यश ठाकुर ही ऐसे खिलाड़ी हैं जिनकी उम्र 25 साल से अधिक है। टीम में कोई भी खिलाड़ी 30 साल से अधिक का नहीं है और सभी ने विजय हजारे ट्रॉफी (राष्ट्रीय एकदिवसीय चैंपियनशिप) में अच्छा प्रदर्शन किया है। इसके अलावा वे सभी आईपीएल में अनुबंधित भी हैं।

तिलक (मुंबई इंडियन्स) और उप कप्तान रियान पराग (राजस्थान रॉयल्स) के अलावा सूर्यवंशी (राजस्थान रॉयल्स), प्रियांश आर्य, प्रभसिमरन सिंह, सूर्यांश शेडगे (सभी पंजाब किंग्स), हर्ष दुबे (सानराइजर्स हैदराबाद), निशांत सिंधू, अरशद खान (दोनों गुजरात टाइटंस), और आयुष बडोनी (लखनऊ सुपर जाइंट्स) भी मौजूदा आईपीएल सत्र के दौरान अपनी-अपनी टीम के नियमित खिलाड़ी रहे हैं।

टीम में शामिल अंशुल कंबोज (टेस्ट), रियान पराग और तिलक वर्मा (टी20 अंतरराष्ट्रीय और एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय) पहले ही सीनियर टीम के लिए खेल चुके हैं। वहीं आयुष बडोनी को इस साल की शुरुआत में भारतीय टीम में चुना गया था लेकिन उन्हें कोई मैच खेलने का मौका नहीं मिला था।

# बढ़त के साथ बंद हुआ बाजार; सेंसेक्स 790 अंक चढ़ा, निफ्टी 23600 के पार



**नई दिल्ली।** हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन यानी गुरुवार को शेयर बाजार हरे निशान पर बंद हुआ। बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में एक प्रतिशत से ज्यादा की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 789.74 अंक या 1.06 प्रतिशत बढ़कर 75,398.72 पर बंद हुआ। सूचकांक की शुरुआत तेजी से हुई, लेकिन सुबह के कारोबार के अंत तक यह नकारात्मक दायरे में फिसल गया। हालांकि, दूरसंचार और बैंकिंग शेयरों में मूल्य सूचक की खरीदारी ने नुकसान को कम करने में मदद की और बाद में यह 1,000 से अधिक अंक बढ़कर 75,681.88 के उच्च स्तर पर पहुंच गया। लगातार दूसरे दिन बढ़त जारी रखते हुए, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 277 अंक या 1.18 प्रतिशत चढ़कर 23,689.60 पर बंद हुआ।

# आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ विजेताओं का एलान, महिलाओं में वोल्वार्ड्ट और पुरुषों में नाहिद राणा बने विजेता



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अप्रैल 2026 के लिए प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कारों की घोषणा कर दी है। पुरुष वर्ग में बांग्लादेश के युवा तेज गेंदबाज नाहिद राणा, जबकि महिला वर्ग में दक्षिण अफ्रीका की कप्तान एल. वोल्वार्ड्ट को यह सम्मान मिला है।

बांग्लादेश के तेज गेंदबाज नाहिद राणा ने अपने करियर में पहली बार आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ का खिताब जीता है। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू वनडे सीरीज में शानदार गेंदबाजी करते हुए टीम की 2-1 से सीरीज जीत में अहम भूमिका निभाई। राणा ने सीरीज में 4.46 की शानदार इकॉनमी रेट से कुल आठ विकेट लिए और प्लेयर ऑफ द सीरीज चुने गए। दूसरे वनडे मुकाबले में उन्होंने 32 रन देकर पांच विकेट झटके और बांग्लादेश को 55 रन से जीत दिलाई। इस पुरस्कार की दौड़ में राणा ने ओमान के कप्तान जतिंदर सिंह और यूएई के तेज गेंदबाज अजय कुमार को पीछे छोड़ा।

अवॉर्ड जीतने के बाद राणा ने कहा, 'न्यूजीलैंड जैसी विश्व स्तरीय टीम के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करने के बाद आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ चुना जाना बेहद खास एहसास है। घरेलू मैदान पर ऐसा प्रदर्शन इस सीरीज को और यादगार बनाता है। मैं अपने साथियों का आभारी हूं जिन्होंने पूरे टूर्नामेंट में मुझ पर भरोसा जताया।'

महिला वर्ग में दक्षिण अफ्रीका की कप्तान एल. वोल्वार्ड्ट ने लगातार शानदार बल्लेबाजी के दम पर यह सम्मान अपने नाम किया। यह तीसरी बार है जब वोल्वार्ड्ट को आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड मिला है। इससे पहले भी वह अक्टूबर और दिसंबर 2025 में यह खिताब जीत चुकी हैं। वोल्वार्ड्ट ने न्यूजीलैंड और भारत के खिलाफ वनडे और टी20 सीरीज में लगातार दमदार प्रदर्शन किया। न्यूजीलैंड के खिलाफ आखिरी दो वनडे मैचों में उन्होंने लगातार दो अर्धशतक (69-69 रन) लगाए। इसके बाद भारत के खिलाफ घरेलू सीरीज में उन्होंने एक शतक और तीन अर्धशतक जड़े।

दक्षिण अफ्रीका ने यह सीरीज 4-1 से अपने नाम की। वोल्वार्ड्ट ने इस पुरस्कार की दौड़ में श्रीलंका की बल्लेबाज इमेशा दुलानी और ब्राजील की ऑलराउंडर एल. कार्दोसो को पछाड़ा। अवॉर्ड मिलने के बाद वोल्वार्ड्ट ने कहा, 'इतने कम समय में तीसरी बार आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड जीतना बेहद खास है। मैं उम्मीद करती हूं कि इसी आत्मविश्वास और निरंतरता के साथ आगे भी प्रदर्शन करती रहूं।

# सीएसके ने दक्षिण अफ्रीका के इस ऑलराउंडर को टीम में किया शामिल



**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने गुरुवार को इंग्लैंड के जेमी ओवरटन की जगह दक्षिण अफ्रीकी ऑलराउंडर डियान फोरेस्टर को टीम में शामिल किया। ओवरटन दाहिनी जांघ में चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के बाकी मैच से बाहर हो गए हैं।

आईपीएल ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि फोरेस्टर 75 लाख रुपये में सीएसके से जुड़ेंगे। फोरेस्टर ने इस साल मार्च में न्यूजीलैंड के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका में पदार्पण किया था और पांच अंतरराष्ट्रीय मैचों में 83 रन बनाए हैं। बुधवार को सीएसके ने घोषणा की थी कि ओवरटन अपनी चोट की गंभीरता का पता लगाने के लिए ब्रिटेन लौटेंगे। ओवरटन ने पांच बार की विजेता टीम के लिए आईपीएल अभियान में अहम भूमिका निभाई है, उन्होंने 10 मैचों में 14 विकेट लिए हैं और 136 रन बनाए हैं।

सीएसके ने महाराष्ट्र के चोटिल ऑलराउंडर रामकृष्ण घोष की जगह कर्नाटक के ऑलराउंडर मैकनील नोरोन्हा को भी टीम में लिया था। चेन्नई की यह फ्रेंचाइजी अपने पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के बिना खेल रही है, जबकि शीर्ष क्रम के बल्लेबाज आयुष म्हात्रे और तेज गेंदबाज खलील अहमद भी सत्र के बीच में चोटों के कारण बाहर हो गए। ओवरटन की गैरमौजूदगी से चेन्नई सुपर किंग्स की चोटों की समस्या और बढ़ गई है। इस सीजन की शुरुआत से ही यह टीम खिलाड़ियों की चोट से जूझ रही है।









# भारत में थोक महंगाई ने तोड़ा 3.5 साल का रिकॉर्ड: पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतों ने बिगाड़ा बजट




**दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट के कारण थोक बाजार में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस (एलपीजी) की कीमतों में भारी उछाल के परिणामस्वरूप अप्रैल में थोक मूल्य आधारित मुद्रास्फीति की दर साढ़े तीन साल के उच्चतम स्तर 8.3 प्रतिशत पर पहुंच गयी। अक्टूबर 2022 (8.39 प्रतिशत) के बाद पहली बार थोक महंगाई आठ फीसदी के पार दर्ज की गयी है। इससे पहले मार्च 2026 में थोक महंगाई दर 3.88 प्रतिशत रही थी।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के गुरुवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल 2025 की तुलना में इस साल अप्रैल में पेट्रोल की थोक कीमत 32.40 प्रतिशत बढ़ गयी। डीजल की महंगाई दर 25.19 प्रतिशत और रसोई गैस (एलपीजी) की 10.92 प्रतिशत पर रही। कच्चे तेल एवं प्राकृतिक गैस की थोक महंगाई दर 67.18 प्रतिशत दर्ज की गयी। इस वर्ग में कच्चा तेल 88 फीसदी महंगा हुआ। तिलहनों के दाम भी 22.24 प्रतिशत और खनिजों के 12.15 प्रतिशत बढ़े।

जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/ 4 भानमती चौराहा मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजीमार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से प्रकाशित । सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0- 7579849555,9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI.No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा ।